

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनपद गोरखपुर में विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करते, उद्यमियों को भूखंडों का आवंटन पत्र वितरण करते हुए।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्ष: 17 अंक: 250 पृष्ठ: 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


## फास्ट न्यूज

### देश में केरल समेत नौ राज्यों में निपाह वायरस का खतरा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

केरल में पिछले 24 घंटों में निपाह से संक्रमित कोई मामला सामने नहीं आया है। इससे संक्रमित नौ साल के बच्चा वेंटिलेटर से बाहर आ गया है। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज के मुताबिक बच्चे की सेहत में अब सुधार हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस निपाह वायरस का खतरा केरल समेत देश के नौ राज्यों में है। इस पर आईसीएमआर और डब्ल्यूएचओ द्वारा किए अध्ययन में यह बात सामने आई है। यह निपाह संक्रमण चमगादड़ों से होता है। उन्होंने बताया कि केरल में हमें जो वायरस मिला है, उसकी पहचान भारतीय जीनोटाइप या आई जीनोटाइप के रूप में की गई है, जो बांग्लादेश में पाए जाने वाले स्ट्रेन के जैसे है। निपाह वायरस के दो स्ट्रेन हैं, एक मलेशियाई और दूसरा बांग्लादेश से आया है। उन्होंने बताया कि राज्य में निपाह को लेकर स्थिति संतोषजनक है। निपाह संक्रमित मरीज के संपर्क में आने वाले लोगों की सूची तैयार की गई है। 1233 लोग अब संपर्क सूची में हैं। 23 लोगों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में 4 लोग हैं। उन्होंने बताया कि निपाह से निपटने के लिए अब तक 36 चमगादड़ों के नमूने एकत्र किए गए और परीक्षण के लिए भेजे गए। इसके साथ 34,167 घरों में हाउस विजिट पूरा हो चुका है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। उच्च जोखिम वाली संपर्क सूची में 352 लोग हैं। जिन स्थानों पर निपाह वायरस की पुष्टि हुई है, वहां स्वास्थ्य कर्मियों ने रोकथाम गतिविधियां तेज कर दी हैं।

# सत्र है 'विशेष', पीएम मोदी का 'संदेश'

= पुराने संसद भवन के बारे में बात करते हुए पीएम मोदी ने तमाम यादों को ताजा किया, संसद की आगे कार्यवाही 19 सितंबर (मंगलवार) से नई पार्लियामेंट बिल्डिंग में होगी

**यादों में पुराना संसद**

8 पीएम मोदी के संबोधन के साथ 75 सालों के संसद के सफर पर भी चर्चा की गई।

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्र** सरकार द्वारा बुलाए गए संसद के पांच दिवसीय विशेष सत्र का आगाज 18 सितंबर को पुराने संसद भवन में हुआ। इसमें पीएम मोदी के संबोधन के साथ 75 सालों के संसद के सफर पर भी चर्चा की गई। पुराने संसद भवन के बारे में बात करते हुए पीएम मोदी ने तमाम यादों को ताजा किया। बता दें कि संसद की आगे कार्यवाही 19 सितंबर (मंगलवार) से नई पार्लियामेंट बिल्डिंग में होगी।

पीएम मोदी ने की पुराने संसद भवन में आखिरी स्पीच

पुराने संसद भवन को विदाई देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 52 मिनट की आखिरी स्पीच दी। इस दौरान उन्होंने देश के पूर्व प्रधानमंत्रियों को याद किया। पीएम मोदी ने सभी प्रधानमंत्रियों का बखान करते पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, पी वी नरसिम्हा राव और अटल बिहारी वाजपेयी सहित अन्य नेताओं का जिक्र किया।



**भगत सिंह और बटुकेश्वर की बहादुरी को किया याद**

**अपने** 52 मिनट के भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त की बहादुरी को याद किया। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश साम्राज्य को नींद से जगाने के लिए भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने संसद में बम फेंके थे। उस बम की गूंज आज भी उन लोगों की रातों की नींद हराम कर देती है, जो इस देश का भला नहीं चाहते हैं।" मोदी ने कहा कि इसी संसद में पंडित नेहरू ने आधी रात को अपना "नियति से साक्षात्कार" भाषण दिया था और उनके शब्द आज भी सभी को प्रेरित करते हैं।

**पुरानी संसद की "उपलब्धियां, अनुभव, यादें और सीख" पर बोले पीएम:** इसके साथ ही लोकसभा में "संविधान सभा से शुरू हुई 75 साल की संसदीय यात्रा" पर चर्चा करते हुए पीएम ने लोकसभा को मनमोहन सिंह सरकार के दौरान 'वोट के बदले नकद' घोटाला भी याद दिलाया। साथ ही उन्होंने पुरानी संसद में "उपलब्धियां, अनुभव, यादें और सीख" विषय पर चर्चा करते हुए कई बातें रखी है।

**वाजपेयी सरकार के पलों को किया याद:** पीएम मोदी ने वाजपेयी सरकार के पलों को याद करते हुए कहा कि जब वाजपेयी के समय में उत्तराखंड, झारखंड और छत्तीसगढ़ के तीन नए राज्य बनाए गए थे तो हर जगह जश्न का मौहाल था, लेकिन साथ ही इस बात पर उन्होंने अफसोस भी जताया कि आंध्र प्रदेश से अलग होकर तेलंगाना बनाए जाने से दोनों राज्यों में केवल कड़वाहट और खून-खराबा हुआ।

**पुरानी संसद को विदाई देते वक्त भावुक हुए पीएम मोदी:** पुरानी संसद को विदाई देते वक्त पीएम मोदी भावुक हो गए। उन्होंने अपनी स्पीच के दौरान कहा, "इस इमारत को विदाई देना बहुत भावुक क्षण है। जैसे ही हम इस इमारत को छोड़ेंगे, हमारा मन कई भावनाओं और यादों से भर जाएगा।"



केंद्र सरकार द्वारा बुलाए गए संसद के पांच दिवसीय विशेष सत्र का आगाज 18 सितंबर को होने से पूर्व पीएम मोदी मीडिया से मुखातिब होते हुए।

### जी-20 के सफल आयोजन से भारत का दुनिया में बढ़ा कद : धनखड़

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राज्यसभा** के सभापति जगदीप धनखड़ ने जी-20 के सफल आयोजन के लिए देशवासियों को बधाई देते हुए आज कहा कि इससे भारत का विश्व में सम्मान बढ़ा है। इस शिखर सम्मेलन के परिणाम परिवर्तनकारी हैं और आने वाले दशकों में वैश्विक व्यवस्था को नया आकार देने में योगदान देंगे। धनखड़ ने सोमवार को संसद के विशेष सत्र के दौरान राज्यसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान नई दिल्ली के राजघाट पर विश्व नेताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। यह एक अद्भुत दृश्य था।

### '5 राज्यों में विधानसभा चुनाव के बाद हो सीट शेयरिंग'

**टीम एक्शन इंडिया/हैदराबाद**

**इंडिया** गठबंधन के सहयोगियों के साथ सीट शेयरिंग पर चर्चा इस साल होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के बाद की जाए। हैदराबाद में 16-17 सितंबर को हुई कांग्रेस वर्किंग कमेटी की मीटिंग में कांग्रेस के कुछ नेताओं ने पार्टी हाईकमान से इसकी मांग की है। यह मांग करने वाले ज्यादातर नेता उन राज्यों से हैं, जहां कांग्रेस का सीधा मुकाबला इंडिया गठबंधन की दूसरी पार्टियों से है। इन नेताओं को भरोसा है कि पार्टी 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों में अच्छा परफॉर्म करेगी, जिससे वे



सीट शेयरिंग के दौरान मजबूत स्थिति में रहेंगे। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में इस साल के आखिरी में चुनाव होने हैं। हालांकि चुनाव आयोग ने अब तक तारीखों की घोषणा नहीं की है, लेकिन संभावना है कि अगले महीने के पहले हफ्ते में इसका ऐलान हो जाए।




# अब पूरी दिल्ली को चमकाने की बारी...

सीएम के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी का ग्राउंड जीरो पर निरीक्षण जारी, जी-20 के तर्ज पर पीडब्ल्यूडी की सभी सड़कों को शानदार स्वरूप देगी केजरीवाल सरकार, पीडब्ल्यूडी मंत्री ने अधिकारियों के साथ शंकर रोड व पूसा रोड का किया निरीक्षण

**सौंदर्यीकरण**

8 मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी का ग्राउंड जीरो पर निरीक्षण किया



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**केजरीवाल** सरकार जी-20 के तर्ज पर अब पूरी दिल्ली को खूबसूरत बनाने की तैयारी कर रही है। इस दिशा में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी का ग्राउंड जीरो पर निरीक्षण जारी है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों से वादा किया है कि जी-20 के तर्ज पर अब पूरी दिल्ली को खुबसूरत बनाने का काम किया जायेगा इस दिशा में सोमवार को पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने मध्य दिल्ली में शंकर रोड व पूसा रोड का विभाग के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया व उन्हें सड़कों को रिडिजाइन कर स्वच्छ,सुंदर और यूजर फ्रेंडली बनाने के निर्देश दिए। इस मौके पर पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने कहा कि, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों से वादा किया है कि जैसे जी-20 के दौरान दिल्ली के कुछ हिस्सों को शानदार रूप दिया गया ठीक उसी तरह अब पूरी दिल्ली में पीडब्ल्यूडी की सड़कों को शानदार बनाया जायेगा। हम पूरी दिल्ली को खूबसूरत बनायेंगे और हर दिल्लीवासी इसपर गर्व करेगा।

**पीडब्ल्यूडी मंत्री का अधिकारियों को निर्देश**

8 सड़कों की ब्लैक टॉपिंग की जाए
8 जरुरत के अनुसार सड़कों को रिडिजाइन किया जाये
8 स्टैंडर्ड पैमाने पर रोड मार्किंग की जाए
8 फूटपाथ को ठीक किया जाये और जरुरत के अनुसार रिपेयर किया जाए
8 हॉर्टिकल्चर का खास ख्याल रखा जाए
8 सेन्ट्रल वर्ज को और खुबसूरत बनाया जाये
8 डिजाइन व जगह के अनुसार स्ट्रीट फर्नीचर लगाया जाए
8 समय-समय पर पेड़ों की छंटाई की जाये
8 ड्रेनेज सिस्टम बेहतर बनाया जाए
8 जहां जरुरत कर्व स्टोन को बदला जाए और उन्हें पेंट किया जाए
8 रेलिंग पेंट किया जाये
8 नियमित रूप से मकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनों द्वारा सड़कों की साफ-सफाई हो
8 सड़कों पर लाइट्स का बेहतर प्रबंध किया जाए
8 साइन बोर्ड लगाये जाये

उन्होंने कहा कि इस बाबत हम इन सड़कों का निरीक्षण कर ये समीक्षा कर रहे है कि कैसे यहां की सड़कों को बेहतर बनाया जा सकता है, फूटपाथ को नया स्वरुप दिया जा सकता है, हॉर्टिकल्चर के साथ कैसे पूरे स्ट्रेच को खुबसूरत बनाया जा सकता है साथ ही जरुरत के अनुसार सड़कों को रिडिजाइन भी किया जाए। इस मौके पर पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सड़कों को बेहतर बनाने के क्रम में सभी बारीकियों का ध्यान रखा जाए और इसकी खुबसूरती को बढ़ाने के लिए हर जरुरी कदम उठाया जाये साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि सड़कों पर हार्टिकल्चर का खास ख़्याल रखा जाए और जरूरत के अनुसार यहाँ मौजूद पेड़ों की छँटाई भी की जाए।

## सिंधिया ने सफदरजंग हवाईअड्डे पर उड़ान भवन का किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय नाग**रिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को सफदरजंग हवाईअड्डे पर उड़ान भवन के साथ भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण द्वारा खरीदे गए दो नए विमानों और भारत कोष नाम से एक अग्रिम जमा ई वालेट भुगतान प्रणाली का भी अनावरण किया। इस मौके पर सिंधिया ने कहा कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय की ई-वालेट प्रणाली तेज, त्वरित, अधिक सुरक्षित भुगतान प्रणाली को सक्षम करेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय हवाईअड्डा प्राधिकरण द्वारा दो विमान खरीदा गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर एक हवाई अड्डे पर हमारे आईएलएस सिस्टम उसी तरीके से काम कर रहे हैं।



दिल्ली प्रदेश बीजेपी प्रतिनिधमंडल ने एलजी से मुलाकात कर दिल्ली का कृषि दर्जा बहाल करने, गांवों का हाउस टैक्स माफ करने एवं जमीनों से जुड़ी धाराओं में परिवर्तन की मांग की।

## दिल्ली की सड़कों पर लगेंगे अब एआई कैमरे

**तकनीक**

8 एआई कैमरों से 24 घंटे नजर रखी जाएगी। ये कैमरे सड़क हादसे की सूचना देने के साथ हादसों का कारण भी पता कर लेंगे



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली में ट्रैफिक व्यवस्था की निगरानी के लिए इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम (आईटीएस) तैयार होगा। इसके तहत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कैमरों से 24 घंटे नजर रखी जाएगी। ये कैमरे सड़क हादसे की सूचना देने के साथ हादसों का कारण भी पता कर लेंगे। इतना ही नहीं ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों को ई-चालान भेजा जाएगा। इससे ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने में मदद मिलेगी। इसक साथ ही सड़क हादसा होने पर अपराध का पता लगाने में भी पुलिस को मदद मिलेगी। पुलिस सूत्रों के अनुसार अभी दिल्ली की सड़कों पर लगे सीसीटीवी कैमरों से ओवर स्पीडिंग का चलना होता है। कुछ ही स्थान पर ऐसे कैमरे लगे हैं, जो हेलमेट न पहनने वालों की पहचान करते हैं और नंबर प्लेट के आधार पर पुलिस उनका ई-चालान करती है। दिल्ली सरकार का परिवहन विभाग इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम पायलट प्रोजेक्ट के रूप में दिल्ली में शुरू करने की तैयारी कर रहा है। अभी तक देश में केंद्र सरकार की ओर से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर डासना के पास पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम पर काम किया जा रहा है। विश्व के विकसित देशों में शामिल अमेरिका, इटली, ऑस्ट्रेलिया, रूस, फ्रांस, कनाडा, जर्मनी, जापान और ब्रिटेन आदि देश में इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम की व्यवस्था है। दिल्ली परिवहन विभाग इस योजना में ट्रैफिक पुलिस, पीडब्ल्यूडी व स्वास्थ्य विभाग को भी शामिल करेगा। इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम के तहत एक लेन में दो कैमरे लगाए जाएंगे। एक कैमरा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन पर नजर रखेगा जबकि दूसरा कैमरा नंबर प्लेट को पढ़कर चालान करेगा।

इसके तहत यदि कोई बिना सीट बेल्ट बिना हेलमेट या मोबाइल पर बात करते हुए या अन्य तरीके से ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करता है तो कैमरा उसकी पहचान कर लेगा। इससे ट्रैफिक व्यवस्था में काफी सुधार आएगा।

## लूट का विरोध करने पर युवती को बदमाशों ने मारा चाकू

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी** जिले के सुल्तानपुरी इलाके में काम पर से घर लौट रही एक युवती से बदमाशों ने फोन छीन लिया। विरोध करने पर बदमाशों ने युवती के हाथ में चाकू मार दिया और उसे काफी दूर तक घसीटा। इससे युवती को गंभीर चोट आई। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवती को तुरंत नजदीक के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया। घायल युवती की पहचान अलका पटेल (26) के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस केस दर्ज कर आरोपितों की तलाश कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार युवती गुरुग्राम में एक प्राइवेट कंपनी में काम करती है। देर रात वह गुरुग्राम से से सुल्तानपुरी अपने घर लौट रही थी। युवती रिक्शा में बैठकर बस स्टैंड पर पहुंची। तभी दो लड़के आए और युवती के साथ लूट पाट करने की करने की कोशिश की। विरोध करने पर बदमाशों ने युवती के हाथ में चाकू मार दिया। इधर, घायल होने के बाद भी पीड़िता ने एक बदमाश को दबोच लिया। आरोप है कि आरोपितों ने पीड़िता को काफी दूर तक घसीटा, जिससे उसके सिर में भी चोट आई। परिवार के मुताबिक युवती की हालत ठीक ना होने के कारण उसे सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया है। फिलहाल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर आरोपितों की पहचान करने में जुटी हुई है।

## 117 करोड़ से होगा एमसीडी के अस्पतालों में सुधार

117 करोड़ की राशि का एमसीडी के अस्पतालों और डिस्पेंसरियों में सुधार किया जाएगा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली नगर निगम की महापौर डा. शैली ओबेराय ने कहा कि निगम के खस्ताहाल और संसाधनों से जूझ रहे अस्पतालों को सुधारने का एलान किया है। महापौर ने कहा कि दिल्ली सरकार ने 54 करोड़ रुपये कैपिटल और 63 करोड़ रुपये राजस्व मद में मिले हैं। कुल मिलाकर 117 करोड़ की राशि का एमसीडी के अस्पतालों और डिस्पेंसरियों में सुधार किया जाएगा, जिससे अस्पतालों की मरम्मत होगी। साथ ही जरुरत के हिसाब से चिकित्सकीय उपकरण भी खरीदें जाएंगे। एमसीडी मुख्यालय में प्रेसवार्ता करते हुए डॉ. शैली ओबेराय ने कहा कि 15 साल में भाजपा के शासन अस्पतालों और डिस्पेंसरियों का बुरा हाल हो गया। इसकी वजह से नागरिकों को काफी




समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने निगम को जो 117 करोड़ रुपये दिए हैं। उससे 1600 करीब प्रोजेक्ट पर कार्य होना है। इसमें 80 प्रतिशत फंड इन प्रोजेक्ट के लिए बुक भी हो चुका है।

**इन अस्पताल में होगी मरम्मत कार्य :** महापौर ने बताया कि इस फंड से निगम के सबसे बड़े हिंदूराव अस्पताल में छोटे-बड़े मरम्मत के कार्य होंगे। साथ ही शौचालय ब्लॉक का भी सुधार किया जाएगा। साथ ही होस्टल को भी ठीक किया जाएगा। ऐसी प्लांट, लिफ्ट और अग्निशमन के यंत्रों का ठीक किया जाएगा। इसके साथ ही स्वामी दयानंद अस्पताल बहुत सारे कार्य किए जाएंगे। जर्जर दीवारों को ठीक किया जाएगा। राजनबाबू टीबी अस्पताल में भी मरम्मत के कार्य किए जाएंगे। मादीपुर में निगम का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर भी कार्य चल रहा है जो कि नंवबर 2023 तक पूरा हो जाएगा। इसके साथ ही इन्हीं अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड, एक्सरे और अन्य जांचों के लिए भी चिकित्सकीय उपकरण खरीदें जाएंगे।

**सुधार पर जोर**

8 डा. शैली ओबेराय ने कहा कि निगम के खस्ताहाल और संसाधनों से जूझ रहे अस्पतालों को सुधारने का एलान किया

## पति-पत्नी द्वारा यौन संबंध बनाने से इनकार करना क्रूरता...




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** हाईकोर्ट ने एक याचिका पर अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि जानबूझकर यौन संबंध बनाने से इनकार करना क्रूरता है। हाईकोर्ट ने तलाक को बरकरार रखते हुए यह फैसला सुनाया है। इस मामले में दोनों का रिश्ता बमुश्किल 35 दिनों तक ही चल पाया था और संबंध न बन पाने के कारण टूट शादी टूट गई।

**पत्नी की अपील को कोर्ट ने किया खारिज:** जस्टिस सुरेश कुमार कैत की अध्यक्षता वाली पीठ ने तलाक देने के फैमिली कोर्ट के आदेश के खिलाफ पत्नी की अपील को खारिज करते हुए कहा कि हाईकोर्ट ने एक मामले में फैसला सुनाया कि यौन संबंध के बिना शादी एक अभिशाप है और यौन संबंध में निराशा से अधिक घातक शादी के लिए कुछ भी नहीं है।

**दहेज के लिए परेशान करने के सबूत नहीं:** तलाक से जुड़े मामले में कोर्ट ने कहा कि पत्नी के विरोध के कारण शादी ज्यादा दिनों तक नहीं टिक सकी। पत्नी ने पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई थी कि उसे दहेज के लिए उसे परेशान किया गया, था, जिसके बारे में कोई ठोस सबूत नहीं थी। कोर्ट ने कहा कि इसे क्रूरता भी कहा जा सकता है। एक मामले में हाईकोर्ट ने पाया कि पति-पत्नी द्वारा जानबूझकर यौन संबंध बनाने से इनकार करना क्रूरता है, खासकर जब दोनों नवविवाहित हों। ऐसे में यह स्वयं तलाक देने का आधार है। पीठ ने 11 सितंबर को अपने आदेश में न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा को भी शामिल किया।

**केवल 35 दिनों तक टिक सका रिश्ता:** कोर्ट ने महिला द्वारा वैवाहिक जीवन में घर पर बिताई गई अवधि का जिक्र करते हुए कहा कि वर्तमान मामले में दोनों पक्षों के बीच शादी बमुश्किल 35 दिनों तक चली, बल्कि वैवाहिक अधिकारों से वंचित होने और विवाह संपन्न न होने के कारण पूरी तरह से विफल हो गया।

**टिप्पणी**

8 इस मामले में दोनों का रिश्ता बमुश्किल 35 दिनों तक ही चल पाया था और संबंध न बन पाने के कारण टूट शादी टूट गई

## दिल्ली दंगों की जांच स्टेटस रिपोर्ट आज पेश होगा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के कड़कड़डूमा कोर्ट ने 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों से जुड़ी बड़ी साजिश के मामले में सोमवार को उमर खालिद समेत दूसरे आरोपितों के खिलाफ दर्ज मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को निर्देश दिया कि वो इस मामले की जांच की स्टेटस रिपोर्ट कल यानी 19 सितंबर तक दाखिल करें। मामले की अगली सुनवाई 19 सितंबर को होगी। मीरान हैदर की ओर से पेश वकील ने मामले की जांच की पर सवाल उठाते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस इस मामले की जांच साढ़े तीन साल से कर रही है। ये जांच पूरी हुई कि नहीं और अगर पूरी



नहीं हुई तो कब तक पूरी होगी। आरोपित आज के दिन में विचाराधीन आरोपित न होकर जांच के अधीन हैं। पहले से जो तथ्य हैं, उसी के आधार पर पूरक चार्जशीट दाखिल की जा रही है। ऐसे में पुलिस बताए कि जांच का स्टेटस क्या है। इसके पहले 14 अगस्त को आरोपित मीरान हैदर और सफूरा जरगर की तरफ से कहा गया था कि वो जानना चाहते हैं कि क्या मामले में उनके खिलाफ पुलिस जांच पूरी हो चुकी है या नहीं। पुलिस को यह बताना चाहिए कि जांच पूरी हुई या नहीं और जांच पूरी नहीं हुई है, तो कब तक पूरी हो जाएगी।

**सुनवाई**

8 साजिश के मामले में सोमवार को उमर खालिद समेत दूसरे आरोपितों के खिलाफ दर्ज मामले की सुनवाई की

## बदमाशों की पिस्टल के सामने डटकर खड़ी रही महिला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पूर्वी दिल्ली के** भजनपुरा थाना क्षेत्र के विजय पार्क में दो बदमाशों की दबंगई का मामला सामने आया है। इस दौरान एक महिला की बहादूरी भी देखने को मिली है। दरअसल, हुआ यूं कि गली से गुजर रहे मोटरसाइकिल पर सवार दो बदमाशों ने सड़क पर खड़ी कार में टक्कर मार दी। इसके बाद कार मालिक अभिषेक कश्यप अपनी मां के साथ घर से बाहर आए और बदमाशों का विरोध किया। इस बात पर बदमाशों को गुस्सा आ गया और उन्होंने युवक पर पिस्टल तान दी। पिस्टल देखकर युवक घर के अंदर चला गया, लेकिन उसकी मां ने बदमाशों का डटकर सामना किया। इस बीच, बदमाशों ने घर के अंदर घुसकर युवक को गोली मारने की कोशिश की, लेकिन महिला ने उन्हें घर में घुसने नहीं दिया।

**दबंगई**

8 बदमाशों ने घर के अंदर घुसकर युवक को गोली मारने की कोशिश की, लेकिन महिला ने उन्हें घर में घुसने नहीं दिया

## कैफे मालिक ने सर्विस ब्वॉय को चाकू घोंपकर घायल किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**साउथ कैं**पस थाना क्षेत्र के सत्य निकेतन स्थित मित्रो कैफे में कैफे मालिक ने काम करने वाले सर्विस ब्वॉय को चाकू घोंपकर घायल कर दिया। पीड़ित सर्विस ब्वॉय और उसके एक साथी के बीच ग्राहकों को लेकर हुए विवाद में आरोपित ने पीड़ित सर्विस ब्वॉय की पिटाई करने के बाद उसकी दायीं जांघ पर चाकू घोंप दिया। पीड़ित की पहचान मुख्य सागरपुर के आशीष के रूप में हुई है और उसकी हालत स्थिर है। वहीं, आरोपित कैफे मालिक की पहचान कुनाल के रूप में हुई है।



**पुलिस को ऐसी मिली सूचना:** पुलिस उपायुक्त मनोज सी ने बताया कि साउथ कैंपस थाना इलाके में दुर्गा बाई देशमुख मेट्रो स्टेशन के पास सत्य निकेतन इलाके में एक शख्स को चाकू घोंपने की पीसीआर कॉल मिली।

मौके पर पहुंची पुलिस को कॉलर संदीप ने बताया कि एक राहगीर ने उनका मोबाइल फोन लेकर 112 पर कॉल किया था। स्थानीय लोगों से पूछताछ में पता चला कि सत्य निकेतन स्थित एक कैफे में दो लड़कों के बीच झगड़ा व मारपीट हुई थी।

## अभाविप ने डूसू चुनाव के लिए जारी किया छात्राओं के लिए 'वूमैनिफेस्टो'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने सोमवार को दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव के लिए घोषणा पत्र (मेनिफेस्टो) जारी किया। साथ ही छात्राओं के लिए विशेष घोषणा पत्र "वूमैनिफेस्टो" जारी किया है। तनाव मुक्त डीयू बनाने को "माइंडफुलनेस सेंटर" की स्थापना, ट्रांसजेंडर समुदाय हेतु छात्रवृत्ति, "कॉरपोरेट कनेक्ट सेंटर" से बेहतर रोजगार के अवसर एवं छात्र समुदायों के "समग्र एवं सर्वांगीण विकास" के चिंतन को घोषणा पत्र में समाहित किया गया है। महिला सुरक्षा, सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन की स्थापना एवं महिला संबंधित मुद्दों पर विशेष बल देते हुए अभाविप ने छात्राओं के लिए अलग घोषणा पत्र (वू-मेनिफेस्टो) जारी किया है। घोषणा पत्र में विश्वविद्यालय के "इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट","मानसिक तनाव मुक्त परिसर"



एवं "एक पाठ्यक्रम-एक शुल्क" के साथ पढ़ाई के साथ कमाई संबंधित विषयों को भी शामिल किया गया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के घोषणा पत्र को छात्र-छात्राओं द्वारा प्राप्त व्यापक सुझावों एवं वृहद विश्लेषण के पश्चात बनाया गया है, जिसमें छोटे-छोटे बिंदुओं पर ध्यान दिया गया है। छात्रों के लिए विशेष बस सेवा, मेट्रो में रियायती पास, अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग व आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों हेतु छात्रवृत्ति में वृद्धि, सप्लीमेंट्री परीक्षाओं की मांग, नए महिला छात्रावासों का निर्माण एवं कॉलेज परिसरों में अनिवार्यत: महिला छात्रावास की व्यवस्था, शैक्षिक तथा प्रशासनिक आवश्यकताओं हेतु एकल डैशबोर्ड, परिसर में 24 घंटे मुफ्त वाई-फाई सुविधा, स्वास्थ्य संबंधी इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण, स्त्री रोग संबंधी विशेषज्ञों का 24 घंटे स्वास्थ्य केंद्रों पर नियोजन, उन्नत पुस्तकालय एवं ई-रिसोर्स के साथ सुलभ वाचनालय, खिलाड़ी छात्रों हेतु खेल-संबंधी व्यवस्थाओं का सुदृढ़ीकरण के साथ पोषण विशेषज्ञ एवं संतुलित आहार, दिव्यांग छात्रों के लिए सुलभ बुनियादी ढांचा एवं सहायक प्राद्योगिकी की उपलब्धता, रोजगार के अवसरों के लिए "अर्निंग विथ लर्निंग", समस्याओं के निवारण हेतु "आंतरिक शिकायत समिति" का गठन एवं बेहतर एक्सपोजर के लिए "कॉरपोरेट कनेक्ट सेंटर" की स्थापना, परिसरों में जर्जर अवस्था में पड़ी सेनेटरी नेपकिन वेंडिंग मशीन की मरम्मत एवं नई मशीनों की व्यवस्था, डीयू में ईस्ट (पूर्वी) और वेस्ट (पश्चिमी) कैंपस की स्थापना, ट्रांसजेंडर विद्यार्थियों हेतु नई छात्रवृत्ति का नियोजन एवं नियमित छात्रवृत्ति में वृद्धि तथा "मानसिक तनावमुक्त परिसर" के निर्माण हेतु विशिष्ट परामर्शदाता (काउंसलर) की उपलब्धता एवं मनोवैज्ञानिक समस्याओं के लिए "माइंडफुलनेस सेंटर" की स्थापना की मांग को प्रमुखता से घोषणा पत्र में सम्मिलित किया गया है। "छात्र समुदाय द्वारा, छात्र समुदाय के लिए" जारी किया गया।

**घोषणापत्र**

8 छात्र समुदायों के "समग्र एवं सर्वांगीण विकास" के चिंतन को घोषणा पत्र में समाहित किया गया है

# हरितालिका तीज कार्यक्रम में मेयर ने की शिरकत



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** स्थित मानव चौक सेवा सुरक्षा सहयोग समिति (रजि.) नेपाली संस्था ने नेपाली नारिहरुको महान पर्व हरितालिका तिजको कार्यक्रम मून पैलस में धूमधाम से आयोजित किया। जिसमें एसएचओ जितेंद्र सिंह व शक्ति रानी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंच संचालन संस्था के कोषाध्यक्ष दीपक वोहरा द्वारा किया गया। एसएचओ जितेंद्र सिंह एवं चौकी नम्बर 5 के इंचार्ज अमर जीत सिंह ने संस्था के सभी सदस्यों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। मंच पर उपस्थित मेयर शक्तिरानी शर्मा व पार्षद वार्ड नम्बर 17 रानो देवी सहित अम्बाला शहर के सभी समाजसेवी लोगों को हरितालिका तीज के पर्व पर नेपाली संस्था की ओर से उपहार देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में हजारों की संख्या में नेपाली समुदाय के लोगों को एक साथ देखकर मेयर शक्तिरानी शर्मा ने कहा कि आज हरितालिका तीज का पर्व हम सबके लिए बहुत खुशी का दिन हैं पिछले 3 वर्षों से आपकी नेपाली संस्था सामाजिक कार्य के साथ साथ अंबाला शहर में श्री पशुपतिनाथ मंदिर व धर्मशाला जल्द बनाने जा रही हैं जिसके लिए मैं संस्था के सभी सदस्यों व मुख्य अधिकारियों की सराहना करती हूँ ।आपकी संस्था की जो सोच भवन निर्माण व शव वाहन को लेकर चल रही हैं जिसमें गरीब कन्याओं के विवाह के लिए निशुल्क सुविधा दी जाएगी यह सपना जल्द पूरा होगा । हरितालिका तीज के पर्व पर सभी गोरखा समुदाय को संबोधित करते हुए अम्बाला पार्षद वार्ड नंबर 17 रानो देवी ने कहा कि पिछले वर्ष की तरह इस बार भी नेपाली संस्था ने जो हरितालिका तीज का कार्यक्रम रखा इस भव्यकार्यक्रम को देखकर
मुझे बहुत खुशी हुई जिसके लिए मैं संस्था के सभी सदस्यों की मेहनत को सलाम करती हूँ । और हमेशा मैं सभी नेपाली परिवार के दुःख सुख में उनके साथ खड़ी हूं नेपाल में हरितालिका तीज खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक माना जाता हैं । वैबलपुर गाँव से समाजसेवी जगतार सिंह ने कहा कि इतनी सभा में यहां सभी नेपाली समुदाय ने मिलकर जो तीज का भव्यकार्यक्रम आयोजित किया हैं इस कार्यक्रम के लिए मैं संस्था की पूरी टीम को हरितालिका तीज की बधाई देता हूं । नेपाली संस्था की प्रदेश प्रवक्ता सीता रानी ने कहा कि हरितालिका तीज शक्ति-शिव के मिलन का प्रतीक हैं इस कार्यक्रम में संस्था की सभी महिलाएं सामुहिक रूप से गीत ,संगीत और नृत्य कर अपनी कला और संस्कृति का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाता हैं।

**सम्मानित**

**8 अम्बाला शहर के सभी समाजसेवी लोगों को हरितालिका तीज के पर्व पर नेपाली संस्था की ओर से उपहार देकर सम्मानित किया गया**

# विश्व के कोने-कोने तक पहुंचेगा गीता महोत्सव का संदेशः हरप्रीत



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**नगराधीश हरप्रीत कौर ने कहा कि डिजिटल प्लेटफार्म का प्रयोग करके अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का संदेश विश्व के कोने-कोने तक पहुंचाया जाएगा। इसके लिए प्रशासन और केडीबी की तरफ से जहां एजेंसी को नियुक्त किया जाएगा, वहीं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय जनसंचार निदेशालय का सहयोग भी लिया जाएगा। इस महोत्सव के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उदेश्य से डिजिटल प्लेटफॉर्म का प्रयोग किया जाएगा।

नगराधीश हरप्रीत कौर सोमवार को लघु सचिवालय सीटीएम कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित कर रही थी।

इससे पहले नगराधीश ने कमेटी के सदस्यों से डिजिटल प्लेटफॉर्म (सोशल साइट्स) के माध्यम से महोत्सव के कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने के बारे में फीडबैक ली और इस प्लेटफार्म का ओर बेहतर तरीके से प्रयोग करने तथा पिछले वर्ष की खामियों को दुरुस्त करने के बारे में विस्तार से चर्चा भी की है। नगराधीश ने कहा कि कुरुक्षेत्र में उपायुक्त शांतनु शर्मा के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 का सफल आयोजन किया जाना है। इस वर्ष 7 दिसंबर से लेकर 24 दिसंबर तक महोत्सव के कार्यक्रम होंगे। इनमें मुख्य कार्यक्रम 17 दिसंबर से लेकर 24 दिसंबर तक होंगे।

उन्होंने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव की गतिविधियों का एक-एक क्षण देश-विदेश के कोने-कोने तक पहुंचाने का प्रयास करना है ताकि पूरा देश और विश्व अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के साथ जुड़ सके। इसके अलावा हरियाणा प्रदेश के सभी 22 जिलों को भी डिजिटल प्लेटफार्म के साथ जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में जिला स्तर पर स्कूली विद्यार्थियों के बीच विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इन प्रतियोगिताओं का आयोजन करने बारे केडीबी की तरफ से शिक्षा विभाग के निदेशालय को एक पत्र भेजा जाएगा और निदेशालय के माध्यम से पूरे प्रदेश के स्कूलों में प्रतियोगिताओं का आयोजन करने बारे पूरी रूपरेखा भेजी जाएगी। नगराधीश ने कहा कि जिला स्तर के अलावा ब्रह्मसरोवर पर महोत्सव के मुख्य कार्यक्रमों के दौरान 3 दिन के लिए विभिन्न स्कूलों में प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा।

**संदेश**

**8 प्रशासन और केडीबी की तरफ से नियुक्त किया जाएगा, वहीं विवि जनसंचार निदेशालय का सहयोग भी लिया जाएगा**

# 12वीं तक का स्कूल न होने से बच्चे हो रहे परेशान

**मामला उठाया**

**8 गांव खेड़ीदबदलान में शुरू से ही बच्चों के पढ़ाई के लिए केवल आठवीं कक्षा तक का सरकारी स्कूल है**



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक)** लाडवा के गांव खेड़ीदबदलान में सोमवार को मुस्लिम समुदाय की महिलाओं व ग्रामीणों ने लाडवा हल्के के नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग के समक्ष गांव के बच्चों के भविष्य को लेकर 12वीं तक का स्कूल बनवाने व फैमिली आईडी ठीक करने जैसी मुख्य समस्याएं रखी ग्रामीण प्रेम चंद नम्बरदार, जितेन्द्र प्रसाद, सलीम खान, रोशन लाल अली, नोसिन, नूर जहां, हुरी, जिंदी, पुरतोषम, शेर सिंह, राहुल आदि ने कहा कि गांव खेड़ीदबदलान में शुरू से ही बच्चों के पढ़ाई के लिए केवल आठवीं कक्षा तक का सरकारी स्कूल है। गांव के जो आठवीं से ऊप्पर कक्षा के बच्चे हैं उन्हें शिक्षा ग्रहण करने के लिए लगभग दो किलोमीटर गांव मेहरा के सरकारी स्कूल में जाना पड़ता है। इतना ही नहीं गांव के कुछ लोग ऐसे हैं जो अपनी बेटियों व बच्चों को दूसरे गांव आदि में नहीं भेजते, वह बच्चे शिक्षा से ही वंचित रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांव के अधिकतर लोगों के न तो आयुष्मान कार्ड बने हैं और जो राशन कार्ड आदि थे वह भी अब फैमिली आईडी आदि के कारण कट गए हैं। जिसके कारण ग्रामीण भारी परेशान है। वहीं हल्के के नेता संदीप गर्ग ने कहा कि अभी वह सरकार में नहीं है, जो यह स्कूल का मुद्दा है वह सरकार में रहकर ऐसा कार्य करवा सकते हैं, इसके बारे में वह अधिकारियों से बातचीत करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों को शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए और गांव में ही बारहवीं तक का सरकारी स्कूल का होना अति आवश्यकता है ताकि बच्चे पढ़ सकें। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के राशन कार्ड कट गए है उन्हें दोबारा बनवाया जाएगा और फैमिली आईडी में जो भी दिक्कतें है उसे भी उनकी ओर से एक कैम्प लगाकर दूर करकर आयुष्मान कार्ड भी बनवाए जाएंगे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में दो युवतियां गायब

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**

**महेन्द्रगढ़** । शहर के दो मोहल्लों से दो लड़कियां संदिग्ध परिस्थितियों में घर से कहीं चली गईं। परिजनों द्वारा काफी तलाशे जाने के बाद भी जब कहीं पता नहीं चला तो पुलिस को शिकायत दी। शिकायत पर पुलिस ने लड़कियों की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। महेंद्रगढ़ शहर के एक मोहल्ला निवासी महिला ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि उसके एक लड़की और 2 लड़के हैं। सबसे बड़ी बेटी की उम्र 22 वर्ष है। वह ट अ फाइनल कर रही है। 16 सितंबर की सुबह लगभग 10:00 बजे वह कॉलेज में पढ़ने के लिए गई थी, जो अभी तक घर वापस नहीं पहुंची। उसने अपने लेवल पर लड़की की हर जगह व रिश्तेदारी में तलाश की, लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चला। 13 सितंबर को स्कूल गई थी छात्रा दूसरी ओर एक व्यक्ति ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि उसके दो लड़की व दो लड़के हैं। सभी अविवाहित हैं। उसकी लड़की बीए फाइनल में पढ़ती है, जिसकी उम्र 20 वर्ष है। 13 सितंबर को उसकी लड़की सुबह 9:00 बजे कॉलेज में गई थी, उसके बाद वह घर नहीं पहुंची। उसने अपनी लड़की को हर जगह तलाश किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। उसे शक है कि उसकी लड़की को राजू नाम का लड़का बहला-फुलाकर कहीं ले गया।

# '112 इंडीया एप' से महिलाओं को मिलेगी तुरंत सहायता- एसपी रंधावा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**पुलिस** अधीक्षक अम्बाला ने सभी महिलाओ से अपील करते हुए कहा कि महिलाओ की सुरक्षा के लिए सरकार की तरफ से 112 इंडीया एप जारी किया गया है । इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए सभी घर से बाहर कामकाजी महिलाए, छात्राऐ व अन्य क्षेत्रो मे कार्यरत महिलाए अपने- अपने मोबाइल फोन मे 112 इंडीया एप डाउनलोड कर अपना रेजिस्ट्रेशन करें। इस एप मे इआरएसएस नामक एक फिचर दिया गया है। इसकी मदद से इमरजेंसी की स्तिथि मे एप पर रजिस्ट्रर्ड महिलाओ के पास एलर्ट चला जाएगा। इसके अलावा अपने स्मार्ट फोन की पावर बटन को जल्दी-जल्दी तीन बार प्रैस करके इमरजेंसी रिसपॉन्स सैन्टर से क्नैक्ट हो सकते है । आप 112 इंडीया एप की मदद से किसी भी स्थान से अलर्ट के जरिए मुसीबत के समय तुरन्त सहायता प्राप्त कर सकते है । 112 एप से कई प्रकार की इमरजेंसी सुविधाए उपलब्ध करवाई जाती है । जैसे पुलिस सहायता, फायर ब्रिगेड, हैल्थ आदि इस एप के जरिए कम समय मे मुसीबत पडने पर सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है । पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने महिलाओ की सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा कि अम्बाला पुलिस महिलाओ की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहती है । उन्होने ये भी कहा कि सभी महिलाए बिना किसी डर भय के किसी भी स्थान पर आ जा सकती है 112 एप आपके लिए सुरक्षा कवच का कार्य करता है।



# सिरोही बहाली टोल प्लाजा पर टोल कर्मियों और किसान नेताओं के बीच हाथापाई

**टीम एक्शन इंडिया/नारनौल**

रविवार रात करीब 10 :15 बजे नांगल चौधरी स्थित सिरोही बहाली टोल प्लाजा पर किसान संघर्ष समिति के नेताओं व टोल कर्मियों के बीच आपस में विवाद हो गया। बताया जा रहा है किसान संघर्ष समिति के लोग टोल नहीं दिए जाने की बात कर रहे थे कि टोल पर तैनात करीब 20 से 30 कर्मियों ने आकर उन पर लाठी डंडों से हमला बोल दिया। इस बारे में किसान संघर्ष समिति के नेताओं ने पुलिस में भी शिकायत की है। वही इस घटना के बाद किसान नेताओं ने वहां पर धरना देकर टोल फ्री करवा दिया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने 20 से 30 टोल कर्मियों पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस में दी गई शिकायत में किसान संघर्ष समिति के देवेंद्र बल्हारा ने बताया कि जनता सरकार मोर्चा व किसान संघर्ष समिति के करीब आठ पदाधिकारी जयपुर से करनाल जा रहे थे। नेशनल हाईवे नंबर 148 बी पर स्थित सिरोही बहाली टोल प्लाजा पर जब वे पहुंचे तो उन्होंने बताया कि वे जनता सरकार मोर्चा के सदस्य हैं और किसान संघर्ष समिति के पदाधिकारी भी उनके साथ हैं। इस पर टोल पर तैनात करीब 30 लोग लाठी डंडों लेकर उन पर टूट पड़े। उनकी गाड़ी तोड़ दी। एक भी व्यक्ति गाड़ी से बाहर नहीं निकला तो उन्होंने लोहे की रॉड गाड़ी पर मारी। इस पर टोल मैनेजर को फोन किया तो उसने उक्त युवाओं का आदेश दिया कि सबको सीधा कर दो। उन्होंने बताया कि उनके साथ सुनील शर्मा, उदय नारायण, करणपाल, वीर सिंह, रविंद्र भारतीय व अभिषेक पूनिया भी थे। वही टोल पर हुई इस घटना की जानकारी मिलते ही नांगल चौधरी पुलिस मौके पर पहुंची।

# केंद्रीय विद्यालय ग्रुप केंद्र केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में हिंदी पखवाड़ा का आयोजन

**प्रतियोगिता**

**8 पखवाड़े के अंतर्गत हिंदी सुलेख प्रतियोगिता,वर्तनी सुधार परीक्षा का आयोजन करवाया जाएगा**



**टीम एक्शन इंडिया/राई** ग्रुप केंद्र केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल खेवड़ा में स्थित केंद्रीय विद्यालय में 14 सितंबर से 27 सितंबर तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन के तहत अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय हिंदी दिवस के उत्सव के साथ हुई। हिन्दी कविता वाचन,नारा लेखन,हिन्दी राजभाषा प्रश्नोत्तरी, हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता (ऑनलाइन)का आयोजन विद्यालय में करवाया जा चुका है। जिसमें विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षक एवं अभिभावकों ने विशेष रूप से भाग लिया। हिंदी पखवाड़ा प्रभारी हरजीत शर्मा ने बताया कि पखवाड़े के अंतर्गत हिंदी सुलेख प्रतियोगिता,वर्तनी सुधार परीक्षा का आयोजन करवाया जाएगा। हिंदी पखवाड़े का समापन समारोह 27 सितंबर को करवाया जाएगा। राष्ट्रभाषा हिंदी को प्रचारित एवं प्रसारित करने के लिए विद्यालय की सभी कामकाज हिंदी में किये जा रहे है। 18 सितंबर को विद्यालय के पुस्तकालय अध्यक्ष दीपक के प्रयास स्वरूप राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, शिक्षा मंत्रालय,भारत सरकार की पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन करवाया गया।

# श्रवण ने किया कुमासपुर नंदीशाला का निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया/राई** हरियाणा गौ सेवा आयोग के चेयरमैन श्रवण गर्ग ने गांव कुमासपुर स्थित नंदीशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने नंदीशाला पशुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं व सुविधाओं का बारिकी से निरीक्षण किया और नंदीशाला के कर्मचारियों से इस बारे विस्तार से जानकारी ली। चेयरमैन ने नंदीशाला में पशुओं के चारे के लिए की गई व्यस्था का जायजा लेते हुए कहा कि नंदीशाला को चारे की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने नंदीशाला से संबंधित कर्मचारियों कहा कि नंदीशाला में किसी भी सुविधा की आवश्यकता हो, उस बारे उन्हें अवगत करवाया जाए ताकि उसे जल्द से जल्द उपलब्ध करवाया जा सके। इस दौरान उन्होंने नंदीशाला के सभी स्टॉक रजिस्ट्रर भी चैक किए। चेयरमैन गर्ग ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नंदीशाला में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि कोई भी पशु बीमार न हो। उन्होंने कहा कि अगर कोई नंदी बीमार हो जाती है तो इसकी सूचना वो तुरंत पशु डॉक्टर को दे ताकि समय पर उसका सही ईलाज हो सके। इस मौके पर गौ सेवा आयोग सदस्य राकेश मलिक, कुलबीर खरब, राकेश वालिया, संदीप, मुकेश बसौदी, अनिल वैध, तुषार, नगर निगम एसआई सुंदर मलिक भी मौजूद रहे।

**व्यवस्था जांची**

**8 व्यवस्थाओं व सुविधाओं का बारिकी से जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश**

# मल्लखम्भ में गुरुकुल के चार खिलाड़ियों का नेशनल हेतु चयन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)**
गुरुकुल कुरुक्षेत्र के चार खिलाड़ियों का चयन नेशनल मल्लखम्भ चैम्पियनशिप के लिए हुआ है जिससे गुरुकुल परिवार में खुशी की लहर है। गुरुकुल के संरक्षक आचार्यश्री देवव्रत ने सभी चयनित खिलाडियों सहित गुरुकुल परिवार को इस उपलब्धि पर बधाई दी है। वहीं गुरुकुल के प्रधान राजकुमार गर्ग, निदेशक ब्रिगेडियर प्रवीण कुमार, प्राचार्य सुबे प्रताप एवं व्यवस्थापक रामनिवास आर्य ने भी कोच अनिल आर्य सहित सभी खिलाडियों को शुभकामनाएं दी। कोच अनिल कुमार ने बताया कि मल्लखम्भ फेडरेशन आफ इंडिया द्वारा 14-15 सितम्बर को फरीदाबाद में हरियाणा स्टेट मल्लखम्भ स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप 2023 का आयोजन किया गया जिसमें गुरुकुल कुरुक्षेत्र के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 गोल्ड सहित कुछ 14 पदक गुरुकुल के नाम किये। गुरुकुल के छात्र गौरव आर्य ने अलग-अलग कैटेगरी में 3 गोल्ड, हार्दिक ने एक गोल्ड और एक सिल्वर, रूषित ने एक गोल्ड मेडल हासिल किया। इसी के साथ आनन्द ने सिल्वर और हशरत ने ब्रांज मेडल हासिल किया।



**बधाई दी**

**8 गुरुकुल के संरक्षक आचार्यश्री देवव्रत ने सभी चयनित खिलाडियों सहित गुरुकुल परिवार को इस उपलब्धि पर बधाई दी है**

# अशोक अरोड़ा के नेतृत्व में युवाओं ने थामा कांग्रेस का दामन



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक अरोड़ा ने कहा है कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार में विकास कार्यों पर रोक लगी है। जनता इस सरकार से दुखी हो चुकी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री घमंड से भरे बैठे हैं। उन्हे जनता की समस्याओं से कोई सरोकार नही है। आने वाले विस चुनाव में प्रदेश की जनता गठबंधन सरकार को सबक सीखाने का काम करेगी। अब हरियाणा में भारी बहुमत से भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनेगी। वे सोमवार को अपने निवास स्थान पर गांव प्रतापगढ के दर्जनों को युवाओं को कांग्रेस में ज्वाइन करवाने के पश्चात बातचीत कर रहे थे। इस दौरान अन्य पार्टियों को छोडकर राजेश सैनी, प्रिंस सैनी, राहुल सैनी, रामदास सैनी व अनुराग सैनी के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं ने कांग्रेस को ज्वाईन किया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया पीएम का जन्मदिन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
अम्बाला गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के निर्देशानुसार देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष पर निकलसन रोड स्थित भाजपा कार्यालय में अम्बाला छावनी के भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने लड्डुओं से मुंह मीठा कर ढोल नगाड़ों की ताल पर धूमधाम से जश्न मनाया। इस अवसर पर सदर मंडल प्रधान राजीव गुप्ता डिम्पल ने कहा कि पूरा देश आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को एक उत्सव के रूप में मना रहा है उन्हीने कहा उसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी अम्बाला छावनी के कार्यकर्ताओं ने 17 सितम्बर को एक उत्सव की तरह लोगों का मुंह मीठा कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्म उत्सव मनाया साथ ही उन्होंने कहा कि हम सभी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दीर्घायु व उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हैं। महेशनगर मंडल प्रधान विजेंदर चौहान ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मना रही है जिसमें वह 17 सितम्बर को नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से शुरू कर 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी के जन्मदिन तक सेवा को परमो धर्म के रूप में मनाएंगे उन्होंने बताया कि 17 से 24 सितम्बर के बीच आयुष्मान भव सप्ताह मनाया जाएगा जिसमें अम्बाला छावनी में रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे साथ ही देश भर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे आयुष्मान योजना के अंतर्गत गरीबों को ज्यादा से ज्यादा आयुष्मान कार्ड वितरित किए जाएंगे मंडल प्रधान डिम्पल ने बताया कि 2 अक्टूबर को सार्वजनिक स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलाया जाएगा। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत पौधारोपण का कार्यक्रम भी निश्चित किया गया है। इस अवसर पर विधानसभा बीएलए-1 बलकेश वत्स, श्याम सुंदर अरोड़ा, बीएस बिन्द्रा, संजीव सोनी, अनिल कौशल, कमल किशोर जैन, आशीष अग्रवाल, साहिल अग्रवाल, पुनीत सरपाल, दीपक भसीन, राजू प्रिंस, अनूप चोपड़ा, विजय धीमान, आजाद सिंह, प्रेम राणा, इकबाल ढांडा, शक्ति सिंह, सुरेंद्र कौर, सुनीता अरोड़ा, आरती सहगल, सुभाष शर्मा, अनिल बहल, प्रेम राणा आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**सेवा परमो धर्म**

**8 हम सभी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दीर्घायु व उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हैं**

## न्यूज फ्लैश

### शहीद मेजर के परिजनों से मिलने पहुंचे शिक्षा मंत्री कंवरपाल

**पानीपतः हरियाणा के** शिक्षा, वन और पर्यटन मंत्री कांवरपाल सोमवार को देश के लिए प्राण न्योछावर करने वाले पानीपत के लाल शहीद मेजर आशीष के पानीपत के टीडीआई स्थित आवास पर पहुंचे और परिजनों से मिलकर दुख सांझा किया। शिक्षा मंत्री ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। शिक्षा मंत्री कंवरपाल सोमवार को जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करने पहुंचे थे। बैठक से पूर्व कंवरपाल सीधे शहीद मेजर के घर पहुंचे और परिजनों का दुख सांझा किया। उन्होंने परिजनों को कहा कि मेजर आशीष ने मां भारती की रक्षा के लिए अपने प्राणों को आहुति दी है। दुख की इस घड़ी में हम परिवार एक साथ हैं। उन्होंने कहा कि मेजर आशीष का बलिदान हमेशा याद रखा जायेगा। इस अवसर पर उनके साथ पानीपत ग्रामीण के विधायक महिपाल ढांडा भी मौजूद रहे।

### टोल प्लाजा के करिंदों ने किसान नेता से की मारपीट, 12 गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल।** सिरोही बहाली टोल प्लाजा पर बीती रात लगभग 10 बजे किसान नेता देवेंद्र बल्हारा तथा उनके साथियों के साथ टोल के करिंदों ने बदसलूकी करने के साथ ही मारपीट भी की । मामले की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और किसान नेता का मेडिकल कराया गया। किसान नेता की शिकायत पर टोल कर्मियों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था। बीती रात किसान नेता देवेंद्र बल्हारा अपनी गाड़ी से नारनौल की तरफ जा रहे थे कि टोल प्लाजा सिरोही बहाली पर टोल देने के मामले को लेकर उनकी कहासुनी टोल कर्मियों से हो गई । बताया जाता है कि किसान नेताओं ने टोल नाके पर आते ही टोल देने से इंकार कर दिया और कहा कि उनका किसी भी टोल प्लाजा पर टोल नहीं लगता । वहां कंप्यूटर पर बैठे कर्मी ने उनसे कहा कि ऐसा कोई नियम नहीं है तो किसान नेताओं का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया और देखते ही देखते मामला गर्म हो गया। अंत में टोल मैनेजर ने किसान नेताओं से पहचान पत्र दिखाने को कहा, लेकिन किसी ने भी अपना कोई पहचान से जुड़ा साक्ष्य नहीं दिखाया। बस इसी बात को लेकर दोनों तरफ से तू तू मैं मैं शुरू हो गई ओर मामला मारपीट तक पहुंच गया।जब किसान नेताओं ने जोर जोर से बोलना और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया तो टोल पर तैनात कर्मियों ने किसान नेता पर धावा बोल दिया और उन्हें और उनके साथियों को बुरी तरह मारा पीटा। किसान नेता देवेंद्र बल्हारा तथा उनके साथियों ने तत्काल मामले की जानकारी नांगल चौधरी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने देवेंद्र बल्हारा समेत उनके साथियों का मेडिकल कराया तथा बयानों के आधार पर टोल कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। सुबह जब घटना की जानकारी आस पड़ोस के गांवों को लगी तो सैकड़ों की संख्या में लोग टोल पर इक्कठे हो गए और टोल कर्मियों की गुंडागर्दी के खिलाफ नारेबाजी करते दोषियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। जैसे ही पुलिस को हालातों की जानकारी मिली तो तत्काल भारी संख्या में पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया और लोगों को समझने के प्रयास शुरू किए गए , लेकिन लोगों की मांग थी कि जब तक दोषियों को नहीं पकड़ा जाएगा तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा । अंत में पुलिस के अथक प्रयासों से दोनों पक्षों को बैठाकर बातचीत का दौर शुरू किया गया और 12 टोल कर्मियों को पुलिस गिरफ्त में लेने के बाद किसी तरह मामला शांत हुआ । बतादें कि सिरोही बहाली टोल प्लाजा पर आए दिन इस प्रकार की घटनाओं का होना आम बात हो चुकी है । लोगों का कहना है कि पुलिस और टोल कर्मियों की मिलीभगत के चलते पीड़ितों की रपट भी दर्ज नहीं की जाती तथा इस प्रकार टोल कर्मियों के हौसले ओर अधिक बुलंद हो गए हैं।

ग्रामीणों की माने तो यहां टोल प्लाजा पर रात्रि को अनेकों बार पुलिस का वाहन भी विश्राम के लिए खड़ा देखा गया है। जो टोल कर्मियों की आवभगत ओर नजराना ले सुबह भोर को वापिस चला जाता है । इन परिस्थितियों में टोल कर्मियों की गुंडागर्दी को बढ़ावा तो मिलता ही है वहीं रात के समय यहां से गुजरने वाले वाहनों में बैठी सवारियों का सफर भी सुरक्षित नहीं समझा जाता। लोगों की मांग है कि इस टोल पर अचानक छापेमारी की जाए तो अनेकों मामलों से पर्दा उठ सकता है।

# विधायक निर्मल चौधरी को 16 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा

## विधायक ने कर्मचारी संघ के नेताओं को दिया उनकी मांग सरकार तक पहुंचाने का आश्वाशन

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। सर्व कर्मचारी संघ** हरियाणा की राज्य कमेटी के आहवान पर गन्नौर विधायक निर्मल चौधरी को सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा का 16 सुत्रीय मांग पत्र सौंपा गया। विधायक ने उनकी मांगो को सरकार तक पहुंचाने का आश्वाशन दिया। इसके अलावा प्रदर्शन में आशा वर्कर यूनियन के कर्मचारी भी शामिल होकर अपनी मांगों को लेकर चल रहे आंदोलन के बारे में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि



आशा वर्करों को मानदेय बहुत कम दिया जा रहा है। जिससे परिवार को गुजारा बड़ा मुश्किल से होता है। बच्चों के जन्म से लेकर टीकाकरण व गर्भवती महिलाओं का पूरा ध्यान रखकर अपनी जिम्मेदारी निभाती है। प्रदर्शन कार्यक्रम का नेतृत्व सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान देशराज नैन, जिला सचिव सुनील दत्त, वरिष्ठ उपप्रधान बिजेंद्र कादयान, जिला कैशियर राजीव खत्री, नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा जिला प्रधान राजा ,सोनीपत ब्लाक के प्रधान आनन्द हुड्डा,नरेश, गन्नौर ब्लाक के प्रधान नफीश अली संदीप कुमार, आशा वर्कर यूनियन की प्रधान मीना, सुनीता अनीताआदि मौजूद रही। ज्ञापन में सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने चेताया कि अगर सरकार समय रहते सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के 16 सुत्रीय मांग पत्र को लेकर कोई फैसला कर्मचारियों के हक में नहीं लिया तो संघ को भी बड़े आंदोलनों का फैसला लेना पड़ सकता है। वह मौजुदा सरकार के लिए बहुत ही घातक सिद्ध होगा।

### श्रीकृष्ण, राधा रानी के भजनों पर झूमे श्रद्धालू, वातावरण को बनाया भक्तिमय



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। पंजाबी** स्वाभिमान संघ गन्नौर द्वारा जी टी रोड एक गार्डन में देर शाम भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें बजरंग सेवा मंडल ने भजन गायन व श्री कृष्ण संकीर्तन मंडल गन्नौर द्वारा भगवान श्रीकृष्ण व राधे का दरबार सजाया। भजन संध्या में श्री कृष्ण भगवान, राधा रानी के भजनों पर गायकों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। संध्या में मंच संचालन दीपक बजाज ने किया। कीर्तन मंडल का पहुंचने पर संघ के प्रधान दीपक बजाज, अध्यक्ष डा. भूपेन्द्र कूकरेजा, उपप्रधान डा. रमेश लंझारा, संजीव डाबरा ने स्वागत किया। कार्यक्रम में संयुक्त रूप से पंजाबी गौरव संघ सोनीपत, पंजाबी सभा गन्नौर, सनातन धर्म सभा राकसेड़ा आदि संस्था ने संध्या में भाग लिया। प्रौजेक्ट चेयरमैन जीत मुटरेजा, रिंकू राय आदि ने संघ का परिचय कराया। इस मौके पर मास्टर डीसी खन्ना, नंद छाबड़ा, डा. प्रीतम, डा. पी सी मेहता, डा. सौरभ मेहता, सुभाष अरोड़ा, नारायण दास खन्ना, उमेश भूटानी, अशोक कोहली, अशोक वधवा, तरूण गांधी, सोहनलाल आदि मौजूद थे।

### शहीदों को श्रद्धांजलि के बाद सेना दिवस मनाने का संगठन ने लिया निर्णय



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। भूतपूर्व सैनिक** संगठन की रेलवे रोड कार्यालय में मास्टर नफे सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में आतंकी हमले में शहीद हुए सेना के अधिकारियों को गम, गुस्से और आक्रोश के माहौल में नम आखों ने श्रद्धांजलि देकर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। सूबेदार ओमप्रकाश मलिक ने कहा कि आतंकियों की कार्यरतापूर्ण कार्रवाई को लेकर आक्रोश है।

इसके बाद बैइक में 8 अक्तुबर को सेना दिवस मनाने का संगठन द्वारा निर्णय लिया गया। इस मौके पर नवीन त्यागी, जी एस दहिया, राजपाल, भीम सिंह, कृष्ण, आन्नद आदि मौजूद थे।

### भाजपा महिला मोर्चा की प्रभारी बनी मालती अरोड़ा

**पानीपतः भाजपा** महिला मोर्चे की प्रदेश मीडिया प्रभारी मालती अरोड़ा को भाजपा महिला मोर्चा की पानीपत ईकाई का प्रभारी नियुक्त किया गया है। भाजपा महिला मोर्चे की प्रदेशाध्यक्ष सुनीता दांगी ने शीर्ष नेतृत्व से विचार विमर्श उपरांत, मोर्चे का विस्तार करते हुए विधानसभा प्रभारियों के नामों की घोषणा की है। पानीपत महिला मोर्चा की प्रभारी के तौर पर अपनी नियुक्ति पर मालती अरोड़ा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, प्रदेश प्रभारी विप्लब देब, महिला मोर्चा की अध्यक्ष सुनीता दांगी तथा मोर्चे की प्रभारी संतोष यादव का आभार जताते हुए उन्हें विश्वास दिलाया कि वह भाजपा महिला मोर्चा को और अधिक मजबूत करने, महिलाओं को राजनीति में अधिक सक्रियता के साथ अपनी भूमिका निभाने की दिशा में पूर्ण तन्मयता से काम करेंगी।

### पुत्रवधु व भाई पर 90 वर्षीय बुजुर्ग ने मारपीट कर उन्हें घर से बाहर निकालने का लगाया आरोप

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। भोड़वाल** माजरी गांव के एक 90 वर्षीय बुजुर्ग ने अपनी पुत्रवधु व उसके भाई पर उनके साथ मारपीट कर उन्हें घर से बाहर निकालने का आरोप लगाया है। बुजुर्ग ने इसकी शिकायत थाना गन्नौर व डीसीपी को दी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद अब उन्होंने गृह मंत्री अनिल विज के लिखित में शिकायत भिजवा कर न्याय की गुहार लगाई है। शिकायत में 90 वर्षीय रामकंवार ने बताया कि वह अपनी पत्नी कौशल्या के साथ रेलवे स्टेशन भोड़वाल माजरी के पास अपने बेटे के साथ मकान में रहते थे। उनके बेटे के देहांत के बाद उनकी पुत्रवधू राधा का भाई



टीटू उर्फ योगेश निवासी बख्तावरपुर दिल्ली मकान में आता रहता है। आरोप है कि उनकी पुत्रवधू व टीटू उर्फ योगेश उनके साथ 3-4 बार मारपीट कर चुके हैं। 16 जुलाई के रात जब वह सो रहे थे तो भाई बहन ने मिल कर उनके साथ मारपीट की और उन्हें घर से निकाल। इसकी शिकायत उन्होंने थाना गन्नौर में दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की और न ही उनका मेडिकल करवाया गया। बुजुर्ग का आरोप है कि उन्हें जान माल का खतरा बना हुआ है। घर से बेघर होने के बाद वह सड़क पर बैठ कर समय गुजारने को मजबूर हो रहे हैं।

## उखाड़ी सड़क के पत्थरों पर गिरा बाईक चालक हुआ घायल

### निर्माण के दौरान ठेकेदार वाहन चालकों की सुरक्षा संबधित उपकरण लगवाए

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। अगवानपुर रेलवे** फाटक पर रेलवे ओवरब्रिज निर्माण का कार्य शुरू होते ही ठेकेदार द्वारा सीमेंट के पिलर बनाने के लिए उखाड़ी गई सड़क हादसे का कारण बन गई। देर शाम मोटरसाईकिल सवार युवक उखाड़ी गई सड़क के पत्थरों में गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पुरखास गांव के दीपक ने डायल 112 पर दी। सूचना के बाद डायल 112 की पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घायल मोटरसाईकिल चालक भोगीपूर



गांव निवासी उमेश पुत्र रमेश को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लेकर गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत को देखते मेडीकल कालेज खानपुर रैफर कर दिया। समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नही हुआ।

**ओवरब्रिज निर्माण कार्य शुरू होते ही होने लगी दुर्घटना**

**- ओवरब्रिज** निर्माण का कार्य शुरू होते ही दुर्घटना होने लगी है। लोगों ने निर्माण एजेंसी से मांग की कि वे निर्माण के लिए उखाड़ी सड़क के आसपास पर सावधानी संकेत लगाए। जब कि उक्त सड़क को उखाड़कर पत्थरों को सड़क के बीच में ही छोड़ दिया। वाहनचालक सुरेश ने बताया कि सड़क उखाड़ने के बाद आवागमन के लिए सड़क तंग हो गई है। इसलिए बड़े वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने के लिए व्यवस्था करवाई जाए।

**वाहन चालकों की सुरक्षा को लेकर एक कर्मचारी की डयूटी लगाई**

**- फ्लाई** ओवर का निर्माण कर रही कंपनी के मैनेजर नरेन्द्र शर्मा ने बताया कि वाहन चालकों की सुरक्षा को लेकर एक कर्मचारी की डयूटी लगाई है। सुरक्षा के संकेत कल ही लगवा दिए जाएंगे और बड़े वाहनों के आवागमन को रोक लगाने के लिए खुदाई के बाद व्यवस्था करवा दी जाएगी।

### जी-3 स्कूल की सरीना ने नेशनल सीरीज टेनिस टूर्नामेंट में जीता दोहरा खिताब



**सोनीपत: ज्ञान** गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) की प्रतिभाशाली लान टेनिस खिलाड़ी सरीना गहलोत ने हैदराबाद में आयोजित आल इंडिया नेशनल सीरीज टेनिस टूर्नामेंट में लड़कियों की अंडर-12 आयु वर्ग के एकल व युगल मुकाबले का खिताब जीतकर सोनीपत व हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन किया है। ऐश टेनिस अकादमी हैदराबाद में आल इंडिया टेनिस एसोसिएशन व तेलंगाना स्टेट टेनिस एसोसिएशन के सौजन्य से 11 से 16 सितंबर तक आयोजित नेशनल सीरीज टेनिस टूर्नामेंट में सरीना ने अपने दमदार प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया । विद्यालय में पहुंचने पर सरीना का जोरदार स्वागत किया गया। स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन, प्राचार्या गीता चोपड़ा आदि ने सरीना को बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्या गीता चोपड़ा ने कहा कि सातवीं कक्षा की छात्रा सरीना ने अपनी मेहनत की बदौलत एक मुकाम हासिल किया है। इससे पहले टीडीआई सोनीपत व बिलबिलान में आयोजित चैंपियनशिप सीरीज टेनिस टूर्नामेंटों में भी सरीना गहलोत ने शानदार प्रदर्शन कर अंडर-14 आयु वर्ग में लगातार दो एकल खिताब जीतने के साथ ही उसने टीडीआई सोनीपत में युगल खिताब पर भी कब्जा जमाया था।

### मोदी के 73वें जन्मोत्सव पर त्रिवेणी लगा पौधारोपण संरक्षण का किया संकल्प

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73वें जन्मोत्सव पर अटेली अनाज मंडी व सम्राट पृथ्वीराज चौहान ग्राउंड में त्रिवेणी लगाकर भाजपा के युवा नेता हिमांशु गोयल ने त्रिवेणी लगा कर पौधारोपण करने का संकल्प लिया गया। युवा नेता व उनके साथ खिलाडियों व झुग्गी झोपडियो में रहने वालो के बीच लड्डू ,फल वितरित करके प्रधानमंत्री के दीर्घायु जीवन एवं उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की। युवा नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करोड़ों कार्यकर्ताओं के प्रेरणापुंज, विश्व के सबसे लोकप्रिय व्यक्तित्व, भारत के सर्वाधिक जनप्रिय नेता है। इस मौके पर एबीवीपी से राहुल यादव, विक्रम शर्मा, हिम्मत सैदपुर, छतरपाल चौहान, हिम्मत सैदपुर, कमल गर्ग, रमेश गोयल, संजय अग्रवाल, मोहित गोयल, दीपक गुप्ता, नितिन गुप्ता, रमन गोयल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## शोरूम परिसर में खड़े टाटा एस को युवक ने किया आग के हवाले, मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। गांव** गढ़ी केसरी में पत्थर कारोबारी के शोरूम परिसर में खड़े टाटा एस को एक युवक आग लगा दी। वारदात को अंजाम देकर युवक भाग गया। पीड़ित दुकानदार को मामले का पता लगा तो पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने जांच के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी युवक पहले शोरूम में काम करता था। पुलिस टीम मामले की जांच कर रही है।



गांव गढ़ी केसरी निवासी सतीश ने बताया कि वह गांव में पत्थर व टाइल का शोरूम चलाते हैं। उनका टाटा एस फोर-व्हीलर शोरूम परिसर में खड़ा रहता है। रविवार रात पौने दस बजे उनके कारिंदों ने सूचना दी कि ललित नाम का युवक टाटा एस में आग लगाकर भाग गया है। वह तुरंत अपने शोरूम पर पहुंचे। वहां टाटा एस धू-धू कर जल रहा था। जिस पर उन्होंने कर्मियों की मदद से आगे पर काबू पाया। उसके बाद मामले से पुलिस को अवगत कराया गया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने जांच के बाद ललित नाम के युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामले के जांच अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि आरोपी युवक पहले शोरूम में काम करता था। उसने करीब 10 माह पहले काम छोड़ दिया था। इस बारे में गन्नौर थाना प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि पुलिस को टाटा एस में आग लगाने की सूचना मिली थी। सतीश की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## राजनितिक चेतना जगाने निकली वैश्य मोटर साइकिल चेतना यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत वैश्य समाज** में राजनितिक चेतना जगाने निकली वैश्य मोटर साइकिल चेतना यात्रा का एक दर्जन से ज्यादा स्थानों पर भव्य स्वागत हुआ, विभिन्न बाजारों में वैश्य समाज के आलावा अन्य समाज के लोग चेतना यात्रा पर पुष्प वर्षा करने को आतुर दिखाई दिए। यात्रा को मुरथल रोड से मोटर साइकिल के लम्बे काफिले और महाराजा अग्रसेन की जय, वैश्य एकता जिंदाबाद के जयघोष के साथ शहर की मुख्य मार्गों से परिक्रमा करवाई गई।

यात्रा का नेतृत्व कर रहे प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष राजीव जैन एवं युवा अध्यक्ष मुनीश गोयल समेत 18 महाराजा अग्रसेन के 18 गोत्रों पर आधारित 18 मोटर



साइकिल का जत्था महाराजा अग्रसेन चौक पहुंचा तो पूर्व मंत्री कविता जैन और महाराजा अग्रसेन समाज कल्याण समिति, अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मलेन, अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन, अग्रोहा विकास ट्रस्ट एवं अन्य समाज की संस्थाओं के सैंकड़ो प्रतिनिधियों ने स्वागत कर महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और एक अक्टूबर को जींद रैली में बढ़ चढ़ कर भाग लेने का संकल्प लिया। यात्रा का मुरथल रोड के बाद, महाराजा अग्रसेन चौक, सुंदर मिष्ठान भंडार, पंडित श्री राम शर्मा चौक, हलवाई हट्टा, दयाल चौक, छोटी मस्जिद, गुरुद्वारा रोड, गीता भवन, मिशन चौक, लाला लाजपत राय गुड़ मंडी, काठ मंडी, प्रभु नगर मंडी, नव जीवन हस्पताल के पास मोलटन केव, ककरोई रोड, तिरंगा चौक, पंचायत भवन के पास ढोल नगाड़ों से स्वागत हुआ। राजीव जैन ने कहा कि पुरे प्रदेश में यात्रा का भव्य स्वागत हो रहा है और देर रत भी वैश्य समाज के लोग सड़कों पर खड़े होकर इंतजार करते रहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जींद रैली वैश्य समाज की राजनीती में भागीदारी को ताकत प्रदान करेगी।

यात्रा में जिलाध्यक्ष प्रदीप बंसल, नवीन मंगला, अनिल गुप्ता, पवन गुप्ता, संजय सिंगला, ओ०डी० गर्ग, पवन तायल, वरुण गोयल, तरुण गोयल, पवन गुप्ता, अनिल गुप्ता, निगम पार्षद अतुल जैन, जितेंद्र गुप्ता, सुरेश गुप्ता, अशोक गर्ग, अजय गोयल, राजेंद्र गोयल, जगदीश गर्ग, पंकज जैन, राजेंद्र अग्रवाल (अग्रसेन धाम कुंडली), अमित जैन, नीरज, प्रवेश, संदीप, मोहित, जसबीर, वेद, मुकेश, नरेंद्र, मनोज, रविंद्र आदि सैंकड़ो वैश्य बंधू साथ में मोटर साइकिल पर चले।

सोनीपत पहुँचने से पहले यात्रा का गन्नौर के वैश्य समाज ने भव्य स्वागत किया। यात्रा को महाराजा अग्रसेन चौक से रेलवे रोड से होते हुए रेलवे स्टेशन से सनातन धर्म मंदिर में लाया गया जहाँ पर यात्रा के साथ चल रहे राजीव जैन, मुनीश गोयल, प्रवीण बंसल, राहुल गर्ग, ललित महाजन, अधिवक्ता लक्की सिंगला और 18 मोटर साइकिल पर चल रहे अग्र बंधुओं का माल्यार्पण एवं पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया।

## कैनो स्प्रिंट सीनियर चैंपियनशिप में भूमित दहिया ने दो स्पर्धाओं में जीता गोल्ड मेडल

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत उत्तराखण्ड की** टिहरी झील में आयोजित राष्ट्रीय ओपन कैनो स्प्रिंट सीनियर चैंपियनशिप( महिला व पुरूष) में जिला के गांव गोपालपुर के लाडले भूमित दहिया ने दो स्पधाओं में गोल्ड मेडल जीतकर अपना व अपने प्रदेश का नाम रोशन किया है। उनके पिताजी धर्मबीर दहिया ने बताया कि भूमित दहिया ने कैनोइंग-4 ग्रुप की 1000 व 500 मीटर रेस में गोल्ड मेडल हासिल किया।

भूमित के पिता धर्मबीर दहिया ने बेटे की इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए उसे इस ऐतिहासिक जीत



की बधाई दी। उन्होंने कहा कि बेटे की पिछले दिनों से चल रही कड़ी मेहनत रंग लाई और उसने दिखा दिया कि हरियाणा के छौरे किसी भी खेल में पीछे नहीं है। उन्होंने बताया कि उसकी इस जीत से पूरे गोपालपुर गांव में खुशी का माहौल है और गांव पहुंचने पर उसके स्वागत के लिए गांव में कार्यक्रम भी रखा जाएगा। पिता धर्मबीर दहिया ने बताया कि राष्ट्रीय ओपन कैनो स्प्रिंट सीनियर चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर भूमित ने गोवा में होने वाले राष्ट्धीय खेलों में भी क्लालीफाई कर लिया है और हमें पूरी उम्मीद है कि इन खेलों में भी हरियाणा के ये छौरा गोल्ड मेडल जीतकर अपना व अपने प्रदेश का नाम रोशन करेगा।

## संपादकीय

# मातृभाषाओं का संकटः चुनौतियां और समाधान

**भाषा** का संबंध इतिहास, संस्कृति और परंपराओं से है। भारतीय भाषाओं में अंतर-संवाद की परंपरा बहुत पुरानी है और ऐसा सैकड़ों वर्षों से होता आ रहा है। यह उस दौर में भी हो रहा था, जब वर्तमान समय में प्रचलित भाषाएं अपने बेहद मूल रूप में थीं। श्रीमद्भगवतगीता में समाहित श्रीकृष्ण का संदेश दुनिया के कोने-कोने में केवल अनेक भाषाओं में हुए उसके अनुवाद की बदौलत ही पहुंचा। उन दिनों अंतर-संवाद की भाषा संस्कृत थी, तो अब यह जिम्मेदारी हिंदी की है। जब हमारे पास एक भाषा होती है, तब हमें अंदाजा नहीं होता, कि उसकी ताकत क्या होती है। लेकिन जब भाषा लुप्त हो जाती है और सदियों के बाद किसी के हाथ वो चीजें चढ़ जाती हैं, तो सबकी चिंता होती है कि आखिर इसमें है क्या? ये लिपि कौन सी है, भाषा कौन सी है, सामग्री क्या है, विषय क्या है? आज कहीं पत्थरों पर कुछ लिखा हुआ मिलता है, तो सालों तक पुरातत्व विभाग उस खोज में लगा रहता है कि लिखा क्या गया है?

**भारतीय भाषाओं का बढ़ता प्रभावः** आज भारतीय भाषाओं के बीच संवाद को व्यापक रूप से प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। भारतीय भाषाओं में बीच संवाद सैंकड़ों वर्षों से जारी है और इनका विकास भी साथ-साथ ही हुआ है। मसलन बांग्ला और मैथिली में इतनी समानता है कि उनमें अंतर करना मुश्किल है, इसी तरह अवधी और ब्रज भाषा तथा हिंदी और उर्दू में भी ऐसा ही है। हिंदी और उर्दू दैनिकों की भाषा पर हुए एक शोध में देखा गया कि उनमें केवल 23 प्रतिशत शब्द ही अलग थे। हिंदी पत्रकारिता के विकास में मराठी, बांग्ला और दक्षिण भारतीय भाषाओं के योगदान की अनदेखी नहीं की जा सकती। आज पूरे भारत में भारतीय भाषाओं के बढ़ते प्रभाव को देखा जा सकता है। भाषाई पत्रकारिता को हम भारत की आत्मा कह सकते हैं। आज लोग अपनी भाषा के समाचार पत्रों की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। इसलिए भाषाई समाचार पत्रों की प्रसार संख्या तेजी से बढ़ रही है। अलग-अलग बोलियों में अखबार प्रकाशित हो रहे हैं। क्षेत्रीय भाषाओं में रेडियो और टेलीविजन अपने कार्यक्रम प्रसारित कर रहे हैं। इतना ही नहीं, जिस स्मार्टफोन के द्वारा हम सोशल मीडिया के संपर्क में रहते हैं, वहां भी भारतीय भाषाओं का विशेष ख्याल रखा जाता है। आज से कुछ समय पहले तक गांवों की खबरों के लिए चार चार दिन तक इंतजार करना पड़ता था, जबकि आज व्हाट्सएप और ईमेल के द्वारा आसानी से खबरें प्राप्त हो रही हैं। जिलों, कस्बों और मोहल्लों से आज अखबार प्रकाशित हो रहे हैं। ईमेल से अखबारों के पृष्ठ भेजना आसान हो गया है। पहले अंग्रेजी भाषा के अखबारों पर निर्भरता ज्यादा होती थी, जिसके भारतीय पाठक मात्र 15 प्रतिशत हैं। अब जब अलग-अलग बोलियों और भाषाओं में अखबार प्रकाशित हो रहे हैं, तो सूचना सशक्तिकरण बढ़ रहा है। अब विभिन्न दूतावासों के मीडिया प्रकोष्ठ और विदेशी एजेंसियां भी खबरों के लिए क्षेत्रीय एवं भाषाई मीडिया का लाभ ले रहे हैं। दूसरी तरफ हर अखबार अपने ईपेपर के जरिए दूरदराज के पाठकों तक पहुंच रहा है। हम सब जानते हैं कि इंटरनेट की कोई सीमा नहीं है, ऐसे में क्षेत्रीय अखबार विदेशी धरती पर भी उसी दिन पढ़े जा रहे हैं।

# सामाजिक क्रान्ति का पर्व है गणेशोत्सव

रमेश सर्राफ धमोरा

> लोकमान्य तिलक ने अंग्रेजो को चेतावनी दी कि हम गणपति उत्सव मनाएगे अंग्रेज पुलिस उन्हे गिरफ्तार करके दिखाये। कानून के मुताबिक अंग्रेज पुलिस किसी राजनीतिक कार्यक्रम मे एकत्रित भीड़ को ही गिरफ्तार कर सकती थी। लेकिन किसी धार्मिक समारोह मे उमड़ी भीड़ को नहीं। 20 अक्तूबर 1894 से 30 अक्तूबर 1894 तक पहली बार 10 दिनो तक पुणे के शनिवारवाड़ा मे गणपति उत्सव मनाया गया। लोक मान्य तिलक वहां भाषण के लिए हर दिन किसी बड़े नेता को आमंत्रित करते। 1895 मे पुणे के शनिवारवाड़ा मे 11 गणपति स्थापित किए गए। उसके अगले साल 31 और अगले साल ये संख्या 100 को पार कर गई। फिर धीरे -धीरे महाराष्ट्र के अन्य बड़े शहरो अहमदनगर, मुंबई, नागपुर, थाणे तक गणपति उत्सव फैलता गया

**गणेश** चतुर्थी मनाने के दौरान लोग भगवान गणेश की पूजा करते है। गणेश हिन्दू धर्म में सबसे ज्यादा पूजे जाने वाले देवता है। यह उत्सव खासतौर से महाराष्ट्र में मनाया जाता है। हालाँकि अब ये भारत के लगभग सभी राज्यों में मनाया जाने लगा है। गणेश चतुर्थी पर लोग पूरी भक्ति और श्रद्धा से ज्ञान और समृद्धि के भगवान की पूजा करते है। भगवान गणेश को बुद्धि का देवता माना जाता है। हिंदू धर्म में किसी भी नए काम को प्रारंभ करने से पहले भगवान गणेश की पूजा की जाती है। माना जाता है कि भगवान गणेश की पूजा करने के बाद प्रारंभ होने वाला कार्य हर हाल में पूरा होगा। भगवान शिव व माता पार्वती के पुत्र गणेश को विघ्नहर्ता भी कहा जाता है। गणेश शब्द का अर्थ होता है जो समस्त जीव के ईश अर्थात स्वामी हो। गणेश जी को विनायक भी कहते हैं। विनायक शब्द का अर्थ है विशिष्ट नायक। वैदिक मत में सभी कार्य के आरम्भ जिस देवता का पूजन से होता है वही विनायक है। गणेश चतुर्थी के पर्व का आध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्त्व है। मान्यता है कि भगवान गणेश विघ्नो के नाश करने और मंगलमय वातावरण बनाने वाले हैं। गणेश चतुर्थी का त्योहार महाराष्ट्र, गोवा, तेलंगाना, केरल और तमिलनाडु सहित पूरे भारत में काफी जोश के साथ मनाया जाता है। किन्तु महाराष्ट्र में विशेष रूप से गणेशोत्सव को 10 दिनों तक बड़े धूम-धाम से मनाया जाता है। इस त्योहार को गणेशोत्सव या विनायक चतुर्थी भी कहा जाता है। पुराणों के अनुसार इसी दिन भगवान गणेश का जन्म हुआ था। गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेशजी की पूजा की जाती है। कई प्रमुख जगहों पर भगवान गणेश की बड़ी-बड़ी प्रतिमायें स्थापित की जाती है। इन प्रतिमाओं का नो दिन तक पूजन किया जाता है। बड़ी संख्या में लोग गणेश प्रतिमाओं का दर्शन करने पहुंचते है। नो दिन बाद गणेश प्रतिमाओं को समुद्र, नदी, तालाब में विसर्जित किया जाता है। गणेश चतुर्थी का त्योहार आने से दो-तीन महीने पहले ही कारीगर भगवान गणेश की मिट्टी की मूर्तियां बनाना शुरू कर देते हैं। गणेशोत्सव के दौरान बाजारों में भगवान गणेश की अलग-अलग मुद्रा में बेहद ही सुंदर मूर्तियां मिल जाती है। गणेश चतुर्थी वाले दिन लोग इन मूर्तियों को अपने घर लाते हैं। कई जगहों पर 10 दिनों तक



पंडाल सजे हुए दिखाई देते हैं जहां गणेश जी की मूर्ति स्थापित होती हैं। प्रत्येक पंडाल में एक पुजारी होता है जो इस दौरान चार विधियों के साथ पूजा करते हैं। सबसे पहले मूर्ति स्थापना करने से पहले प्राणप्रतिष्ठा की जाती है। उन्हें कई तरह की मिठाईयां प्रसाद में चढ़ाई जाती हैं। गणेश जी को मोदक काफी पंसद थे। जिन्हें चावल के आटे, गुड़ और नारियल से बनाया जाता है। इस पूजा में गणपति को लड्डूओं का भोग लगाया जाता है। इस त्योहार के साथ कई कहानियां भी जुड़ी हुई हैं जिनमें से उनके माता-पिता माता पार्वती और भगवान शिव के साथ जुड़ी कहानी सबसे ज्यादा प्रचलित है। शिवपुराण में रुद्रसंहिता के चतुर्थ खण्ड में वर्णन है कि माता पार्वती ने स्नान करने से पूर्व अपने मैल से एक बालक को उत्पन्न करके उसे अपना द्वारपाल बना दिया था। भगवान शिव ने जब भवन में प्रवेश करना चाहा तब बालक ने उन्हें रोक दिया। इस पर भगवान शंकर ने क्रोधित होकर अपने त्रिशूल से उस बालक का सिर काट दिया। इससे पार्वती नाराज हो उठीं। भयभीत देवताओं ने देवर्षि नारद की सलाह पर जगदम्बा की स्तुति करके उन्हें शांत किया। भगवान शिवजी के निर्देश पर विष्णुजी उत्तर दिशा में सबसे पहले मिले जीव (हाथी) का सिर काटकर ले आए। मृत्युंजय रुद्र ने गज के उस मस्तक को बालक के धड़ पर रखकर उसे पुनर्जीवित कर दिया। माता पार्वती ने हर्षातिरेक से उस गजमुख बालक को अपने हृदय से लगा लिया। ब्रह्मा, विष्णु, महेश ने उस बालक को सर्वाध्यक्ष घोषित करके अग्र पूज्य होने का वरदान दिया। महान क्रांतिकारी बंकिम चंद्र चटर्जी ने 1882 मे वन्देमातरम नामक एक गीत लिखा था। जिस पर भी अंग्रेजों ने प्रतिबंध लगा कर गीत गाने वालों को जेल मे डालने का फरमान जारी कर दिया था। इन दोनों बातों से लोगो मे अंग्रेजो के प्रति बहुत नाराजगी व्याप्त हो गयी थी। लोगो मे अंग्रेजो के प्रति भय को खत्म करने और इस कानून का विरोध करने के लिए महान स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य तिलक ने गणपति उत्सव की स्थापना की और सबसे पहले पुणे के शनिवारवाड़ा मे गणपति उत्सव का आयोजन किया गया। देश की आजादी के आन्दोलन में गणेश उत्सव ने बहुत महत्वपूण भूमिका निभायी थी। 1894 मे अंग्रेजो ने भारत मे एक कानून बना दिया था जिसे धारा 144 कहते हैं जो आजादी के इतने वर्षों बाद आज भी लागू है। इस कानून मे किसी भी स्थान पर 5 से अधिक व्यक्ति इकट्ठे नहीं हो सकते थे। और ना ही समूह बनाकर कहीं प्रदर्शन कर सकते थे। 1894 से पहले लोग अपने अपने घरो मे गणपति उत्सव मनाते थे। लेकिन 1894 के बाद इसे सामूहिक तौर पर मनाने लगे। पुणे के शनिवारवडा के गणपति उत्सव मे हजारो लोगो की भीड़ उमड़ी।

लोकमान्य तिलक ने अंग्रेजो को चेतावनी दी कि हम गणपति उत्सव मनाएगे अंग्रेज पुलिस उन्हे गिरफ्तार करके दिखाये। कानून के मुताबिक अंग्रेज पुलिस किसी राजनीतिक कार्यक्रम मे एकत्रित भीड़ को ही गिरफ्तार कर सकती थी। लेकिन किसी धार्मिक समारोह मे उमड़ी भीड़ को नहीं। 20 अक्तूबर 1894 से 30 अक्तूबर 1894 तक पहली बार 10 दिनो तक पुणे के शनिवारवाड़ा मे गणपति उत्सव मनाया गया। लोक मान्य तिलक वहां भाषण के लिए हर दिन किसी बड़े नेता को आमंत्रित करते। 1895 मे पुणे के शनिवारवाड़ा मे 11 गणपति स्थापित किए गए। उसके अगले साल 31 और अगले साल ये संख्या 100 को पार कर गई। फिर धीरे -धीरे महाराष्ट्र के अन्य बड़े शहरो अहमदनगर, मुंबई, नागपुर, थाणे तक गणपति उत्सव फैलता गया। गणपति उत्सव में हर वर्ष हजारो लोग एकत्रित होते और बड़े नेता उसको राष्ट्रीयता का रंग देने का कार्य करते थे। इस तरह लोगो का गणपति उत्सव के प्रति उत्साह बढ़ता गया और राष्ट्र के प्रति चेतना बढ़ती गई। 1904 में लोकमान्य तिलक ने लोगो से कहा कि गणपति उत्सव का मुख्य उद्देश्य स्वराज्य हासिल करना है। आजादी हासिल करना है और अंग्रेजो को भारत से भगाना है। आजादी के बिना गणेश उत्सव का कोई महत्व नहीं रहेगा। तब पहली बार लोगो ने लोकमान्य तिलक के इस उद्देश्य को बहुत गंभीरता से समझा। आजादी के आन्दोलन में लोकमान्य तिलक द्वारा गणेश उत्सव को लोकोत्सव बनाने के पीछे सामाजिक क्रान्ति का उद्देश्य था। लोकमान्य तिलक ने ब्राह्मणों और गैर ब्राह्मणों की दूरी समाप्त करने के लिए यह पर्व प्रारम्भ किया था जो आगे चलकर एकता की मिसाल बना। लोकमान्य तिलक ने जिस उद्देश्य को लेकर गणेश उत्सव को प्रारम्भ करवाया था वो उद्देश्य आज कितने सार्थक हो रहें हैं। आज के समय में पूरे देश में पहले से कहीं अधिक धूमधाम के साथ गणेशोत्सव मनाये जाते हैं। मगर आज गणेशोत्सव में दिखावा अधिक नजर आता है। आपसी सदभाव व भाईचारे का अभाव दिखता है। आज गणेश उत्सव के पण्डाल एक दूसरे के प्रतिस्पर्धात्मक हो चले हैं। गणेशोत्सव में प्रेरणाएं कोसों दूर होती जा रही हैं और इनको मनाने वालों में एकता नाम मात्र की रह गयी है। इस बार हमें एक बार फिर से संगठित होकर गणेशोत्सव को इतनी खुशी व धूमधाम से मनाना चाहिए जिससे समाज मे एकता व भाईचारा बढ़ सकें। सही मायने में तभी हमारी पूजा सार्थक हो सकेगी।

## कविता

हे ! शिव-गौरा के लाल, प्रथम
पूज्य गणेश।
रिद्धि सिद्धि के दाता, पधारो, आओ घर-घर
करो प्रवेश।।
हे ! बिंदायक तुमसे कुसुमित, उज्ज्वल ये
मानुष जीवन।
अर्पित करें मोदक और दुर्वा, हर लो सारे
दुःख, पीड़ा और विघ्न।।
हे ! सिद्ध विनायक, हे ! गजानन आप हैं
संकटहारी।
हे ! विघ्नेश्वर, हे ! गणपति बप्पा, आई
गणेश चतुर्थी प्यारी।।
हे ! कलुष निकंदन, हे ! एकदंत, हे !
लंबोदर।
हे ! धूम्रकेतु, हे ! भालचंद्र, हे !
प्रथमेश्वर ।।
वर दो, वर दो, वर दो, भवसागर से पार
कर दो।
वर दो, वर दो, वर दो, भवसागर से पार
कर दो।।

सुनील कुमार

# भारत अमेरिका की यारी

**किशन भावनानी गोंदिया**

**वैश्विक** स्तरपर जिस प्रकार प्रौद्योगिकी, स्पेस इलेक्ट्रॉनिक्स और फामेर्सी सहित अनेक क्षेत्रों में भारत की अपार सफलताओं के शंखानंद गूंज रहे हैं और विशेष रूप से अभी चंद्रयान-3, आदित्य-एल1 की अपार सफलताओं के बाद विश्व की महाशक्ति अमेरिका की स्पेस एजेंसी नासा का ध्यान भी भारतीय स्पेस एजेंसी इसरो ने खींचा है इससे यही महसूस हो रहा है कि इसरो प्लस नासा इक्वल टू आकाश हमारा है। हालांकि इसरो और नासा के आपस में सकारात्मक तालमेल व सहयोग का ही नतीजा है जिसका फायदा हमने चंद्रयान-3 मेंभी पायाहै,उसे देखते हुएअंतरिक्ष क्षेत्र में भी अमेरिका और भारत का सहयोग बढ़ना स्वाभाविक है, यह विचार अमेरिका में भारतीय राजदूत ने भी अपने एक आर्टिकल के द्वारा व्यक्त किए हैं और यह स्वाभाविक भी है,अगर हम किसी क्षेत्र में अपार उपलब्धियां प्राप्त करते हैं तो उस क्षेत्र के किंग की नजरे उस ओर जरूर जाएगी और वह उन सफलताओं में अपनी गुंजाइश को देखते हुए कुछ आदान-प्रदान पर सहमति होने की कोशिश करेगा तो दोनों पक्षों की तकनीके के मिलाकर इतिहासरचने में कामयाबी हासिल होगी। बस !! यही सोच अब इसरो और नासा को मिलकर करनी होगी तो शीघ्र ही आकाश हमारा होगा। बता दें कि हाल ही में भारतीय पीएम के अमेरिका अधिकृत दौरे पर अनेक समझौते हुए थे जिनका क्रियान्वयन शुरू हो चुका है, इनमें सबसे महत्वपूर्ण समझौते, सेमीकंडक्टर प्रक्रिया में शुरू हो गया है। अब स्पेस क्षेत्र की बारी है। चूंकि भारत की संयुक्त राष्ट्र महासभा से लेकर करीब करीब हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक रुतबे के साथ तारीफ हो रही है और पूरी दुनियां की नजरे भारत अमेरिका रणनीतिक समझौते के सबसे महत्वपूर्ण इसरो और नासा की ओर देख रहे हैं, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत अमेरिका द्विपक्षीय सहयोग में धरती ही नहीं आकाश से भी असीम संभावनाएं हैं। साथियों बात अगर हम अमेरिका में भारतीय राजदूत के मीडिया में 15 सितंबर 2023 को प्रकाशित एक लेख की करें तो उन्होंने लिखा, भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय सहयोग के लिए धरती ही नहीं अंतरिक्ष में भी असीम संभावनाएं हैं। दोनों देशों के सहयोग का अगला मुकाम अब अंतरिक्ष बनेगा।

यह बात अमेरिका में भारत के राजदूत ने कही है। भारतीय राजदूत ने कहा कि विश्व के दो सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों के लिए अंतरिक्ष में सहयोग बढ़ाना और नई संभावनाओं पर कार्य करना बिल्कुल स्वाभाविक है।भारतीय राजदूत ने भारत अमेरिका सहयोग का अगला मुकाम अंतरिक्ष, शीर्षक वाले लेख में लिखा कि पीएम ने भारत के चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के बाद कहा है कि यह केवल भारत का नहीं बल्कि पूरी मानवता का है।

## विचार

# विश्व में श्रेष्ठ और अग्रणी भारत बनाने का प्रयोजन

**संजीव**

**स्वामी** विवेकानंद सदैव युवा शक्ति के प्रेरणा स्रोत रहे हैं।उन्होंने कहा है की मुझे कुछ साहसी और ऊर्जावान युवा पुरुष मिल जाए, तो मैं देशभर में क्रांति ला सकता हूं' स्वतंत्रता के बाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी और कर्तव्यों से युवा ऊर्जावान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा युवाओं को आगे बढ़ाने और उन पर सदैव भरोसा करने वाली नीतियां बनाते आए हैं' और हमेशा युवाओं पर भरोसा किया है' स्वतंत्रता संग्राम में भी मंगल पांडे ,लक्ष्मीबाई, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, अशफाक उल्ला खान, राम प्रसाद बिस्मिल, खुदीराम बोस आदि युवाओं ने अपना सब कुछ न्योछावर कर देश को आजादी दिलाई थी' स्वतंत्रता के बाद भी भारत पर पाकिस्तान और चीन ने अनावश्यक आक्रमण कर भारत पर मानसिक दबाव डालना चाहा,पर भारत के नौजवान सैनिकों ने जिस साहस और वीरता के साथ सामना कर विजय प्राप्त की थी वह अत्यंत प्रशंसनीय एवं आदर्श का कार्य है। कारगिल युद्ध में भी भारत के नौजवान अधिकारी, सैनिकों ने पाकिस्तान को हराकर एक विजय गाथा लिखी थी। भारत के युवा गौरव की विजय गाथा किसी से छुपी नहीं है।

भारत के युवा लोगों ने बुजुर्ग विद्वानों, दार्शनिकों और वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में देश भक्ति के अलावा अध्यात्म, धर्म,साहित्य, विज्ञान,कृषि तथा उद्योगों में पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन किया है। भारत के युवाओं ने यूरोप में अपने परिश्रम और लगन इमानदारी से अपना परचम फैलाया है। मैक्स मूलर ने ली भारत की युवा शक्ति की सराहना करते हैं भारत को एक युवा इस निरूपित कर भविष्य की असीम संभावनाओं की ओर इंगित किया है। भारत एक युवा राष्ट्र है ।और उसमें असीम संभावनाएं अंतर्निहित हैं ।वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवा शक्ति को चिन्हित कर सभी युवाओं का आह्वान कर युवा शक्ति को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। और यही कारण है की युवा शक्ति के साहस और संकल्प में जापान ओलंपिक 2020 में 7 मेडल लाकर एक इतिहास रचा है। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने भी लिखा है कि देखो हमारा विश्व में कोई नहीं उपमान था, नरदेव थे हम और भारत देवलोक के समान था" भारत की महान उपलब्धियों में देश की युवा शक्ति का बहुत बड़ा योगदान है। आज आई, आई, एम, आई,आई,टी, ऑल इंडिया मेडिकल इंस्टिट्यूट तथा देश के अन्य शैक्षणिक संस्थाओं से जुड़े छात्र छात्राओं के शोध और अविष्कार के चलते भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की युवा सोच और दृढ़ संकल्प लें भारत के युवाओं में एक ऊर्जा प्रेरणा और मार्गदर्शन प्रदान किया है। यह अलग मुद्दा है कि स्वतंत्रता के बाद हमारी शिक्षा नीति ने लाखों बेरोजगार लोगों को जन्म दिया है । बेरोजगारी के दंश ने युवा शक्ति को काफी पीछे धकेल दिया है। पर नई शिक्षा नीति के आने से युवा अपने रोजगार तलाशने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। भारत की विशाल जनसंख्या एक बड़ा रुकावट का कारण भी है। और यदि युवा संकल्प लें तो अपना निजी उद्योग और निजी व्यवसाय कर के भारत राष्ट्र को एक नई दिशा तथा सन्मार्ग प्रदान कर सकते हैं। 1979 में जयप्रकाश नारायण ने युवा शक्ति को लेकर एक बड़ा आंदोलन चलाया था। और बिहार में सत्ता परिवर्तन की हुआ था। हरिवंश राय बच्चन ने भी अपनी कविताओं में युवाओं को समझाइश दी थी, युग का युवा मत देख दाएं बाएं, झांक मत बगले, अगर कुछ देखना है, देखअपने वे वृषभ कंधे, जिन्हें देता चुनौती, सामने तेरे खड़ा है युग का जुआ।

(यहां जुआ उस लकड़ी को कहते हैं जो हल चलाने के दौरान बैलों के कंधों पर रखी जाती है) सच में देश का युवा वर्ग जाग जाए और रचनात्मक कार्यों में जुड़ जाए तो देश को समृद्ध उन्नत होने से कोई नहीं रोक सकता। हमें और हमारे युवाओं को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और विवेकानंद से सीख लेकर भारत को एक नए युग की ओर ले जाना चाहिए।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# 'इंडिया' में जब तक सीट शेयरिंग नहीं हो जाती तब तक सब बेकार है

**हाल** ही में कांग्रेस की पुनगर्ठित कार्य समिति की हैदराबाद में पहली बैठक हुई, जिसमें इस वर्ष होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों और अगले साल के लोकसभा चुनाव के लिए रणनीति पर मंथन किया गया। इस दौरान कांग्रेस के ज्यादातर नेताओं ने राय दी कि विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस के घटक दलों के साथ लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे पर नवंबर के बाद ही चर्चा शुरू की जाए। कांग्रेस के इन नेताओं का तर्क है कि विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस और मजबूत होगी, जिससे वह सीट बंटवारे को लेकर सहयोगी दलों पर दबाव बना सकेगी।

दरअसल इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल जल्द से जल्द लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे पर चर्चा चाहते हैं ताकि कांग्रेस से आज के हालात के मद्देनजर ज्यादा सीट हासिल कर सकें। वहीं कांग्रेस नेताओं को उम्मीद है कि विधानसभा चुनाव के बाद उसकी ताकत बढ़ेगी और उसके बाद वह सहयोगी दलों के साथ सीट बंटवारे को लेकर मजबूती से मोलभाव कर सकेगी। ये नेता चाहते हैं कि सीट बंटवारे को लेकर बातचीत भले चले, लेकिन आखिरी फैसला विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद हो। वहीं कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में पार्टी नेता अजय माकन ने दिल्ली और पंजाब की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन पर ऐतराज जताया है। कांग्रेस कार्यसमिति के घटनाक्रम से वाकिफ सूत्र ने यह जानकारी दी है। इस सूत्र के मुताबिक अजय माकन ने बैठक में सवाल उठाया, अगर आप पार्टी को कांग्रेस से गठजोड़ करना है तो वह उन राज्यों में क्यों प्रचार कर रही है, जहां कांग्रेस का भाजपा से सीधा मुकाबला है? अजय माकन ने इसके साथ ही कहा कि अगर आप अपनी रणनीति बदलती है तभी दिल्ली कांग्रेस को रणनीति बदलने पर सोचना चाहिए, वरना इस गठबंधन का पार्टी को कोई फायदा नहीं होगा। दरअसल गठबंधन में शामिल सभी पार्टियां महत्वाकांक्षा को त्यागने के दावे तो बहुत करती हैं पर वास्तव में कोई तैयार नहीं होता है। आप नेता राघव चड्ढा कहते हैं कि गठबंधन को सफल बनाने के लिए इसमें शामिल प्रत्येक राजनीतिक दल को तीन चीजों का त्याग करना होगा - महत्वाकांक्षा, मतभेद और मनभेद।

# कामकाजी महिला को दोहरे काम का बोझ कैसा उठाना चाहिए?

**विजय गर्ग**

**आज के आ**धुनिक युग में हर लड़की उच्च शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने का प्रयास करती है। उसके माता-पिता भी चाहते हैं कि हमारी लड़की अच्छी पढ़ाई करे ताकि उसका भविष्य उज्ज्वल हो और वह आत्मविश्वासी और आत्मनिर्भर जीवन जी सके। जब तक आप कर सकते हैं आज अधिकांश लड़कियाँ अपने परिवार के सहयोग से अपनी योग्यता के अनुसार अच्छा पद एवं प्रतिष्ठा प्राप्त कर रही हैं। माता-पिता की मदद से लड़की का जीवन पहले की तरह चल रहा है, लेकिन शादी के बाद उसे ससुराल में कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है।सामना करना होगा बाहर के काम के अलावा उसे बच्चों की देखभाल की जिम्मेदारी के साथ-साथ घर के हर सदस्य की खुशी और खुशहाली के बारे में भी सोचना पड़ता है। इस प्रकार, आज अधिकांश महिलाएँ इस दोहरे काम के बोझ के कारण तनाव से पीड़ित हैं। इस तरह उनका मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य तो खराब होता ही है, साथ ही उनकी कार्यकुशलता, घरेलू जीवन और बच्चों पर भी असर पड़ता है। इसलिए जरूरी है कि अपनी व्यस्त जिंदगी के बावजूद वे अपने बारे में सोचें और अपने लिए समय निकालें ताकि वे उसमें काम कर सकें।तरोताजा और खुश रहें इस तनाव से मुक्ति पाने के लिए सबसे पहली बात यह है कि अपने कार्यों को खुशी-खुशी स्वीकार करें और हर काम रुचिपूर्वक करें। सकारात्मक मानसिकता अपनाने से यह कभी भी बोझ नहीं बनेगा। इसके साथ ही घर और घर से बाहर किए जाने वाले कार्यों की योजना बनाकर समय का सदुपयोग करें। प्राथमिकता के आधार पर जो काम जरूरी हो उसे पहले कर लेना चाहिए। घर के काम शाम को निपटा लें और बच्चों के स्कूल का काम भी समय पर कर लें तो अच्छा है। बच्चों कीकठिनाइयों से अवगत रहें और उनका समाधान करें क्योंकि बच्चा माँ के अलावा किसी और के सामने खुलकर बात नहीं करेगा। बेहतर होगा कि घर आ जाएं और ऑफिस का काम भूल जाएं। इससे शारीरिक और मानसिक शक्ति नष्ट नहीं होगी। शाम के समय पूरे परिवार को बैठकर हल्की-फुल्की बातें करनी चाहिए और मनोरंजन का कोई साधन ढूंढना चाहिए।

## न्यूज फ्लैश

### गांव महमदपुर में हुआ पोषण पखवाड़ा अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**नेहरू युवा** केन्द्र द्वारा जिला युवा अधिकारी रेनू सिलग के निदेर्शानुसार गांव महमदपुर में स्वयसेवक पूजा देवी द्वारा पोषण पखवाड़ा अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयसेवक पूजा देवी ने बताया कि पोषण अभियान 8 मार्च, वर्ष 2018 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि पोषण अभियान को राष्ट्रीय पोषण मिशन के रूप में भी जाना जाता है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के लिए पोषण संबंधी परिणामों में सुधार करना है। पोषण अभियान ने बच्चों के कम पोषण और जन्म के समय कम वजन को सालाना दो प्रतिशत और एनीमिया को 3 प्रतिशत तक कम करने और देश में अच्छे पोषण के लिए एक जन आंदोलन बनाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत को इस लक्ष्य तक पहुँचने के लिए पोषण अभियान को और तेज करना होगा और ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस अभियान से जोडना होगा। उन्होंने बताया कि हर साल सितंबर के महीने को पोषण माह के रूप में मनाया जाता है, जिसमें मानव शरीर के लिए सही पोषण के महत्व और भूमिका के बारे में बताया जाता है। जरूरी पोषक तत्वों और कैलोरी के संयोजन के साथ संतुलित आहार मानव शरीर के सुचारू कामकाज और विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत (कमाल हुसैन)**
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र दलबीर मलिक**
(मो. नं. : 94162 71181)

# कष्ट निवारण समिति की हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन**

**हरियाणा के शिक्षा** मंत्री कंवर पाल गुर्जर ने सोमवार को जिला सचिवालय के सभागार में जिला कष्टद्द निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिए कि जिला में कोई भी औद्योगिक संस्थान यदि अन्ट्रीट कैमिकल युक्त पानी अपने उद्योगों से जमीन में छोड़ता हुआ मिला तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी और इसके लिए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से विशेष अभियान चलाया जाएगा।



उन्होंने यह बात जिला कष्टद्द निवारण समिति की बैठक में पटल पर रखी गई शिकायत से सर्म्बधित हिदायत देते हुए कहा। उन्होंने कहा कि कई औद्योगिक ईकाइयां अपने यहां वाटर ट्रीटमेंट प्लांट नही लगाए हुए है। जिससे भू-जल खराब होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसी ईकाइयों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। जिला कष्टद्द निवारण समिति की बैठक में पिछली बैठक की लंबित शिकायतें व नई शिकायतों की सुनवाई कर मौके पर अधिकारियों के सहयोग से समाधान किया। बैठक में कुल 18 शिकायतों में से 10 का मौके पर समाधान किया गया व 8 शिकायतों को आगामी बैठक के लिए लम्बित रखा गया। शिक्षा मंत्री ने पहली शिकायत रामप्रकाश चुघ पार्टनर, मै. शीना एक्पोर्टस निवासी सैक्टर-11 पानीपत की सुनी जिसमें उन्होंने सर्म्बधित फर्म के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए।

सभी राजस्व रास्ते खोले जाएं, कोई इन नही कर सकता कब्जा

बैठक में महाबीर पुत्र ज्ञासन राम निवासी अजीजुलापुर ने दूसरी शिकायत में रैवन्यू रास्ते देने की मांग की थी। जिसमें मंत्री ने कहा कि कोई भी राजस्व के रास्तों पर कब्जा नही कर सकता। जिला में जहां कहीं भी इन पर अवैध कब्जे हैं या विभिन्न बिल्डर्स द्वारा इन पर कब्जा किया गया है। उन पर से कब्जा हटवाया जाए और आमजन के लिए इन्हें खोला जाए।

तीसरी शिकायत में शिकायतकर्ता रीना रानी पत्नी सतपाल निवासी गांव मनाना ने पुलिस की कार्यवाही से सर्म्बधित दी थी। जिसमें मंत्री ने पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में जिला अटोर्नी और कष्टद्द निवारण समिति के सदस्य की कमेटी बनाकर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देष दिए। मंत्री को चौथी शिकायत असंल बचाओ संघर्ष समिति, अंसल सुशांत सिटी द्वारा प्राप्त हुई जिसमें अंसल वासियों ने इस समस्या के निदान के लिए मुख्यमंत्री मनोहरलाल सहित व्यक्तिगत रूचि लेने के लिए पानीपत ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा का धन्यवाद किया।

पांचवी शिकायत संतोष पत्नी स्व. श्री धर्म सिंह निवासी गांव टिटाना तहसील इसराना ने रोड़वेज बस द्वारा उनके पति को मारने से सर्म्बधित दी थी। इस पर मंत्री ने शिकायतकर्ता को सभी साक्ष्य पुलिस के समक्ष प्रस्तुत करने और इस बाबत सीआईए से तफ्तीश करवाकर आगामी 15 दिनों में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। यह शिकायत अगली बैठक के लिए लम्बित रखी गई। छठी शिकायत में शिकायतकर्ता रमेश चन्द्र पुत्र लख्मीराम निवासी गांव खण्डरा ने गांव के विकास कार्यो में हुए भ्रष्टद्दाचार को लेकर दी थी। जिस पर मंत्री ने तुरन्त प्रभाव से पूर्व सरपंच को 2 लाख 16 हजार 541 रुपए की रिकवरी के एवेज में गिरफ्द्दतार करने के निर्देश दिए। सातवीं शिकायत संदीप कुमार वर्मा पुत्र रोहताश निवासी सैनी कॉलोनी वार्ड- 11, पानीपत ने खरीदे गए प्लाट को लेकर दी थी। इस शिकायत पर की गई कार्यवाही से शिकायतकर्ता के संतुष्ट होने पर इसको निरस्त कर दिया गया।

आठवीं शिकायत ओमप्रकाश, राजेन्द्र वगैरा ग्रामीण निवासी गांव सिवाह ने जमीन के इंतकाल से सर्म्बधित दी थी। इस शिकायत में भी की गई कार्यवाही से शिकायतकर्ता के संतुष्टद्द होने पर इसको निरस्त कर दिया गया। नौंवी शिकायत सुरेश कुमार पुत्र शिवचरण निवासी समालखा ने बिजली चोरी से सर्म्बधित दी थी।

जिस पर मंत्री ने निर्देश दिए कि सुरेश कुमार को तंग ना किया जाए और इसके किराएदार से बिजली चोरी की रकम वसूली कर उसके विरूद्ध कार्यवाही की जाए। दंसवी शिकायत धर्मबीर नरवाल प्रधान रैजिडेंट वैलफेयर एसोसिएशन सैक्टर-6 ने ग्रीन बैल्ट की तारबंदी को लेकर दी थी जिसमें उन्होंने कहा कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण का बागवानी विभाग अगले एक माह से पहले अवैध कब्जे हटाकर ग्रीन बैल्ट की चारदिवारी करवाना सुनिश्चित करेगा।

## दयाल सिंह स्कूल की छात्रा अदिति ने ताइक्वांडो में जीता स्वर्ण पदक



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। दयाल सिंह** स्कूल सेक्टर-7 की होनहार खिलाड़ी अदिति मालिक ने हरियाणा स्कूल स्टेट गेम्स की ताइक्वांडो स्पर्धा के अंडर 19 वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल कर इतिहास रच दिया है। हरियाणा स्कूल स्टेट गेम्स का आयोजन ऋषिकुल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सोनीपत में 15 से 17 सितंबर को किया गया। दयाल सिंह स्कूल की प्राचार्या शालिनी ने इस शानदार उपलब्धि के लिए विद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यापक वीरेन्द्र और कोच मनीष को बधाई दी। प्राचार्या ने ताइक्वांडो स्पर्धा में गोल्ड मेडल हासिल करने वाली होनहार खिलाडी अदिति मालिक को जीत की बधाई देते हुए नेशनल स्कूल गेम्स के लिए शुभकामनाएं दी।

उल्लेखनीय है कि जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करने वाले खिलाडियों ने ही इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था।

## हर व्यक्ति का स्वस्थ रहना बहुत जरूरी : दिनेश गुलाटी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**प्रसिद्ध योग** गुरु दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में मेरा मिशन स्वस्थ भारत के योग कक्षाएं शहर के विभिन्न स्थानों पर चलाई जा रही हैं, जहां लोगों को निशुल्क योग करवाया जाता है। दिनेश गुलाटी का कहना है कि स्वास्थ्य अमूल्य धन है और हर व्यक्ति का स्वस्थ रहना बहुत जरूरी है।

इसी मिशन के तहत उन्होंने आईसीएआर, गेहूं एवं जौ अनुसंधान केंद्र में पहुंचकर योगाभ्यास करवाया और योग के लाभ बताए। गेहूं एवं जौ अनुसंधान केंद्र में वहां के वैज्ञानिकों और शिक्षार्थियों को योगाभ्यास करवाया। अनुसंधान के



निदेशक डॉक्टर ज्ञानेंद्र सिंह के निर्देशन में अनुसंधान केंद्र में चलाई जा रही योग कक्षा में नित्य प्रति बहुत से साधक भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज योग हर व्यक्ति के जरूरी है, चाहे वह वैज्ञानिक, डॉक्टर, इंजीनियर, अध्यापक या अन्य किसी पद पर हो कक्षा में योग शिक्षिका नीलम बठला ने साधनों को कई तरह के आसान करवाए।

दिनेश गुलाटी ने कहा कि वास्तव में योग वह क्रिया है, जो शरीर के अंगों की गतिविधियों और सांसों को नियंत्रित करता है। योग से न केवल व्यक्ति का तनाव दूर होता है बल्कि मन और मस्तिष्क को भी शांति मिलती है योग बहुत ही लाभकारी है। योग न केवल हमारे दिमाग, मस्तिष्क को ही ताकत पहुंचाता है, बल्कि हमारी आत्मा को भी शुद्ध करता है। आज बहुत से लोग मोटापे से परेशान हैं, उनके लिए योग बहुत ही फायदेमंद है। योग के फायदे से आज सब ज्ञात है, जिस वजह से आज योग विदेशों में भी प्रसिद्ध है। योग करो निरोग रहो।

## बेटी के पास मैसेज भेज मां लापता लिखा-सॉरी, जीने की कोई वजह नहीं

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**

**मेरी लाश** उठा लाइयो बस, मेरी मौत के जिम्मेदार रोशन, शिव कुमार नाई अलेवा, श्रवण असंध, कर्मबीर खांडा हैं। इन्होंने इतनी बदनामी बांध दी कि मेरी जीने की वजह खत्म हो ली, मेरे बच्चों का ध्यान रखना, असंध वाले मकान पे छोड़ आई हूं। माफ कर दिया बस मैंने, सॉरी जीने की कोई वजह नहीं... बेटी के पास वॉट्सऐप पर मैसेज छोड़ महिला कस्बा असंध से लापता हो गई।

मूलरूप से जींद के खांडा निवासी पूनम शर्मा ने विदेश जाने के लिए अलेवा के शिव कुमार से कॉन्ट्रैक्ट शादी की थी। महिला अपने परिवार के साथ असंध में सनातन धर्म मंदिर के पास मकान में रहती थी। कस्बा असंध निवासी मोनिका ने बताया कि आरोपी शिव कुमार उसकी मम्मी को परेशान करने लगा था। यही नहीं, ब्लैकमेल करके काफी सारे पैसे ऐंठ चुका है।

आरोपी के खिलाफ असंध पुलिस थाने में शिकायत भी सौंपी थी। आरोपी इन दिनों जमानत पर आया हुआ है। इसके बावजूद अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। आरोपी उसकी माता को वॉट्सऐप, इंस्टाग्राम और फेसबुक के जरिए परेशान करने लगा। आरोपी उसकी मम्मी को धमकी दी कि मैं तेरी जिंदगी बर्बाद कर दूंगा। आरोपी उसकी मम्मी पर ब्लैकमेलिंग के मुकदमे में गवाही डालने का दबाव बना रहा था। युवती ने बताया कि उसकी मम्मी ने कॉन्ट्रैक्ट मैरिज कैंसिल करने के लिए कोर्ट में याचिका दायर की हुई है, जिसकी अभी पेशी है।

शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी ने उसकी मम्मी के साथ फोटो डाल वायरल कर दी, जिसके उन्होंने स्क्रीन शॉट लिए हुए हैं।

## महिलाओं को पौष्टिक आहार लेने के प्रति किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। महिला** एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाए जा रहे पोषण अभियान के तहत सोमवार को शहर के वार्ड नंबर-12 के मौहल्ला वाल्मीकि में आंगनबाड़ी केंद्र में आंगनबाड़ी वर्कर आशा रानी ने महिलाओं को पौष्टिक आहार लेने के प्रति जागरूक किया। इस दौरान महिलाओं व किशोरियों को पोषण अभियान में सहयोग देने की शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि पौष्टिक आहार से हमारे शरीर के लिए आवश्यक तत्व जैसे विटामिन, प्रोटीन, कैल्शियम प्राप्त होते हैं। पौष्टिक आहार में हरी सब्जियां, दालें, अंकुरित भोजन लेना चाहिए। इससे शरीर को आवश्यक तत्व मिलते हैं।

## 40 से अधिक शहरों में संपन्न हुआ योग निद्रा का विशेष अभ्यास सत्र

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**परमपूज्या आनंदमूर्ति** गुरु माँ के मार्ग निर्देशन में पूरे भारतवर्ष के 40 से अधिक शहरों में एक ही दिन, एक ही समय पर सुबह 11 बजे हजारों लोगों ने एक साथ योग निद्रा के विशेष अभ्यास सत्र में भाग लिया। पूज्या गुरु माँ की ऊर्जस्वी अध्यक्षता में ऋषि चैतन्य ट्रस्ट पिछले 25 वर्षों से देश एवं विदेश से आने वाले सभी साधकों के कल्याण हेतु अथक रूप से कार्यरत है। जनकल्याण के इसी लक्ष्य को साकार रूप देने के लिए भारत के अनेक शहरों में ऋषि चैतन्य विजन की स्थापना की गई, ताकि ध्यान का रसपान करने के इच्छुक साधक इन केंद्रों में जाकर योग एवं ध्यान का अभ्यास कर सकें। ऋषि चैतन्य विजन के सभी केंद्रों द्वारा अपने-अपने शहर में योग निद्रा के अभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। इसमें हर शहर के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्तर पर विश्राम देने के साथ-साथ आध्यात्मिक उन्नति में सहायता प्रदान करने वाली इस अनुपम विधि का अभ्यास किया। बहुत से साधकों ने अभ्यास के दौरान हुए अनुभवों को भी सांझा किया। योग निद्रा के निरंतर अभ्यास से सृजनात्मकता, स्मरण शक्ति और एकाग्रता में संवृद्धि होती है। विद्यार्थियों के लिए तो योग



निद्रा एक वरदान है। ग्रहण शक्ति और स्मृति शक्ति इन सभी क्षमताओं में वृद्धि होती है। शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक स्तर पर गहन विश्राम देकर योग निद्रा आध्यात्मिक उन्नति के द्वारा चेतना के उच्चतम स्तर के अनुभव देने में भी सहायक है। योग निद्रा आईसीएमआर (भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद, हैदराबाद) के वैज्ञानिकों द्वारा प्रमाणित है। योग निद्रा से उच्च रक्तचाप और मानसिक रोगों को बिना दवाइयों के दूर करने में सहायता मिलती है। तनाव, अनिद्रा, विषाद के साथ-साथ मधुमेह और मोटापे जैसी बीमारियों का भी प्रभावी उपचार है योग निद्रा।

विधि एक-लाभ अनेक। इस अनुपम विधि का लाभ आप भी अवश्य लें। पूज्या आनंदमूर्ति गुरुमाँ द्वारा दी गई यह विधि यूट्यूब पर सभी के लिए उपलब्ध है।

## दो वाहन चोर काबू, तीन मोटरसाइकिलें बरामद

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**एंटी व्हीकल** थेफ्ट यूनिट द्वारा वाहन चोरी के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से तीन मोटरसाइकिलें बरामद की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार टीम द्वारा आरोपी रोकी पुत्र सुखबीर वासी सांभली को विश्वसनीय सूचना पर काछवा रोड से और आरोपी गौरव पुत्र राजू वासी टिगरी थाना ढोगट जिला बागपत उत्तर प्रदेश को वजीदा रोड करनाल से विश्वसनीय सूचना पर गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से चुराई गई तीन मोटरसाइकिल बरामद की गई।



पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपी रॉकी ने साल 2022 में थाना मधुबन के एरिया से शिकायतकर्ता मुकेश वासी नगला मेघा के घर से मोटरसाइकिल चोरी की वारदात को अंजाम दिया था और आरोपी गौरव ने जुलाई व सितंबर माह में थाना सिविल लाइन एरिया से शिकायतकर्ता अपूर्व वासी हांसी चौंक की मोटरसाइकिल को मुगल कैनाल से तथा थाना सेक्टर 32-33 एरिया से शिकायतकर्ता रामफल वासी शक्तिपुरम की मोटरसाइकिल को उसके घर के बाहर से चोरी करके वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में थाना मधुबन, थाना सिविल लाइन और थाना सेक्टर 32-33 में मोटरसाइकिल चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस जांच में पाया गया कि दोनों आरोपियों ने नशापूर्ति के लिए चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों के खिलाफ पहले कोई मुकदमा दर्ज नहीं है।

आरोपियों को न्यायालय में पेश किय गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## नशा शारारिक आर्थिक सामजिक बर्बादी का कारण: डॉ. प्रभजोत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

गुरुनानक हॉस्पिटल व डिवाइन इंडिया आईवीएफ सेंटर करनाल की डॉ. प्रभजोत कौर तथा उनकी टीम ने गांव नेवल में सरपंच गुरप्रीत कौर तथा के सहयोग से मेडिकल कैम्प का आयोजन किया, जिसमें मुख्य डॉ. हरदीप सिंह हड्डी रोग विशेषज्ञ तथा डॉ. प्रभजोत कौर स्त्री रोग विशेषज्ञ तथा सहायक प्रेमलता मेहता तथा उनकी पूरी मेडिकल टीम मौजूद रही। उन्होंने गांव की महिलाओं का मेडिकल चेकअप करवाया तथा उन्हें निशुल्क दवाइयाँ उपलब्ध कराई। डॉ.प्रभजोत कौर ने बताया कि नारी ही इस श्रृष्टि की जन्म दाता है। जहाँ युगों-युगों से नारी शक्ति की पूजा होती रही है, उन्हें सम्मान दिया जाता रहा है। नारी ही एक माँ, एक बहिन जैसे कई किरदारों को निभाकर स्वस्थ समाज का निर्माण करती है।

उन्होंने कहा कि आज के समय में बेटियां बेटों के बराबर हैं तथा हर एक क्षेत्र में अपने लक्ष्य की तरफ बढ़ रही हैं, इसलिए हमें अपनी बेटियों का पूरा सम्मान करना चाहिए।

उन्होंने बताया कि आज नशा शारारिक आर्थिक सामजिक बबार्दी का कारण है। आज समाज में नशा बबार्दी का मुख्य कारण है। उन्होंने कई बीमारियों के बारे में चर्चा करते हुए उनसे बचने के लिए लोगों को जागरूक किया।

## 'सेवा पखवाड़ा भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए सेवा का अवसर'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**

**भारतीय जनता** पार्टी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़े के रूप में मना रही है। इसी को लेकर विधानसभा स्तर पर भाजपा युवा मोर्चा द्वारा रक्त दान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। करनाल विधानसभा में विर्क बल्ड सैंटर मे भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा की अध्यक्षता में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कहा कि पीएम मोदी का जन्मदिन बीजेपी कार्यकताओं के लिए केवल उत्सव का ही अवसर नहीं है, बल्कि यह बीजेपी के हर एक कार्यकर्ता के लिए विशेष सेवा कार्यों का अवसर है, जिसके तहत सेवा भाव से भरे भाजपाई 15 दिन तक पीएम मोदी की लंबे और स्वस्थ जीवन कामना करते हुए जनसेवा करते हैं।



उन्होंने कहा कि पूरे देश के लोग आज पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व को आगे भी बरकरार रखने के संकल्प के साथ सेवा पखवाड़े के कार्यक्रमों में हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान चलेगा। इसके साथ 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जंयती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण, प्रत्येक बूथ पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि और संगोष्ठियों के कार्यक्रम होंगे।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि 26 सितंबर से एक अक्टूबर के बीच बूथ सशक्तीकरण अभियान के द्वितीय चरण का क्रियान्वयन होगा। साथ ही बस्ती संपर्क के कार्यक्रम आयोजित होंगे। दो अक्टूबर गांधी जयंती को सार्वजनिक स्थानों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। सेवा पखवाडा के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमों में सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधियों के साथ पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता सहभागिता करेंगे।

योगेंद्र राणा ने प्रधानमंत्री के अच्छे स्वास्थ्य और लंबी आयु की कामना करते हुए कहा पीएम मोदी अपने कार्यों से जिस तरह लगातार देश को गौरवान्वित कर रहें हैं, भविष्य में भी वो अपने कुशल नेतृत्व में देश का यश बढ़ाते रहेंगे। शिविर में जिला अध्यक्ष योगेन्द्र राणा, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला ने भी रक्तदान किया।

## न्यूज फ्लैश

### मोटरसाइकिल चोरी करने के आरोपी को पकडा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना बलदेव पुलिस द्वारा मोटर साइकिल चोरी के अभियोग में वांछित अभियुक्त को चोरी की मोटरसाइकिल बिक्री से मिले रुपयों में से शेष 1400 रुपये सहित गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना बलदेव संजय कुमार त्यागी के मुताबिक चौकी इंचार्ज माइलस्टोन 131 यमुना एक्सप्रेस वे थाना बल्देव ने पुलिस बल के साथ सूचना पर अभियुक्त शेषपाल उर्फ एसपी पुत्र ताराचन्द निवासी रामनगर जगदीशपुरा थाना जगदीशपुरा जिला आगरा को एनएच 19 आगरा बाई पास पुल रैपुरा जाट से आगरा की तरफ से गिरफ्तार किया गया।

### 20 सितम्बर को लगेगा रोजगार मेला

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जिला सेवायोजन अधिकारी ने अवगत कराया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय मथुरा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मथुरा एवं नेशनल करियर सर्विस के संयुक्त तत्वाधान में 20 सितम्बर को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मथुरा वृन्दावन रोड में एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। मेले में कई प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग कर रही हैं। इच्छुक हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, आईटीआई, स्नातक एवं अन्य शैक्षिक योग्यता प्राप्त अभ्यर्थी प्रातः 10 बजे से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

### ऑनलाइन भैंस खरीदने के नाम पर ठगे एक लाख से अधिक रुपये

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना मांट क्षेत्र की ग्राम पंचायत जावरा के दो किसान ऑनलाइन भैंस खरीद के नाम पर एक लाख आठ हजार की ठगी के शिकार हो गए। ग्राम पंचायत जावरा के गांव नगला हैंद निवासी सुरेश ने कुछ दिनों पहले फेसबुक पर ऑनलाइन भैंस खरीदने बेचने का विज्ञापन देखा इसके बाद विज्ञापन में दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया, जिस व्यक्ति ने मोबाइल अटेंड किया उसने खुद को जयपुर जनपद क निवासी बताया और बताया की उसके पास अच्छी नस्ल की सस्ती भैंस हैं, उस अज्ञात व्यक्ति ने कई भैंस के फोटो भी सुरेश को भेजे, सस्ती भैंस के लालच में वह उस जालसाज के जाल में फंस गया। सुरेश ने निकट के गाँव नगला बरी निवासी वीरीसिंह को भी इस बारे में बताया, तो वह भी भैंस खरीदने को तैयार हो गया, दोनों ने एक एक भैंस खरीदने के बारे में उस जालसाज से कह दिया। दोनों ने मिलकर जालसाज के द्वारा भेजे गए बार कोड को स्केन कर कई बार में एक लाख आठ हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए, पर इसके बाद उस जालसाज ने मोबाइल बन्द कर लिया तो दोनों की खुद के साथ ठगी का अहसास हुआ तो दोनों रविवार को थाना मांट पहुंचे। थाना मांट प्रभारी प्रदीप यादव ने बताया कि ऑनलाइन ठगी की जाँच कर कार्यवाही की जाएगी।

### हरिदास जू महाराज का 543 वां आविर्भाव महोत्सव मनाया गया

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
श्री धाम वृंदावन के परिक्रमा मार्ग में गोपाल खार स्थित श्री राधा प्रसाद धाम पर स्वामी श्री हरिदास जी का 543 वां आविर्भाव महोत्सव श्री स्वामी हरिदासिया राधा प्रसाद सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में धूमधाम से प्रारंभ हुआ। इस सात दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिवस आज स्वामी श्री हरिदास जी महाराज की अष्टधातु प्रतिमा का पंचगव्य एवं जड़ी बूटियां से अभिषेक किया गया। आविर्भाव महोत्सव पूज्य स्वामी श्री हरिदसीय पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर राधा प्रसाद देव जू महाराज की अध्यक्षता में प्रारंभ किया गया। आज प्रथम दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं वर्तमान विधायक श्रीकांत शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि स्वामी हरिदास जी महाराज ने बांके बिहारी लाल को अपने संगीत के माध्यम से प्रकट किया। आज ऐसे महान संत एवं रसिक शिरोमणि स्वामी हरिदास जी महाराज का आविर्भाव महोत्सव में उपस्थित होना एवं उनकी प्रतिमा स्थापना पर अभिषेक में सम्मिलित होना बहुत ही गर्व की बात है। मैं अपने आप को बड़ा ही भाग्यशाली मानता हूं कि मुझे ऐसे कार्यक्रम में उपस्थित होने का मौका मिला। कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए महंत मोहिनी बिहारी शरण महाराज ने बताया कि आज प्रथम दिवस स्वामी श्री हरिदास जी महाराज की अष्टधातु मूर्ति स्थापना महोत्सव मनाया और साथ ही सायं काल समय भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में कुंज बिहारी दास, योगेश, डॉ.डी.डी. गर्ग, बीना गर्ग, राहुल, प्रखर, कृष्ण दास, कन्हैया आदि मौजूद रहे।

# मथुरा में सात अक्टूबर से प्रारम्भ होगा श्री राम लीला महोत्सव



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
श्री रामलीला सभा मथुरा के तत्वावधान में 21 दिवसीय श्री रामलीला महोत्सव का आयोजन सात अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक होगा एवं कलाकारों का अभ्यास (तालीम) 24 सितम्बर से चार अक्टूबर तक चित्रकूट मसानी पर होगी। इस आशय की एक वृहद बैठक चित्रकूट पर 17 सितम्बर रविवार को बुलाई गई। जिसमें महा महोत्सव की रूपरेखा तय कर व्यवस्था सौंपी। सभा के प्रधान मंत्री मूलचंद गर्ग ने बताया कि सात अक्टूबर को मुकुट पूजन, 11 अक्टूबर को राम जन्म, 14 अक्टूबर को धनुष यज्ञ, 15 अक्टूबर को श्री राम बारात, 24 अक्टूबर को विजयदशमी, 25 अक्टूबर को भरत मिलाप, 26 अक्टूबर को राजगद्दी एवं 27 अक्टूबर को शांति पाठ होगा। सात अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक श्री राम लीलाएं श्री कृष्ण जन्मस्थान पर होगी। 18 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक मसानी स्थित चित्रकूट लीला मंच पर होगी एवं 22 अक्टूबर से 24 अक्टूबर तक की लीलाएं रामलीला मैदान में विशेष रूप से होगी। 26 अक्टूबर को श्री राम राज्याभिषेक श्री कृष्ण जन्म स्थान पर होगा। 27 अक्टूबर को शान्ति पाठ चित्रकूट मसानी पर होगा। सभा के प्रेरणा स्त्रोत रविकान्त गर्ग ने बताया कि इस वर्ष लीलाओं का मंचन बहुत भव्य एवं दिव्य रूप से करने के लिये सभा के सभी सदस्य एवं पदाधिकारी कार्यरत है। सभा के सभापति जयन्ती प्रसाद अग्रवाल के कहा कि सभा के सभी पदाधिकारी व सदस्यगण महोत्सव को भव्य बनाने में अपने समर्पित भाव से सहभागिता दें। बैठक में सभा के प्रेरणास्त्रोत गोपेष्वर चतुवेर्दी ने कहा कि समस्त धर्म प्रेमी अपने आराध्य श्री राम जी समस्त लीलाओं में बड़ चढ़ कर आनन्द लें। बैठक में सर्वसहमति से आयव्यय निरीक्षक पर अजय अग्रवाल मास्टर को मनोनित किया गया।

बैठक की अध्यक्षता सभापति जयन्ती प्रसाद अग्रवाल ने की एवं संचालन प्रधानमंत्री मूल चन्द गर्ग ने किया।

## बारिश के बाद सर्विस रोड पर पानी भरने से धसा



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
दो दिन पूर्व हुई झमाझम बारिश से चौमुहां हाईवे पर राधा मोहन जी गौशाला के सामने सर्विस रोड जलभराव हो गया। इससे सर्विस रोड किनारे से धंस गई है। इससे दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। एनएचएआई के कर्मचारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसके नीचे भी कई फीट तक मार्ग अंदर से खोखला है । बारिश से सारी मिट्टी बह गई है। यदि कोई बड़ा वाहन यहां होकर निकलता है तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। शनिवार को हुई झमाझम बारिश से सर्विस रोड पानी खड़ा रहा। हाईवे किनारे बनाए गए नाले जरा सी बरसात में भर जाते हैं। इससे बाद बाकी का पानी सर्विस रोड पर खड़ा रहता है। ऐसे में राहगीरों को पानी से ही होकर निकलने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीण भरत सिसोदिया, जीतू, भूरी सिंह, भारतपाल मुंशी, भूपेंद्र ने नालों की सफाई कराकर जल निकासी व मार्ग मरम्मत की मांग की है।

## विद्यालय की प्रबंध समिति ने मिड डे मील पर उठाये सवाल

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
ग्राम पंचायत जावरा के उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रबंध समिति ने विद्यालय में बच्चों के लिए आने वाले मिड डे मील की गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। विद्यालय में पहुंचे खाने को देखकर समिति ने नाराजगी जताई। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह गावर ने बताया कि मिड मील का खाना कई बार गुणवत्ता के मानकों के अनुरूप नहीं आता है। खाना चेक किया गया तो रोटियां कच्ची पाई गईं तथा सब्जी भी ठीक नहीं थी। रोटी और सब्जी दोनों ही गुणवत्तापूर्ण नहीं थी। हमारे विद्यालय के सभी अध्यापकों को दिखाया टीम बुलाकर उसे चेक कराया। उन्होंने इसे स्वयं स्वीकार किया और कहा कि यह कार्य हमारे अंतर्गत नहीं आता, ऐसा करने वाले कोई और हैं। इस कंडीशन में खाना वापस किया गया। बच्चों को घर खाने के लिए भेजा गया। हम इसकी शिकायत कई बार कर चुके हैं। उसके बावजूद इसमें कोई सुधार नहीं आ



रहा है। गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस तरह का खाना खाकर हमारे बच्चे बीमार हो सकते हैं। इसका जिम्मेदार कौन होगा। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के वरिष्ठ नेता गजेंद्र सिंह गावर, भारतीय किसान यूनियन टिकैत के महानगर अध्यक्ष मथुरा पवन चतुर्वेदी, वृंदावन नगर अध्यक्ष भगवान दास निषाद ने संयुक्त रूप से कहा कि बच्चों को सही स्वच्छ और जांच करने के बाद स्कूलों में खाना भेजा जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में व शहरी क्षेत्र में खाने की जांच करने के बाद ही छात्रों को खिलाया जाए।

## गैंगस्टर के पांच आरोपी भेजे जेल

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना गोवर्धन पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक थाना गोवर्धन ओम हरि बाजपेयी के मुताबिक रविवार को कप्तान पुत्र रूस्तम निवासी देवसेरस थाना गोवर्धन, आसिफ पुत्र अय्यूब निवासी देवसेरस थाना गोवर्धन, साहिल पुत्र याकूब निवासी देवसेरस थाना गोवर्धन, शैकुल पुत्र चतरू निवासी देवसेरस थाना गोवर्धन, मजीद उर्फ गिन्ना पुत्र सफेदा निवासी देवसेरस थाना गोवर्धन को ग्राम देवसेरस से उनके मकान से गिरफ्तार किया है। विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायालय के माध्यम से जेल भेजा गया है।

## चोरी की बिजली से चल रहा था बैटरी कारखाना

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
बिजली चोरों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। विजिलेंस टीम के अलावा स्थानीय टीमें भी धडाधड छापेमारी कर रही हैं। विजिलेंस टीम ने बलदेव क्षेत्र में दो स्थानों पर बड़ी बिजली चोरी पकडी हैं। इंदर सिंह पुत्र सुखराम सिंह निवासी ग्राम नगला खरगा बलदेव के यहां प्रवर्तन दल ने कार्यवाही करते हुए बडी बिजली चोरी पकडी। यहां एलएमवी वन और एलएमवी टू प्रकार की चोरी होते हुए पाई गई। बिना संयोजन स्वीकृत कराये नलकूप की एलटी लाइन से थ्री फेस की केबिल डालकर उस में कट लगा कर केबिल से वाणिज्यिक परिसर (बैटरी



कारखाना) व घरेलू परिसर में केबिल जोडकर 20 किलोवाट भार की विद्युत चोरी होते हुए पकडी। वहीं बलदेव क्षेत्र में ही रामबीर बाबा पुत्र फतेह सिंह निवासी ग्राम नगला बेर के यहां प्रवर्तन दल ने कार्यवाही की। यहां एलएमवी प्रकार में बिजली चोरी होते हुए पाई गयी। यहां बिना संयोजन आवासीय परिसर के आगे व पीछे स्थापित नलकूप की एलटी लाइन से थ्री फेज केबिल डाल कर चोरी की जा रही थी। प्रवर्तन दल ने इसके अलावा सात अन्य स्थानों पर भी बिजली चोरी पकडी। प्रवर्तन दल ने यहां 13 किलोवाट की चोरी पकडी है। प्रवर्तन दल की टीम में प्रभारी राजेश सिंह, जेई किशन कुमार सोनकर, अरूण कुमार, लखमी चंद, राहुल कुमार, विपलेन्द्र कुमार मुख्य आरक्षी शामिल थे।

## भगवान वामन अवतार प्रथम शोभायात्रा के निमंत्रण पत्र का विमोचन

**शोभा यात्रा**

8 नगर के ब्राह्मण समाज के लोगों के अलावा अन्य समाजों के लोग भी सम्मिलित होंगे



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तर प्रदेश युवा ब्राह्मण महासभा द्वारा जनपद में प्रथम बार भगवान वामन अवतार शोभायात्रा के निमंत्रण पत्र का विमोचन कच्ची सड़क स्थित प्राचीन मंदिर हरगोविंद मंदिर में पूर्ण हर्षोल्लास के साथ किया। शोभा यात्रा के संयोजक व बृज प्रांतीय अध्यक्ष पंडित श्याम शर्मा पंडित ने कहा कि विगत कई वर्षों से उत्तर प्रदेश युवा ब्राह्मण महासभा की सभी इकाइयों को एक साथ एक बैनर तले लेकर आयोजन बडे धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ आयोजित करता रहा है। उन्होंने बताया की इस भगवान वामन अवतार शोभायात्रा में कई नई प्रस्तुति होंगी। उन्होंने बताया नगर के ब्राह्मण समाज के लोगों के अलावा अन्य समाजों के लोग भी सम्मिलित होंगे। बैठक में राजनारायण गौड़ व ब्राह्मण महासभा प्रदेश महामंत्री आशीष चतुर्वेदी ने कहा कि इस बार की शोभायात्रा में ढोल नगाड़ों के साथ भगवान वामन अवतार जी की भव्य झांकी भी शोभायात्रा के दौरान आकर्षण का केंद्र रहेगी। बृज क्षेत्र महामंत्री अर्जुन पंडित ने कहा भगवान वामन अवतार शोभायात्रा 26 सितंबर मंगलवार शाम चार बजे अंगूरी वाटिका कुंजविहारी मंदिर से प्रारंभ होकर होली गेट कोतवाली रोड लक्ष्मी मार्केट पर समापन होगी। वही उन्होंने कहा शोभा यात्रा के समापन पर वृद्ध सिटीजन का सम्मान किया जायेगा।वही बृज शोभायात्रा संयोजक ने श्याम शर्मा ने सभी ब्रजवासियों से शोभायात्रा में पहुंचने की अपील की है। इस अवसर पर बृज प्रांत महामंत्री अर्जुन पंडित, मंत्री कुलदीप शर्मा, राजेश पाठक, मंत्री दाऊ दयाल शर्मा उपाध्यक्ष, सीमा शर्मा, महानगर अध्यक्ष कुलदीप शास्त्री, महामंत्री सर्वेश चतुर्वेदी, महानगर उपाध्यक्ष विपिन ओझा, धनीराम शर्मा, मुकुंद शर्मा, विष्णु कांत शास्त्री, शिवकुमार गोस्वामी आदि मौजूद थे।

फोटो-17 यूपीएच मथुरा 09

## नहाने के विवाद में मारपीट एवं तोडफोड

**– नशा मुक्ति केंद्र पर तोडफोड, केंद्र प्रभारी व युवक घायल**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
हाईवे किनारे स्थित रामा ऑचिर्ड कालोनी में संचालित नशा मुक्ति केंद्र पर नहाने को लेकर विवाद हो गया। युवक के साथ मारपीट के बाद गुस्साए लोगों ने मारपीट एवं तोडफोड कर दी। जिसमें कई लोग घायल हो गए। जिन्हें प्राथमिक उपचार दिलाया गया है। घटनाक्रम के अनुसार रविवार की सुबह परमानंद गार्डन के निकट स्थित रामा अर्चिड कालोनी में स्थित नशा मुक्ति केंद्र पर बाईपास निवासी वीर सिंह नहाने के लिए गया था। तभी नशा मुक्ति केंद्र संचालक सुरेंद्र सिंह से नहाने को लेकर वाद विवाद हो गया। मामला मारपीट तक पहुंच गया। जब वीर सिंह के साथियों को इस घटना की जानकारी हुई तो गुस्साए लोगों ने वहां पहुंचकर मारपीट और तोड़फोड़ कर दी। जिससे सुरेंद्र सिंह सहित कई को चोट आई हैं। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर वीर सिंह का आरोप है कि नशा मुक्ति केंद्र संचालक एवं उसके साथियों ने एकजुट होकर उसके गले में पड़ी तोलिया से उसे फांसी लगाने का प्रयास किया। उसे भी उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। युवक के साथ मारपीट एवं तोडफोड की पूरी घटना सीसीटीवी में कैद है उसे देखा जा सकता है। बताते हैं कि दोनों ओर से तहरीर दी जा रही है। इंस्पेक्टर अनुज राणा ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## तैयारी पानी गांव, भीम में बलदेव छठ पर लगेगा वायगीर मेला

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
मांट के गांव पानी गांव और भीम में बलदेव छट पर बायगीर मेला आयोजित किए जायेंगे। इसके लिए वायगीरों ने तैयारी शुरू कर दी हैं। पानीगांव में कई दशकों से चला आ रहा बल्देव छठ का तीन दिवसीय वायगीर मेला इस बार गुरुवार से शुरू होगा। जिसमें सैकड़ों वायगीरों के द्वारा कंठमाला, विषबेल जैसे होने वाले घातक रोगों के अलग-अलग प्रांतों के दूर दराज से अपना ईलाज कराने को आने वाले हजारों मरीजों का थाली की थाप से रामायण गायन और मंत्रों द्वारा जौ उछाल कर निःशुल्क रूप से गंगा मंदिर, हनुमान बगीची, और मदा थोक अखाड़ों पर उपचार किया जाएगा। वहीं अब मेला के शुरू होने में कुछ दिन ही शेष बचे हैं। जिसको लेकर तैयारियां जोरों से की जा रही हैं वहीं ब्लॉक प्रमुख के पूर्ण सहयोग से विधायक द्वारा गंगा मंदिर वायगीर अखाड़े पर आरसीसी खड़ंजे का निर्माण कराया जा रहा है।

## एक्सपायरी दवाओं को तत्काल निरस्त कराएं

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
मेडिकल एसोसिएशन की सोमवार को ड्रग्स विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में हरियाणा पुलिस के द्वारा व्यापारियों के उत्पीड़न का मामला उठाया गया। औषधि निरीक्षक ने ऐसे मामलों की जांच कर स्थानीय पुलिस प्रशासन की मदद लेने की बात कही है। कोसीकला के मेडिकल संचालकों में अपनी मेडिकल एसोसिएशन के तत्वावधान में औषधि विभाग के इंस्पेक्टर देशबंधु विमल के साथ साराय शाही स्थित अग्रवाल धर्मशाला में बैठक की । जिसमें



सभी संचालकों ने ड्रग्स इंस्पेक्टर का माला दुपट्टा एव स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। बैठक में अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर बोलते हुए ड्रग इंस्पेक्टर देशबंधु ने कहा कि बगैर ई वे बिल एवं जीएसटी बिल के सामान न खरीदे। स्टॉक को मेंटेन रखें। एक्सपायरी दवाओं को तत्काल निरस्त कराएं। नशीली दवाओं को डॉक्टर का लिखा पर्चा ही देख कर दे और उसका रिकॉर्ड मेंटेन करे। अनजान व्यक्ति को दवाएं बगेर बिल के न दे ओर अनजान व्यक्ति को प्रतिष्ठान के कागज न दिखाये । बैठक मे व्यापारियों ने हरियाणा एवम राजस्थान पुलिस द्वारा आए दिन बेवजह दावा विक्रेताओं को परेशान करने का मुद्दा जोर शोर से उठा। एसोसिएशन अध्यक्ष जगदीश शर्मा ने बताया कि बाहर से आये कुछ अधिकारी दुकानदारों का उत्पीड़न करते है। उन पर रोक लगाई जाए। अंकित मालवीय व मनीष अग्रवाल एल आई ने कहा कि उत्पीड़न से व्यापारी डरे एवम सहमे हुए हैं।

# रामास्वामी पेरियार का 144 वां जन्मोत्सव मनाया

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
अखिल भारतीय समता फाऊंडेशन जनपद मथुरा द्वारा कुंज नगर मथुरा में महान दार्शनिक, भारत के सुकरात आडंबर, अत्याचार के खिलाफ जातिवाद के खिलाफ हमेशा जीवन पर्यंत संघर्ष करने वाले नायकर एरोड वेंकट रामास्वामी पेरियार जी के 144 में जन्मोत्सव पर किसान नेता धनीराम बाबा की अध्यक्षता में भव्य प्रतिभा प्रोत्साहन एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पंचशील के उच्चारण कर प्रतिज्ञा की और कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख मथुरा प्रेमलता एवं प्रेम सिंह एड. नगला सीता वाले ने किया। साथ ही इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में



रक्तदाताओं, दौड़ प्रतियोगिता के प्रतिभागियों, सामान्य ज्ञान के प्रतिभागियों एवं नागरिकों का समाज सेवकों का बुजुर्गों का नागरिक सम्मान किया गया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग के महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी ने पेरियार के द्वारा समाज सुधार के क्षेत्र में दिए गए। योगदान को परिलक्षित करते हुए कहा की इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं है। इस मौके पर मुख्य वक्ताओं में प्रेम सिंह कर्दम एड भाजपा नेता हरीश सुहाना एवं बद्री प्रसाद एड. नेत्रपाल बृजवासी रूपा देवी ने संयुक्त रूप से रामास्वामी पेरियार के विचारों की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला और बताया कि सामाजिक कुरीतियों हो या जातिवाद भेदभाव या भाषा बाद उच्च नीच धार्मिक आतंकवाद के खिलाफ आकर्षित क्रांतिकारी योगदान दिया। वह भारत के सुकरात थे और उनके बताएं मार्ग पर चला जाए तो भारत समतामूलक समाज की स्थापना शीघ्र होगी सबको समान अफसर मिलेंगे।

## ईको फ्रेंडली गणेश जी पर हुई कार्यशाला

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अंतर्गत संचालित विशेष स्वच्छता अभियान इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 में केन्द्र सरकार के आह्वान पर राष्ट्रीय स्तर पर शुरू हुए अभियान में महापौर विनोद अग्रवाल एवं नगर आयुक्त अनुनय झा के निदेर्शों के क्रम में नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नगर निगम मथुरा वृन्दावन द्वारा जन सहयोग से विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किये जा रहे हैं। इसी क्रम में स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत इंडियन स्वच्छता लीग कार्यक्रम में बीएसए कॉलेज से कृष्ण विहार, अग्रसेन नगर एवं द्वारकापुरी होते हुए बीएसए तक स्वच्छता-रैली का आयोजन किया



गया। रैली का नेतृत्व टीम कैप्टन डॉ. ललित मोहन शर्मा द्वारा किया गया। जिसमें नगर निगम की टीम पूर्ण प्रोजेक्ट एवं विद्यालयों के छात्र छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। इसी क्रम में इंडियन स्वच्छता लीग कार्यक्रम के अंतर्गत में नगर निगम मथुरा वृन्दावन के सभागार में पर्यावरण संरक्षण के लिए एक छोटी सी पहल प्रोजेक्ट मथुरा के मार्गदर्शन में ईको फ्रेंडली भगवान गणेश जी की प्रतिमा मिट्टी से बनाने की कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें स्वयं मिट्टी से गणेश जी की प्रतिमा बनाना सिखाया और लोगों को यह संदेश दिया की वह भी मिट्टी की मूर्ति बनाकर घरों में स्थापित करें।

# वैश्य मोटर साइकिल चेतना यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**वैश्य समाज** में राजनितिक चेतना जगाने निकली वैश्य मोटर साइकिल चेतना यात्रा का एक दर्जन से ज्यादा स्थानों पर भव्य स्वागत हुआ, विभिन्न बाजारों में वैश्य समाज के आलावा अन्य समाज के लोग चेतना यात्रा पर पुष्प वर्षा करने को आतुर दिखाई दिए। यात्रा को मुरथल रोड से मोटर साइकिल के लम्बे काफिले और महाराजा अग्रसेन की जय, वैश्य एकता जिंदाबाद के जयघोष के साथ शहर की मुख्य मार्गों से परिक्रमा करवाई गई। यात्रा का नेतृत्व कर रहे प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष राजीव जैन एवं युवा अध्यक्ष मुनीश गोयल समेत 18 महाराजा अग्रसेन के 18 गोत्रों पर आधारित 18 मोटर साइकिल का जत्था महाराजा अग्रसेन चौक पहुंचा तो पूर्व मंत्री कविता जैन और महाराजा अग्रसेन समाज कल्याण समिति, अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मलेन, अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन, अग्रोहा विकास ट्रस्ट एवं अन्य समाज की संस्थाओं के





सैंकड़ो प्रतिनिधियों ने स्वागत कर महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और एक अक्टूबर को जींद रैली में बढ़ चढ़ कर भाग लेने का संकल्प लिया।

यात्रा का मुरथल रोड के बाद, महाराजा अग्रसेन चौक, सुंदर मिष्ठान भंडार, पंडित श्री राम शर्मा चौक, हलवाई हट्टा, दयाल चौक, छोटी मस्जिद, गुरुद्वारा रोड, गीता भवन, मिशन चौक, लाला लाजपत राय गुड़ मंडी, काठ मंडी, प्रभु नगर मंडी, नव जीवन हस्पताल के पास मोलटन केव, ककरोई रोड, तिरंगा चौक, पंचायत भवन के पास ढोल नगाड़ों से स्वागत हुआ। राजीव जैन ने कहा कि पुरे प्रदेश में यात्रा का भव्य स्वागत हो रहा है और देर रत भी वैश्य समाज के लोग सड़कों पर खड़े होकर इंतजार करते रहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि जींद रैली वैश्य समाज की राजनीती में भागीदारी को ताकत प्रदान करेगी। यात्रा में जिलाध्यक्ष प्रदीप बंसल, नवीन मंगला, अनिल गुप्ता, पवन गुप्ता, संजय सिंगला, ओ०डी० गर्ग, पवन तायल, वरुण गोयल, तरुण गोयल, पवन गुप्ता, अनिल गुप्ता, निगम पार्षद अतुल जैन, जितेंद्र गुप्ता, सुरेश गुप्ता, अशोक गर्ग, अजय गोयल, राजेंद्र गोयल, जगदीश गर्ग, पंकज जैन, राजेंद्र अग्रवाल (अग्रसेन धाम कुंडली), अमित जैन, नीरज, प्रवेश, संदीप, मोहित, जसबीर, वेद, मुकेश, नरेंद्र, मनोज, रविंद्र आदि सैंकड़ो वैश्य बंधू साथ में मोटर साइकिल पर चले।

सोनीपत पहुँचने से पहले यात्रा का गन्नौर के वैश्य समाज ने भव्य स्वागत किया। यात्रा को महाराजा अग्रसेन चौक से रेलवे रोड से होते हुए रेलवे स्टेशन से सनातन धर्म मंदिर में लाया गया जहाँ पर यात्रा के साथ चल रहे राजीव जैन, मुनीश गोयल, प्रवीण बंसल, राहुल गर्ग, ललित महाजन, अधिवक्ता लक्की सिंगला और 18 मोटर साइकिल पर चल रहे अग्र बंधुओं का माल्यार्पण एवं पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया।

## न्यूज फ्लैश

### पावर हाउस के गेट पर स्थित त्रिमूर्ति मंदिर में चोरी

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
नारनौल। महेंद्रगढ़ रोड स्थित शिव कॉलोनी में पावर हाउस के गेट पर बने त्रिमूर्ति मंदिर में सोमवार को चोरों ने चोरी की घटना अंजाम दिया । त्रिमूर्ति मंदिर संगरक्षक अनिल सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिदिन की भांति पंडित मुरारी लाल ने रविवार सायं को भी पूजा पाठ करके रात्रि घर गए तब मंदिर में सभी सामान अपने स्थान पर था , लेकिन जब सोमवार को प्रातः सवा 5 बजे पूजा के लिए मंदिर में आये तो पाया कि मंदिर के शीशे के गेट टूटा हुआ था व अंदर जाने पर पता लगा की मंदिर से चांदी का त्रिशूल , म्यूजिक सिस्टम , लड्डू गोपाल , अष्टधातु का शिव परिवार , अष्टधातु सरस्वती माता , चांदी की बांसुरी सहित मंदिर का अन्य सामान चोरी पाया गया । मामले की जानकारी पुलिस को दी जा चुकी है । पुलिस अपने स्तर पर घटना के विभिन्न पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है। वहीं मंदिर के पुजारी मुरारी लाल , त्रिमूर्ति मंदिर संगरक्षक अनिल सैनी व सुनील गौड़ ने प्रशासन से मंदिर में चोरी हुए समान को बरामद करवाने में मदद करने की अपील की ।

### स्वयं सहायता समूह के सेल्स प्वाइंट का हुआ विधिवत उद्घाटन



**टीम एक्शन इंडिया / नारनौल**
खण्ड अटेली क्षेत्र के गांव सलीमपुर में सोमवार को हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अतिरिक्त उपायुक्त के मार्गदर्शन में राधा कृष्ण स्वयं सहायता समूह की सदस्य अनुराधा की उजाला एलईडी रिपेयरिंग और सेल्स प्वाइंट का उद्घाटन जिला कार्यात्मक प्रबंधक (एचएसआरएलएम) ईश्वर सिंह तथा स्टेट प्रोग्राम मैनेजर गिरिराज मीणा ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर मनोज कुमार खंड इंचार्ज एचएसआरएलएम ने बताया कि समूह सदस्यों को अपनी आजीविका संबंधित गतिविधियां बढ़ाने के लिए ग्राम संगठन के माध्य से सामुदायिक निवेश निधि की राशि दी जाती है जिससे उनकी परिवार की आजीविका में वृद्धि होती है। इसी दिशा में यह कार्य आगे भी जारी रहेगा। इस मौके पर योगेश खंड सहायक, परमानन्द, विरेन्द्र, अजय आदि मौजूद थे।

### एचडीएफसी बैंक ने चरखी दादरी में 'बैंक ऑन व्हील्स' वैन शुरू किया

**चरखी दादरी**: एचडीएफसी बैंक ने चरखी दादरी हरियाणा में अपनी नौवीं अत्याधुनिक 'बैंक ऑन व्हील्स' वैन पेश की है। इस पहल के साथ एचडीएफसी बैंक हरियाणा के सभी जिलों में बैंकिंग पहुंच प्रदान करने के लिए बैंकिंग सुविधा वाले अर्ध-शहरी और बैंक रहित ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के दरवाजे तक बैंकिंग पहुंचा रहा है। वैन 21 बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं की पेशकश करेगी, जिसमें कैश डिपॉजिट मशीन और एटीएम सेवाएं और विशेष रूप से अर्ध-शहरी और ग्रामीण बैंकिंग ग्राहकों के लिए डिजाइन किए गए उत्पादों की एक विशेष श्रृंखला शामिल है। 'बैंक ऑफ व्हील्स' वैन को डॉ. जयंदर सिंह छिल्लर, आईएएस, एडीसी चरखी दादरी ने श्री अनुराग कुच्छल- क्षेत्रीय ग्रामीण प्रमुख-आरबीबी, नार्थ 1, श्री सचिन महाजन, सर्कल प्रमुख आरबीबी और इंद्रमोहन गांधी - क्लस्टर प्रमुख, आरबीबी सहित एचडीएफसी बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एचडीएफसी बैंक के वरिष्ठ कार्यकारी उपाध्यक्ष और ग्रामीण बैंकिंग, आरबीबी के प्रमुख, श्री अनिल भवनानी ने कहा, "बैंक ऑन व्हील्स वैन के लॉन्च के साथ हम बैंकिंग को लोगों के दरवाजे तक ले जाकर बहुत खुशी हो रही हैं। अर्ध शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की सेवा करने का बहुत बड़ा अवसर अवरस प्राप्त हुआ है और इस पहल से हरियाणा के सभी जिलों में बैंकिंग क्षेत्रों, प्रमुख बिंदुओं पर बैंकिंग पहुंच में सुधार होगा। एचडीएफसी बैंक के पास गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, पंजाब और जम्मू और कश्मीर में 'बैंक ऑन व्हील्स' वैन भी है।

## नगर परिषद फिर चलाएगा अतिक्रमण हटाओ अभियान: राजेश

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** छावनी नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा गया कि यदि वे स्वंय अतिक्रमण नहीं हटाएंगें तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सचिव राजेश कुमार ने बताया कि इससे पहले भी अतिक्रमण कारियों को चेतावनी दी गई है। लेकिन इसके बाद भी कुछ लोग लगातार अतिक्रमण किये जा रहे है।
उन्होंनें कहा कि अतिक्रमण के कारण सड़क के किनारों पर जगह नहीं रहती जिसके कारण आने जाने वाले लोगो को समस्या का सामना करना पड़ता है। जिसके कारण कई बार जाम भी लग जाता है। उन्होनें कहा कि लोगो ने अपने घरों व दुकानों के बाहर थड़े बनवाए हुए है। जिससे बरसात के समय पानी निकासी की समस्या बन जाती है। उन्होनें यह भी कहा कि इस सप्ताह फिर से नगर परिषद कार्रवाई करने जा रहा है। जिसमें परिषद की ओर से अवैध अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही जिन्हे चेतावनी दी गई थी उनके अवैध अतिक्रमणों को भी हटवाया जाएगा।
उन्होनें कहा कि इससे पहले कि परिषद अतिक्रमण हटवाए इससे पहले ही दुकानदार खुद ही अपने अतिक्रमण हटा लें।

## श्रीमद भागवत कथा से पूर्व निकली भव्य कलश यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल** । मौहल्ला फ्रांसखाना में श्री गोपाल जी मंदिर में आयोजक शांडिल्य परिवार के द्वारा आयोजित 18 सितंबर से 24 सितंबर तक संगीतमय श्री मदभागवत कथा का आयोजन किया जा रहा हैं । कथा से पूर्व आज माता मंदिर से कलश यात्रा का शुभारम्भ किया गया जिसमे सर्वप्रथम मुख्य यजमान श्री दयाकिशन शांडिल्य,विजयकिशन शांडिल्य,प्रेम शांडिल्य ,अजय शांडिल्य ,गोपाल शांडिल्य ,बृजकिशन शांडिल्य एवंम समस्त शांडिल्य परिवार द्वारा आचार्य मनीष शास्त्री ,पं.अशोक जी एवं पं.राहुल जी ने विधिविधान से श्री गणपति पूजन , कलश और



नवग्रह तथा षोडश मातृका और पितरों का पूजन करवाया और सभी कलशो सहित ठाकुर जी का भी पूजन किया। कथा के शुभारम्भ पर आचार्य बजरंग शास्त्री जी ने कलश यात्रा का शुभारम्भ करवाया और मंदिर से घोड़ी बग्गी, बैण्ड बाजे ,राधाकृष्ण की मनमोहक झांकी और ध्वजा से युक्त भव्य कलश यात्रा निकाली गई जो मुख्य बाजार से होते हुए कथा स्थल पर जाकर सम्पन्न हुई जहाँ पर सर्वप्रथम मुख्य यजमान द्वारा भागवत जी का पूजन करवा कर भागवत जी को विराजमान किया गया और व्यास पीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया फिर भागवत आचार्य पं.बजरंग शास्त्री जी का तिलक माला के द्वारा आयोजक ने पूजन किया। कार्यक्रम के बारे जानकारी देते हुए कथा के आयोजक शांडिल्य परिवार ने बताया की प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक आचार्य पं.बजरंग शास्त्री जी महाराज अपने मुखारबिंद से भक्तो को भागवत कथा का रसपान करवाएंगे और कथा के आयोजक शांडिल्य परिवार ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओ से इस धार्मिक आयोजन मे सपरिवार आकर कर भाग लेने की अपील की।आयोजक ने बताया कि कोई भक्त इस कथा में किसी कारण ना पहुंच पाए तो इस कथा का लाइव प्रसारण यूट्यूब चैनल आचार्य बजरंग शास्त्री जी पर भी किया जा रहा है।

## 'परिवार जोड़ो अभियान के तहत जिले के हर परिवार तक पहुंचेगा आप कार्यकर्ता'

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)**
आम आदमी पार्टी के कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष जगबीर जोगनाखेड़ा और कुरुक्षेत्र लोकसभा अध्यक्ष सुमित हिंदुस्तानी ने झांसा रोड़ पर स्थित आप जिला कार्यालय में संयुक्त प्रेसवार्ता की। जगबीर जोगनाखेड़ा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के संयोजक व दिल्ली के मुख्यंत्री और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने 4000 से ज्यादा पदाधिकारियों का भिवानी में शपथग्रहण समारोह कराया और उनको संगठन की महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने उसी दिन ये ऐलान किया था कि आने वाले समय में हम हरियाणा में एक नया कार्यक्रम शुरू करेंगे। उसी के तहत हरियाणा में परिवार जोड़ो अभियान की शुरूआत की गई है। अभियान के तहत पूरे हरियाणा में 49 लाख परिवारों के पास आम आदमी पार्टी पहुंचेगी। उसी कड़ी में कुरुक्षेत्र जिले में भी आप



कार्यकर्ता हर परिवार तक पहुंचेगा। लोगों के समर्थन के लिए पार्टी की तरफ से एक नंबर भी जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी लोगों के घर जाकर उनके मुद्दे सुनने का काम करेगी और दिल्ली व पंजाब की नीतियों को प्रत्येक गांव में लोगों तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। इसके अलावा पूर्व की सरकारों की पोल खोलने का काम भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ये अभियान अपने आप में एक मिल का पत्थर साबित होगा। क्योंकि अभियान के तहत लोगों की समस्या सुनी जाएंगी और यही आम आदमी पार्टी के मेनिफेस्टो का आधार बनेगा। जगबीर ने कहा कि इस मुहिम के माध्यम से

**अभियान**

**8 कमेटी में 36 बिरादरी का ध्यान रखा जाएगा और कम से कम दो महिलाएं व तीन युवा को शामिल किया जाएगा**

ग्राऊंड स्तर पर जाकर अच्छे लोगों चिह्नित भी किया जाएगा। हर बूथ पर 10-10 और हर गांव में 21 सदसीय कमेटी भी बनाई जाएगी। उसके बाद आम आदमी पार्टी की ढाई लाख की सेना तैयार हो जाएगी।
कमेटी में 36 बिरादरी का ध्यान रखा जाएगा और कम से कम दो महिलाएं व तीन युवा को शामिल किया जाएगा। कमेटी बनने के बाद सचिव स्तर का पदाधिकारी उसकी निगरानी करेगा।

वही लोकसभा अध्यक्ष सुमित हिंदुस्तानी ने कहा कि यदि लोगों के साथ जुड़ना है तो उनके घरों तक जाना बहुत जरुरी है। जब से संगठन बना है। परिवार जोड़ो अभियान आम आदमी पार्टी का दूसरा कैंपेन है। उन्होंने कहा कि आम आमदी पार्टी के 4000 पदाधिकारियों के अलावा हजारों कार्यकर्ता ऐसे हैं जो बिना पद के भी कार्य कर रहे हैं। परिवार जोड़ो अभियान केवल मिलने का कार्यक्रम नहीं है जोड़ने का कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के बाद हर गांव में 21 सदसीय कमेटी बनाई जाएगी। वही सुमित ने कहा कि बीते दिनों हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल शहीद परिवार के घर गए थे। और घोषणा की थी कि शहीद परिवार को 50 लाख रुपये दिए जाएंगे। हिंदुस्तानी ने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणा न करते हुए उन्हें एक करोड का चैक दे और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दें।

## नाहन हाउस के चेतन के घर से नगदी व गहने चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला में चोरों का आंतक बढ़ता जा रहा है। आए दिन चोर वारदातों को अंजाम दे रहे है जबकि पुलिस चोरों को पकड़ने में नाकामयाब सिद्ध हो रही है। गत रात्रि भी चोरों ने शहर के नाहन हाउस में एक वारदात को अंजाम दिया और एक घर से नकदी व अन्य सामान चुरा कर फरार हो गए। पुलिस को दी शिकायत में नाहन हाउस निवासी चेतन शर्मा ने बताया कि वह किसी काम से अपने परिवार के साथ चण्डीगढ़ गया था जब उसने वापिस आकर देखा तो उसके घर के ताले टूटे हुए थे। उसके घर से चोरों ने 50 हजार नकदी और सोने के जेवर चुरा लिये। पुलिस

## शहीद मेजर आशीष धौंचक के घर श्रद्धांजलि देने पहुंचे भूपेंद्र सिंह हुड्डा

**श्रद्धांजलि**

**8 शहीद को भावभीनी श्रद्धांजलि दी और परिवारजनों से मिलकर उन्हें ढांढ़स बंधाया**

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा अनंतनाग में आतंकियों से हुई मुठभेड़ में शहीद मेजर आशीष धौंचक के परिजनों से मिलने पहुंचे। उन्होंने शहीद को भावभीनी श्रद्धांजलि दी और परिवारजनों से मिलकर उन्हें ढांढ़स बंधाया। हुड्डा ने कहा कि मेजर आशीष जैसे वीर सैनिकों की बदौलत ही आज देश सुरक्षित है। उन्होंने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है जिसके लिए देश हमेशा उनका और उनके परिवार का ऋणी रहेगा। पूरे देश को मेजर आशीष पर गर्व है।



## नशा मुक्ति हरियाणा की साइक्लोथान रैली 22 को पहुंचेगी अंबाला: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
डा. शालीन ने अपने कार्यालय में बैठक लेते हुए बताया कि नशा मुक्त हरियाणा थीम को लेकर कुरुक्षेत्र के लाडवा से होते हुए 22 को साइक्लोथॉन (साइकिल मैराथन रैली) जिला अम्बाला के बराड़ा उपमंडल के गांव अकालगढ़ में प्रवेश करेगी। यह साइक्लोथॉन रैली यहां से अधोया, बराड़ा अंडरब्रिज होते हुए मुख्य बाजार बराड़ा, बंसल पैलेस, दोसडका, साहा, महेशनगर, सुभाष पार्क, एयरफोर्स स्टेशन, जंडली अंडरब्रिज, जग्गी सिटी सेंटर, हर्बल पार्क होते हुए एचएपी बटालियन वन पंहुचेगी। इसी शाम के समय पुलिस डीएवी स्कूल के सभागार में नशा मुक्त हरियाणा थीम पर एक सांस्कृतिक



कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें मुख्यमंत्री के विशेष कार्य अधिकारी (विशेष प्रचार) गजेन्द्र फोगाट के साथ-साथ कॉलेज व स्कूली विद्यार्थियों के द्वारा व जिला सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग अम्बाला की भजन मंडली व कलाकारों की टीम प्रस्तुति देंगी। उपायुक्त ने कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों को सभी तैयारियां करने बारे निर्देश दिये। उपायुक्त ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि 22 सितम्बर को अकालगढ़ में साईकिल रैली का आगमन होगा, जहां पर उपमंडल अधिकारियों के साथ-साथ गणमान्य व्यक्तियों द्वारा उनका अभिनंदन किया जाएगा। इसके उपरांत जहां-जहां पर साईकिल यात्रा निकलेगी, वहां पर भी यात्रा का अभिनंदन होगा। उन्होंने कहा कि साईकिल रैली के तहत जो रूट निर्धारित है, उस पर ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित न हो, इसके लिये व्यापक रूपरेखा तैयार करनी सुनिश्चित करें।
आमजन को किसी प्रकार की परेशानी नही होनी चाहिए। उपायुक्त ने यह भी बताया कि 23 सितम्बर को प्रातः 6 बजे साईकिल रैली पंचकूला के लिये रवाना होगी, जिसमें प्रशासिनक अधिकारियों के साथ-साथ साईकलिस्ट व अन्य इसमें शामिल होकर लोगों को नशे से दूर रहने बारे जागरूक करने करने का काम किया जाएगा।

## छावनी के एसडी कॉलेज में तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** सनातन धर्म कॉलेज के यूथ रेड क्रॉस तथा पर्यावरण जागरूकता क्लब के संयुक्त तत्वाधान में विश्व ओजोन दिवस को मनाने के लिए "इको फेस्ट" का आयोजन किया गया ' इस फेस्ट के अंतर्गत कई प्रतियोगिताएं करवाई गई इको फेस्ट का शुभारंभ प्राचार्य डॉ राजेंद्र सिंह ने छात्रों को संबोधित करके किया ' उन्होंने छात्रों को पर्यावरण के प्रति सजग रहने तथा संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाने के लिए प्रोत्साहित किया ' कॉलेज के जन सम्पर्क अधिकारी डॉ नवीन गुलाटी ने बताया कि सनातन धर्म



कॉलेज में कई पर्यावरण संरक्षण प्रोजेक्ट लगाए गए हैं जिन में वर्मी कंपोस्ट , वर्षा जल संचयन तथा सौर ऊर्जा संरक्षण प्रमुख है' कार्यक्रम की शुरूआत में सभी छात्रों ने ग्रीन एंबेसडर के बैच लगाकर तथा हरे परिधान पहन कर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया तथा शपथ ली कि पर्यावरण को हमेशा बचा कर रखेंगे ' इसके पश्चात प्रांगण में कई तरह के पौधे लगाए गए। प्रांगण में पर्यावरण संरक्षण की जानकारी देने के लिए छात्रों को इको टूर लगवाया गया ' कार्यक्रम के अंतर्गत इको प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया।

## धरना के लिए स्थान की मांग को लेकर आशा वर्करों ने सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**मुख्यमंत्री** से मिलने पहुंची आशा वर्करों को पुलिस ने डिटेन करते हुए उनसे मिलने नहीं दिया और उन्हे महिला पुलिस थाना में रोक लिया। जिसके आज भी आशा वर्करों ने प्रदर्शन किया। आशा वर्करों का कहना था कि अम्बाला में उनके पास प्रदर्शन करने का प्रर्याप्त स्थान ही नहीं है। जिसको लेकर वह आज डीसी को ज्ञापन देने जा रही है। दोपहर आशा वर्कर अम्बाला शहर बस स्टैंड के नजदीक हाथों में झंडे लेकर इकटठी हुई और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए डीसी कार्यालय पहुंची तथा यहां पर अधिकारी को ज्ञापन सौंपा और

**प्रदर्शन**

**8 आशा वर्करों का कहना था कि अम्बाला में उनके पास प्रदर्शन करने का प्रर्याप्त स्थान ही नहीं है**

मांग की उन्हे धरना प्रदर्शन करने के लिए एक निर्धारित स्थान दिया जाए जहां वे शांतिपूर्वक तरीके से अपना धरना जारी कर सके। गौरतलब है कि पिछले कई महीनों से मांगो को लेकर आशा वर्कर धरने प्रदर्शन कर रही है। इस बीच वे कई बार मंत्रियों व विधायकों के घरों का घेराव भी कर चुकी है लेकिन सरकार ने पुलिस की सहायता से उन्हे अपनी



बात रखने से रोका।
गत दिवस भी सीएम के जनसवांद में आशा वर्कर नारे लगाती हुई जैन कॉलेज के पास पहुंची लेकिन पुलिस ने सभी को डिटेन करते हुए 8.30 बजे तक महिला थाने में रखा। इसके बाद उन्हे छोड़ दिया गया। इस पर आशा वर्करों ने कहा कि सीएम हरियाणा के नागरिकों के है और वे भी हरियाणा की नागरिक है और उन्हे भी अपनी मांग रखने का पूरा हक है। सीटू नेता सतीश सेठी व रमेश नन्हेड़ा ने कहा कि आशा वर्कर्स को 2005 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत लगाया गया था। उनको गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशु और बच्चों के स्वास्थ्य से संबंधित लगभग 40 काम दिए गए। उन्होंने अपना काम बखूबी किया जिसकी वजह से 2005 में 1000 जीवित जन्म पर 58 शिशुओं की मौत 2023 में कम होकर 26 पर आ गई है। 2005 में एक लाख प्रसव पर 167 मां की मौत हो जाती थी जो 2022 में कम होकर 95 रह गई है। नियमित टीकाकरण 2005 में 27 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 90% से ज्यादा हो गया है। संस्थागत प्रसूति 2005 में 43% से बढ़कर 2023 में 99% हो गई है। आशाओं के शानदार काम की बदौलत हासिल की गई इस उपलब्धि को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी सराहना की।

# श्री रामलीला कमेटी मॉडल टाउन की वार्षिक आमसभा संपन्न











**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पिछले** 54 वर्षों से निरंतर रामलीला मंचन के माध्यम से प्रभु श्रीराम के आदर्शों से अवगत करा रही श्री रामलीला कमेटी मॉडल टाउन सैंकड़ की वार्षिक आमसभा जी.टी. करनाल रोड़ स्थित ग्रीन लाउंज बैंक्विट में सफलता पूर्वक संपन्न हुई। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक अखिलेश पति त्रिपाठी, पूर्व विधायक कंवर करण सिंह, पूर्व जोन चेयरमैन नाथूराम नगर, पूर्व निगम प्रत्याशी जे के डावर, विनोद वधवा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान महामंत्री राज अरोड़ा ने पिछले साल की गतिविधियों को सभी लोगों के समक्ष रखा और बताया कि गत वर्ष रामलीला कमेटी की ओर से विभिन्न संस्थानों और जरूरतमंद लोगों के प्रति 8 लाख की राशी दान पुण्य



और चैरिटी में वितरित की गई। कोषाध्यक्ष राकेश साहनी ने पिछले साल के आय व्यय का ब्यौरा दिया। जिसको सर्वसम्मति से पास किया गया। रामलीला के सीनियर वाइस चेयरमैन निर्भय नरूला ने सभी उपस्थित सदस्यों एवं मेहमानों का व्यक्तिगत परिचय कराया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष रामलीला मंचन के लिए अनुबंध श्री राम लखन रामलीला कलाकार नाट्य मंच को दिया गया है, जोकि काफी अलग और भव्य होगा, इसकी एक बानगी रामलीला के कुछ मुख्य पात्रों ने अपने अभिनय की पेशकश करके दी। उन्होंने कहा की हमारी कोशिश रहेगी कि इस बार की रामलीला का पिछली बार से भी अधिक भव्य तरीके से आयोजन करें। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया की मुहूर्त निकाल कर सर्व समिति से यह तय किया गया है की रामलीला मंचन के लिए 24 सितंबर रविवार को भूमि पूजन तथा प्रथम नवरात्र 15 अक्टूबर से रामलीला की जीवंत प्रस्तुति की जाएगी। उन्होंने बताया कि हमारी रीत बन चुकी है की चैरिटी पिछले वर्षों की तरह इस बार भी जारी रहेगी। उन्होंने सभी सदस्यों से आग्रह किया कि अपने बच्चों को रामलीला अवश्य दिखाए। इस अवसर पर युवा शक्ति नायक रक्षित शर्मा ने युवाओं को रामलीला के प्रति और धर्म के प्रति प्रेरित किया और कहा कि हमें स्कूलों और कॉलेज में भी रामलीला का मंचन करना चाहिए। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के मुख्य संरक्षक नरेंद्र चुघ, चेयरमैन अजीत चावला, सीनियर वाइस चेयरमैन निर्भय नरूला, प्रधान अजय विरमानी, महामंत्री राज अरोड़ा, कोषाध्यक्ष राकेश साहनी, संस्थापक रमेश ग्रोवर सहित समस्त पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे। साथ ही रामलीला के समस्त सदस्य, दान दाता व अन्य लोग शामिल हुए।




## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर किया पौधारोपण




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी का जन्मदिन नरेला के सेक्टर-ए5 स्थित पूर्वांचल चौक पर रेहडी-पटरी साप्ताहिक बाजार की ओर से केक काटकर जोर-शोर से मनाया गया। इस मौके पर नरेला विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक नीलदमन खत्री, पूर्व निगम पार्षद डाक्टर अर्चना, वार्ड नम्बर-3 होलम्बी कलां के अध्यक्ष आत्माराम ठाकुर, महामंत्री सुदामा मौजूद रहे। इस अवसर पर नरेला विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक नीलदमन खत्री ने पौधारोपण किया और कहा कि सभी को अपने-अपने जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य ही लगाना चाहिए। साथ ही श्री खत्री ने उपस्थित लोगों को केन्द्र सरकार की योजनाओं से भी अवगत कराया। इस मौके पर सागर यादव प्रधान एवं सहसंयोजक रेहडी-पटरी साप्ताहिक बाजार भारतीय जनता पार्टी, राजेश गौतम सदस्य टीवीसी, मालती देवी सदस्य टीवीसी, विजय कुशवाहा अध्यक्ष पूर्वांचल मोर्चा, विनोद वर्मा सदस्य टीवीसी, संजय यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## कथा में बताई गई बातों को जीवन में उतारें: महाराज




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके के जे ब्लॉक में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन कथा वाचक श्रद्धेय श्री शिवानंद राधेय जी महाराज ने बताया कि सभी अपने माता-पिता और गुरूजनों व बड़े-बुजुर्गों का आदर करें। उन्होंने आगे बताया कि जहां पर भी कथा का आयोजन हो रहा हो वहां पर समय निकालकर अवश्य ही जाये और कथा का श्रवण ध्यान पूर्वक करें और कथा में बताई गई बातों को अपने जीवन में अवश्य ही उतारें। आपको बतादें कि कथा का आयोजन सेवा समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट बृजधाम गोर्वधन के तत्वाधान में किया जा रहा है। इस मौके पर मुख्य यजमान प्रेमराज यादव व सुनीता यादव और सेवादार कुंता जी, नीरज यादव, त्रिवेणी यादव सहित सैकड़ों की संख्या में भक्त मौजूद रहे। आपको बातदें कि यह कथा 24 सितंबर तक आयोजित की जायेगी। कथा में आये हुए भक्तजनों ने ध्यानपूर्वक कथा श्रवण की।

## नरेला: धूमधाम से निकाली खाटू श्याम जी की निशान पदयात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
नरेला में सुबह श्याम मित्र मंडल मेन बाजार के तत्वाधान में खाटू श्याम जी की भव्य निशान पदयात्रा निकाली गई। निशान पदयात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। निशान पदयात्रा नरेला के मेन बाजार स्थित सनातन धर्म शिव शक्ति मंदिर से जीटी करनाल रोड़ अलीपुर स्थित खाटू श्याम दिल्ली धाम मंदिर तक निकाली गई। निशान पदयात्रा में सैकड़ो महिलाओं सहित युवा श्रद्धालु लाल, पीले ध्वज निशान लेकर श्याम गुणगान करते हुए शामिल हुए। बाहरी दिल्ली के नरेला में रविवार को श्याम भक्तों का जोश देखते ही बनता था। श्याम मित्र




मंडल की ओर से मासिक चतुर्थ खाटू श्याम जी की भव्य निशान पदयात्रा का आयोजन किया। रविवार सुबह श्रद्धालुओं ने मेन बाजार स्थित सनातन धर्म शिव शक्ति मंदिर में ज्योति प्रज्वलित कर कर निशानों की पूजा की। उसके बाद श्याम बाबा के जयघोष के साथ निशान पद यात्रा का शुभारंभ हुआ। निशान पदयात्रा में सैकड़ो की संख्या में महिलाओं सहित युवा श्रद्धालु लाल, पीले ध्वज लेकर श्याम गुणगान करते हुए शामिल हुए। निशान पदयात्रा मेन बाजार नरेला से शुरू होकर विभिन्न मार्गो से होती हुई जीटी करनाल रोड़ होते हुए खाटू श्याम दिल्ली धाम मंदिर में संपन्न हुई। जहां भक्तों ने अपने हाथों से निशान को बाबा को समर्पित कर पूजा पाठ किया। निशान पदयात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। श्याम मित्र मंडल से अनिल गर्ग ने बताया कि हर महीने के शुक्ल पक्ष के प्रथम रविवार को श्याम मित्र मंडल द्वारा खाटू श्याम निशान पदयात्रा का आयोजन किया जाता है। इस बार चतुर्थ निशान पद यात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा में अनिल गर्ग, राजीव बंसल, संजय बंसल, राजेंद्र गर्ग, मनोज सिंघल, राहुल मंगला, सुनील सिंघल, रूपेश बंसल, साहिल गर्ग, हरिओम अग्निहोत्री, अजय बंसल, पवन सिंघल, दीपक पाराशर, अमित गौतम, पंकज खत्री, नवीन गर्ग, हेमंत शास्त्री, सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।



शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर लड्डू बांटते हुए समाजसेवी सत्यपाल शर्मा, ऋषि शर्मा व लक्ष्मी नारायण राठौर व अन्य।

## यादव भवन में यादव महासभा की बैठक हुई संपन्न




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**गुरुग्राम** के सेक्टर 10-ए के कृष्ण मंदिर, यादव भवन में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की पहली प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। इस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश यादव ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर महिला अध्यक्ष सुभाषिणी शरद यादव, तिजारा विधायक संदीप यादव, प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान, बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव हेमंत यादव, निशा यादव, अतिथि के रूप में पधारे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ हिम्मत यादव प्रदेश अध्यक्ष, कृष्ण राव, युवा प्रदेश अध्यक्ष, कुशल राज सिंह जी, कार्यकारी अध्यक्ष ने की। गुरुग्राम व आस-पास के मुख्य-मौजीज परिवार व सरदारी मौजूद रही। इस अवसर पर समाज को बढ़ाने और जोड़ने बात पर विशेष बात की गई और राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश यादव ने अपने संबोधन में कहा कि अहीर रेजिमेंट को बनवाने के लिये आगामी 26 नवंबर को रामलीला मैदान दिल्ली में पूरे भारतवर्ष से यदुवंशी समाज के लाखों की तदात में इकट्ठा होंगे व रेजिमेंट के गठन का लक्ष्य हासिल करके रहेंगे।

## एबीवीपी के समर्थन में जहांगीरपुरी में हुई बैठक

### भाजपा नेता डॉ. विपिन पिव्हाल ने युवाओ को किया जागरूक




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के जहांगीरपुरी इलाके में भाजपा नेता डॉ. विपिन पिव्हाल ने एबीवीपी उम्मीदवारों के समर्थन में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में दिल्ली के कई कॉलजों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर पंकज, दिपांशु गोयल, राहुल कुमार, हिमांशु, रवि, माधव और यश सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर भाजपा नेता डॉ. विपिन पिव्हाल ने कॉलेज में शिक्षा हासिल कर रहे विद्यार्थियों को बताया कि एबीवीपी हमेशा ही विद्यार्थियों के हित में कार्य करती है। भाजपा नेता डॉ. पिव्हाल ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में एबीवीपी उम्मीदवारों का समर्थन करें।

# नियमित योग व पौष्टिक आहार स्वस्थ जीवन की कुंजी: डीसी विक्रम सिंह



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसी विक्रम सिंह के निदेर्शानुसार जिला फरीदाबाद में पोषण माह का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सुरेखा देवी की अध्यक्षता में एनआईटी-2 में आंगनवाड़ी कार्यकताओं के लिए योग प्रशिक्षण कैम्प आयोजन किया गया। आयुष विभाग से योग शिक्षक विकास यादव द्वारा सभी कार्यकताओं को योग के महत्व के बारे में बताया गया और योग सिखाया गया। परियोजना अधिकारी सुरेखा देवी द्वारा 0-6 माह के बच्चों के लिए माँ के दूध के महत्व के बारे में बताया गया। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सुरेखा देवी ने कहा कि पोषण माह के तहत विभाग द्वारा अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें कुपोषण से पीड़ित बच्चों और महिलाओं को जागृति मिलेगी और वे अपनी खुराक की ओर पूरा ध्यान देंगे। ताकि जच्चा-बच्चा दोनों सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि यदि कोई बच्चा पोषण लेने के लिए प्रतिबद्ध होगा तो निश्चित रूप से वे इसकी जानकारी अपने परिवार में साझा करेंगे, जिससे परिवार के अन्य सदस्यों को भी प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य को लेकर कभी भी किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। यदि कोई समस्या महसूस हो रही हो तो स्थायी निवासियों से संपर्क करना चाहिए। हर महिला स्वस्थ बच्चे को जन्म देना चाहती है।

इसके लिए गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक आहार का सेवन पर्याप्त मात्रा में करना अत्यंत आवश्यक है। गर्भवती महिला को ऐसा आहार ग्रहण करना चाहिए जो उसके गर्भस्थ शिशु का पोषण करे। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आवेदन के माध्यम से जाने वाली विभिन्न जन कल्याण योजनाएं और निर्देश जैसे आपकी बेटी हमारी बेटी, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, समृद्ध पोषाहार, आदि के बारे में जानकारी दी। पोषण जागरूकता अभियान में कार्यकर्ताओ को पोषण अभियान की शपथ दिलाकर कार्यक्रम कार्यक्रम का समापन हुआ।

# लिटरेसी अवेयरनेस कार्यक्रम के अंतर्गत कैंप का आयोजन: एसएल खत्री



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशक के आदेशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुकीर्ति गोयल के कुशल मार्गदर्शन में आज आज मुजेसर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा राजकीय प्राइमरी विद्यालय में "लिटरेसी अवेयरनेस कार्यक्रम" के अंतर्गत कैम्पों का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को जेजे एक्ट, पास्को एक्ट सहित अन्य कानूनी जानकारी दी। कैम्पों में एडवोकेट जीत सिंह रावत, पीएलवी हरदीप कौर, पीएलवी करण द्वारा बच्चों को बारीकी से जानकारी दी गई। इसके साथ ही जिला बाल संरक्षण इकाई से प्रवीण कुमार ने भी पास्को एक्ट, जेजे एक्ट पर प्रकाश डाला। जिला बाल कल्याण अधिकारी एसएल खत्री ने भी बच्चों के सम्मुख अपने विचार रखें और बच्चों को परिवार के साथ साथ देश की अमूल्य निधि बताया तथा उदाहरण देकर बच्चों को उनके अधिकारों के बारे में जागृत करते हुए बताया कि, की किसी अनजान व्यक्ति के किसी भी प्रकार के प्रलोभन में न आये ऐसी घटना की जानकारी अपने माता पिता को दे और सुरक्षित रहे। कार्यक्रम अधिकारी श्री अनिल दहिया ने बच्चों से अनुरोध किया कि वह अपने फीडबैक लिखकर उपलब्ध करवाये। जिससे बच्चों की समस्याओं का तार्किक एवं आधुनिक तरीके से समाधान हो सके।

# डीसी विक्रम सिंह की राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के केसों की समीक्षा

**समीक्षा बैठक**

**8 डीसी ने कहा, राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल पर्यावरण के केसों का निपटान गम्भीरता से करें अधिकारी**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसी विक्रम सिंह की अध्यक्षता में आज सोमवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में जिला फरीदाबाद में लंबित राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के केसों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल पर्यावरण के केसों का निपटान अधिकारी गंभीरता से करें। डीसी विक्रम ने एनजीटी के केसों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। डीसी विक्रम सिंह ने राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल पर्यावरण के केसों समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल पर्यावरण के केसों का निपटान अधिकारी समयबद्ध तरीके से धरातल पर निरीक्षण करके पूरा करें। उन्होंने कहा कि सभी केसों का निपटान एनजीटी की हिदायतों के अनुसार ही करना सुनिश्चित करें। जिस विभाग की जो भी जिम्मेदारी है। उसे निर्धारित समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें।

वहीं उन्होंने बैठक में एनजीटी के टोटल 16 केसों केसों की एक-एक करके समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल अधिकरण एनसीआर में गंभीरता से कार्य कर रहा है। इसलिए एनजीटी द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला फरीदाबाद में नियमों की पालना करना सुनिश्चित करें। बता दें विगत 18 अक्टूबर 2010 को राष्ट्रीय हरित अधिकरण की स्थापना राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम 2010 के तहत पर्यावरण बचाव और वन संरक्षण और अन्य प्राकृतिक संसाधन सहित पर्यावरण से संबंधित किसी भी कानूनी अधिकार के प्रवर्तन और क्षतिग्रस्त व्यक्ति अथवा संपत्ति के लिए अनुतोष और क्षतिपूर्ति प्रदान करना और इससे जुडे.हुए मामलों का प्रभावशाली तथा तीव्र गति से निपटारा करने के लिए किया गया है।

यह एक विशिष्ट निकाय है, जो कि पर्यावरण विवादों बहु-अनुशासनिक मामलों सहित, सुविज्ञता से संचालित करने के लिए सभी आवश्यक तंत्रों से सुसज्जित है। यह अधिकरण 1908 के नागरिक कार्यविधि के द्वारा दिए गए कार्यविधि से प्रतिबद्ध नहीं है। लेकिन प्रकृतिक न्याय सिद्धांतों से निर्देशित है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल पर्यावरण से संबंधित सभी मामलों के तहत सुनवाई कर सकता है। वन अधिनियम 1980, वायु प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम 1981,जल अधिनियम 1974, जल उपकरण अधिनियम 1977, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986, जैव विविधता अधिनियम 2002 शामिल हैं। एनजीटी का न्यायिक क्षेत्र बहुत अधिक विस्तार है। इसे सिविल न्यायालय की शक्तियां की प्राप्त है और दंड के रूप में अधिकतम 3 वर्षों की सजा तथा ?10 करोड़ रुपये की धनराशि के आर्थिक दंड दे सकता है। बैठक में एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम बड़खल अमित मान, डीआरओ बिजेन्द्र राणा, एसीपी मुख्यालय अभिमन्यु गोयत, एडीए विनीत चौधरी, प्रदूषण बोर्ड से आरओ संदीप सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# धनखड़ ने किया मुख्यमंत्री की कुर्सी की ओर संकेत

**टीम एक्शन इंडिया/ झज्जर** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ द्वारा सोमवार को अपने विधानसभा क्षेत्र बादली में दिया गया एक बयान वायरल हो गया। इसमें उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव हारने के बाद पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। जनता व पार्टी का आशीर्वाद मिला तो एक नंबर की कुर्सी भी मिल जाएगी। विधानसभा चुनाव हारने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहयोग से प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया, जबकि पार्टी में केंद्रीय मंत्री, सांसद और एमएलए सहित कई बड़े नेता थे।

# हिन्दू धर्म में विश्वकर्मा भगवान को माना जाता है सृजन का देवता



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।।** ओल्ड फरीदाबाद स्थित भारत कालोनी में श्री विश्वकर्मा भगवान की मूर्ति स्थापना और हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला ने शिरकत की, जबकि कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में कुंवर बालू सिंह एडवोकेट, रिंकू सैलानी, राजेंद्र खारी मौजूद रहे। इस मौके पर लखन सिंगला ने भगवान विश्वकर्मा को नमन करते हुए कहा कि हिन्दू धर्म में विश्वकर्मा को निर्माण एवं सृजन का देवता माना जाता है। मान्यता है कि सोने की लंका का निर्माण उन्होंने ही किया था। विश्वकर्मा जयंती हिंदू धर्म में ब्रह्मांड के दिव्य वास्तुकार भगवान विश्वकर्मा को समर्पित है। विश्वकर्मा भाद्र केबंगाली महीने के अंतिम दिन, विशेष रूप से भद्रा संक्रांति पर निर्धारित की जाती है। यही कारण है कि जब सूर्य सिंह सेकन्या पर हस्ताक्षर करता है इसे कन्या सक्रांति के रूप में भी जाना जाता है। श्री सिंगला ने भगवान विश्वकर्मा से समाज में सुख-समृद्धि की कामना की और लोगों से भाईचारे व एकता की अपील की। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचने लखन सिंगला का आयोजन समिति के सदस्यों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर नितिन सिंगला, ओपी भाटी, विजय कुमार, शैलेंद्र शर्मा, सूरज ढेढा, संजीव मास्टर, ललित कसाना, लिखी राम चौधरी, ओमप्रकाश पंडित, अजय सिंह नागर, रुपेश, रामचंद्र यादव, जवाहर शर्मा, बालकिशन शर्मा, रामविलास शर्मा, पप्पू ठाकुर, किशोर शर्मा, राकेश सिंह, शिखर, रमेश फौजी, सतीश गिरी, दिलीप भारती, राजू गिरी, सुरेश महत्व, गजेंद्र प्रसाद, डा. सतीश, संजय गोयल, रामजी शर्मा, सोताश गुर्जर, भगत सिंह, डा. निंद्राज पवार, डा. गोला, कुमरचंद्र ठाकुर, राजीव तनेजा सहित अनेकों लोग मौजूद थे।

# पुलिस कर्मियों की बढ़ाई जाएगी क्षमता व दक्षता

**टीम एक्शन इंडिया/ चंडीगढ़** हरियाणा में पुलिस कर्मचारियों की क्षमता व दक्षता बढ़ाने के लिए जिला स्तर पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने सोमवार को प्रदेश के आला पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करके इस बारे में रणनीति को मंजूरी प्रदान की।

बैठक में पुलिस कर्मियों के प्रशिक्षण करवाने संबंधी विषय पर बोलते हुए कपूर ने कहा कि समय के साथ साथ पुलिस कर्मियों का प्रशिक्षण करवाए जाना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए जिला स्तर पर प्रशिक्षण स्कूलों के माध्यम से उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बैठक में उपस्थित एडीजीपी एडमिनिस्ट्रेशन कला रामचंद्रन से कहा कि वह पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षण देने के लिए एक्टिविटी कैलेंडर तैयार करवाएं और उसके अनुरूप उनका प्रशिक्षण करवाएं। उन्होंने कहा कि इसके लिए हरियाणा पुलिस अकादमी से प्रशिक्षित लोगों को जिलों में भेजा जाएगा। एक जिला में इस प्रकार के दो प्रशिक्षित व्यक्ति लगाए जाएंगे जो पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण देंगे। शत्रुजीत कपूर ने पुलिस जांच की गुणवत्ता को लेकर चर्चा करते हुए कहा कि पुलिस जांच कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा क्षमता निर्माण को लेकर एक लीगल एडवाइजर की नियुक्ति की जाएगी। लीगल एडवाइजर द्वारा जांच के दौरान समय-2 पर कानूनी मार्गदर्शन किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने पुलिस थानों में वर्किंग को सुधारने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

बैठक में महिला सुरक्षा पर डीजीपी ने कहा कि प्रदेश में महिलाएं न केवल घरों में बल्कि सार्वजनिक स्थानों पर भी स्वयं को सुरक्षित महसूस करें, इसे लेकर विभाग द्वारा कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जल्द की 112 की वेबसाइट पर महिलाओं का डेटाबेस तैयार करने को लेकर लिंक जनरेट किया जाएगा।प्रदेश में कार्यरत सभी शिक्षण संस्थानों, कॉरपोरेट सहित अन्य संस्थानों के प्रतिनिधियों के सहयोग से इस वेबसाइट पर महिलाओं का डेटा अपलोड किया जाएगा।

# उपायुक्त विक्रम सिंह ने किया अजरौंदा पटवार घर का औचक निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** उपायुक्त विक्रम सिंह ने सोमवार को अजरौंदा गांव स्थित पटवार घर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वहां एक पटवारी मौके पर मिल जबकि दो क्षेत्रों के पटवारी सीट पर नहीं मिले। इस पर उपायुक्त ने तहसीलदार फरीदाबाद को मौके पर बुलाकर निर्देश दिए कि सभी की मूवमेंट चेक करो और अगर बगैर किसी कार्य के कार्यालय से गायब हैं तो उनके खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई करें। उपायुक्त विक्रम सिंह दोपहर करीब 12 बजे अचानक अजरौंदा गांव स्थित पटवार घर का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। निरीक्षण के दौरान पटवार घर में अलग-अलग कार्यों से आने वाले लोगों से जानकारी ली। उनसे पूछा कि वह किस कार्य के लिए आए हुए हैं और उन्हें किन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि

**निर्देश**

**8 एक पटवारी मौके पर मिला, दो पटवारी नहीं मिले, तहसीलदार को कार्रवाई करने के दिए निर्देश**

एक पटवारी मौके पर था जबकि दो पटवारी अपनी सीटों पर नहीं थे और किसी कार्य से तहसील अथवा दूसरे स्थानों पर गए हुए हैं।

इस पर उपायुक्त ने तुरंत तहसीलदार फरीदाबाद सुरेश कुमार को बुलाया और मूवमेंट चेक करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कार्यालय समय में संबंधित पटवारी अपने-अपने पटवार घर में मौजूद होना चाहिए। उपायुक्त ने वहां पहुंचे सभी लोगों के नाम व मोबाईल नंबर भी नोट किए ताकि बाद में उनके काम से संबंधित जानकारी ले सकें ।

# सीएम का जनसंवाद कार्यक्रम बना जन विवाद: ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रदेशभर में चल रहे जनसंवाद कार्यक्रमों के दौरान हो रही घटनाओं को लेकर आम आदमी पार्टी (आआपा) ने राज्य सरकार को घेर लिया है।

आआपा के प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने सोमवार को चंडीगढ़ में कहा कि सीएम का जनसंवाद कार्यक्रम जन विवाद कार्यक्रम बनकर रह गया है। जनसंवाद कार्यक्रम में लोग अपनी समस्याएं लेकर आते हैं, लेकिन उन्हें बोलने नहीं दिया जाता। उनको जनसंवाद कार्यक्रम में आने नहीं दिया जाता तो ये जनसंवाद किस नाम का है।

उन्होंने कहाकि शहरी निकाय मंत्री कमल गुप्ता के कार्यक्रम में आशा वर्कर्स अपनी बात रखना चाहती थीं, लेकिन उनको बोलने नहीं दिया गया। वहां पर हंगामा हो गया और मंत्री कार्यक्रम को छोडकर चले गए।

इसके बाद कृषि मंत्री जेपी दलाल के कार्यक्रम में फिर वही दोहराया गया, आशा वर्कर्स को आने नहीं दिया गया। फिर हंगामा हुआ और जनसंवाद कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा और मुख्यमंत्री के जनसंवाद से पहले ही आशा वर्करों, किसानों को गिरफ्तार किया जा रहा है।

# नाबालिक लड़की के साथ छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर सुनीता व उनकी टीम ने नाबालिक लड़की के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम सक्षम(19) है जो पीड़ित लड़की के पड़ोस में रहता है। 15 सितंबर को पीड़ित लड़की ने अपने परिजनों के साथ आकर एनआईटी थाने में शिकायत दी जिसमें उसने बताया कि उसकी उम्र 16 वर्ष है और वह दसवीं कक्षा की छात्रा है। उसके पड़ोस में आरोपी सक्षम रहता है। लड़की ने बताया कि वह 14 सितंबर को अपनी मां के साथ सब्जी लेने के लिए घर से बाहर गई थी। सब्जी लेने के पश्चात लड़की की मां ने लड़की को सब्जी पकड़ाई और कहा कि वह सब्जी घर पर रख आए।

लड़की अपनी मां को वहां पर छोड़कर वापस अपने घर आ रही थी कि आरोपी ने गलत नीयत से लड़की का हाथ पकड़ा और उसको गलत तरीके से छुआ। थोड़ी देर में लड़की की मां वहां आई तो उसे देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने बताया कि जब वह स्कूल जाती है तो आरोपी उसका पीछा करता है और उसको गलत नजर से देखा है। पीड़िता की शिकायत पर थाने में लीगल एडवाइजर को बुलाकर लड़की के बयान अंकित करवाए गए और पीड़िता की शिकायत के आधार पर थाने में पोक्सो एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू की गई। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एएसआई सुनील और एएसआई बसंत ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह लड़की से प्यार करता है परंतु लड़की उससे प्यार नहीं करती। आरोपी ने बताया कि वह लड़की को पसंद करता है इसलिए उसका पीछा करता था। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

# सोशल मीडिया कार्यशाला में 2024 में हरियाणा में लोकसभा की 10 में से 10 सीट जीतने के लगे जयघोष



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** भाजपा द्वारा अपने सोशल मीडिया नेटवर्क को धार देने के लिए शंखनाद अभियान के अंतर्गत पूरे देश और प्रदेश में जिला स्तर तक सोशल मीडिया कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत अटल कमल भाजपा ज़िला कार्यालय पर भाजपा ज़िला फरीदाबाद की सोशल मीडिया कार्यशाला सम्पन्न हुई कसोशल मीडिया कार्यशाला में भाजपा ज़िला महामंत्री मूलचंद मित्तल, बढ़कल से विधायिका सीमा त्रिखा, प्रदेश प्रवक्ता और प्रदेश मीडिया टोली सदस्य वंदना पोपली, राष्ट्रीय सोशल मीडिया विभाग से शंखनाद अभियान के उतर भारत संयोजक हर्ष चतुवेर्दी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य और पूर्व प्रदेश सोशल मीडिया प्रमुख अरुण यादव, लोकसभा मीडिया प्रभारी रामबीर भाटी, प्रदेश सह प्रवक्ता बिजेन्द्र नेहरा, प्रदेश फेसबुक वर्टीकल प्रमुख विकास चोपड़ा, ज़िला सोशल मीडिया प्रमुख विनोद गुप्ता, ज़िला आई टी प्रमुख अमित मिश्रा, सह प्रमुख राज मदान, सचेत जैन, प्रिया सहगल, अविनाश ठाकुर, हिमांशु मिश्रा आदि उपस्थित रहे और उन्होंने सोशल मीडिया कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया क शंखनाद अभियान के तहत आयोजित जिला कार्यशाला में फरीदाबाद भाजपा के जिला विधानसभा मंडल और मोर्चों के लगभग 200 कार्यकताओं ने प्रशिक्षण लिया कजिला कार्यशाला का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुआ और सोशल मीडिया एक्सपर्ट्स ने कई सत्रों में अलग अलग विषयों पर कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया क इस दौरान हरियाणा की सभी 10 में से 10 लोकसभा की सीट जीतने और तीसरी बार प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने के जय घोष भी लगे कज़िला महामंत्री और सोशल मीडिया प्रभारी मूलचंद मित्तल ने कहा कि भाजपा सोशल मीडिया फरीदाबाद के कार्यकर्त्ता संगठन के महत्वपूर्ण कार्यकर्त्ता हैं,

जो पार्टी के लिए दिन रात समर्पित होकर दिन रात सक्रिय रहते हैं और विरोधियों के दुष्प्रचार और गलत नेरेटिव का मुकाबला करते हैं और पार्टी के लिए सकारात्मक प्रचार प्रसार करते हैं क कार्यशाला में सोशल मीडिया के माध्यम से जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन जन पहुँचाने के निर्देश भी दिए गए कआज के डिजिटल युग को देखते हुए उन्होंने कहा कि 20 24 की जीत में सोशल मीडिया भाजपा का मुख्य हथियार बनेगा क भाजपा के ज़िला मीडिया एवं सोशल मीडिया प्रमुख विनोद गुप्ता ने बताया कि 2024 चुनाव को लेकर भाजपा अपने इस विभाग को और ज्यादा मजबूत करने के लिए देश और प्रदेश भर में शंखनाद अभियान चलाया हुआ है। जिसके तहत हरियाणा के सभी ज़िलों में लगातार जिला कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है । कार्यशाला में राष्ट्रीय और प्रदेश टीम से आए सोशल मीडिया एक्स्पर्ट्स में कार्यकताओं को सोशल मीडिया के महत्वपूर्ण टिप्स दिए क 2024' चुनाव में समय बहुत कम है और प्अरशिक्बषण से लेस हमारे कार्यकर्त्ता पूरी ताकत से पिछले 9 साल के विकास को जनता तक पहुचाएंगे और जनता की हित की योजनाओं का प्रचार प्रसार करेंगे कफरीदाबाद आई टी विभाग के जिला संयोजक अमित मिश्रा ने कहा कि आज की राजनीति में सोशल मीडिया की अहम भूमिका है कप्रशिक्षण एक निरंतर प्रक्रिया है और संगठन लगातार कार्यकताओं को प्रशिक्षण के माध्यम से अपडेट करते रहते हैं क आज की कार्यशाला में हमारे जिले के डिजिटल योद्धाओं को सोशल मीडिया के अलग अलग विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई ताकि 2024 के लोकसभा चुनाव में 400 से ज्यादा सीटों पर विजयी बनाकर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएं क

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 19 सितंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

## फास्ट न्यूज

### सीबीआई ने अपने आप बंद कर दी थी माणिक के खिलाफ जांच, हाई कोर्ट आग बबूला

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
पश्चिम बंगाल के बहुचर्चित शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार के मामले में जांच कर रहे केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अपने आप इस मामले में गिरफ्तार किए गए तृणमूल विधायक और प्राथमिक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष माणिक भट्टाचार्य के खिलाफ जांच बंद कर दी थी। इसे लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट ने सोमवार को तीखी नाराजगी जताई। न्यायमूर्ति अभिजीत गांगुली ने पूछा कि सीबीआई ने आखिर क्यों माणिक भट्टाचार्य के खिलाफ जांच बंद की? उन पर परीक्षार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं से छेड़छाड़ के आरोप हैं। इस मामले में कुछ भी जांच नहीं हो रही है। हालांकि सीबीआई के अधिवक्ता ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने माणिक भट्टाचार्य के खिलाफ कड़ा कदम उठाने से रोक लगाई है। इस पर न्यायाधीश ने कहा कि कड़ा कदम उठाने से रोक लगाई गई है। अब और क्या कड़ा कदम उठाया जाएगा? वह तो जेल में हैं। उनसे पूछताछ तो हो ही सकती है। वह भी बंद है, क्यों? 2014 की प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा में बैठने वाले छात्रों की उत्तर पुस्तिकाओं से बड़े पैमाने पर छेड़छाड़ किए गए। दावा है कि 33 हजार से अधिक परीक्षार्थियों की ओएमआर शीट से छेड़खानी हुई। कोर्ट ने इस मामले में माणिक से जवाब मांगा था लेकिन उन्होंने संतोषजनक उत्तर नहीं दिया जिसके बाद उनके खिलाफ जांच तेज करने का आदेश हाईकोर्ट ने दिया था। हालांकि वह सुप्रीम कोर्ट चले गए थे जहां से कहा गया था कि उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं होगी।

### हापुड़ लाठीचार्ज मामले पर हुई सुनवाई

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठी चार्ज के मामले में जांच कर रही विशेष जांच कमेटी (एसआईटी) की रिपोर्ट पर सवाल खड़े किए हैं। कोर्ट ने कहा कि प्रारंभिक तौर पर एसआईटी की ओर से दाखिल जांच रिपोर्ट स्वीकार्य नहीं है। कोर्ट ने कहा कि जब अधिवक्ताओं ने निजी संपत्ति, व्यक्ति को क्षति नहीं पहुंचाई और उनके पास कोई अवैध वस्तु नहीं थी तो किसके आदेश पर लाठीचार्ज हुआ। कोर्ट को इन बातों का जवाब न मिलने पर उसने सुनवाई के लिए अगली तिथि 12 अक्टूबर निर्धारित करने का आदेश दिया और उस तिथि पर पूरी रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। कोर्ट ने कहा कि एसआईटी ने जांच में कई पहलुओं को छोड़ दिया है।

# भादो में सावन जैसी झमाझम

## भारी बरसात से राजस्थान के कई जिलों में बिगड़े हालात, जालोर-सांचौर में स्कूलों की छुट्टी

**अलर्ट जारी**

**8 मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में प्रदेश के सात जिलों में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया**



**टीम एक्श इंडिया/जयपुर**
**भादो** में मानसूनी मेघ सावन जैसे मेहरबान हो रहे हैं। प्रदेश के हाड़ौती अंचल में मूसलाधार बारिश का दौर चल रहा है तो अन्य इलाकों में भी मेघगर्जन के साथ बारिश का दौर सक्रिय है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में प्रदेश के सात जिलों में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जबकि दस से ज्यादा जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। बीते 24 घंटे में बांसवाड़ा, डूंगरपुर, जालोर, सिरोही, प्रतापगढ़ और उदयपुर जिलों में कहीं-कहीं तेज बारिश हुई। बांसवाड़ा के दानपुर, बागीदौरा, सज्जनगढ़, शेरगढ़ में दो दिन के भीतर 400 मिलीमीटर तक पानी बरसा। इन इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हो गए है। भारी बारिश के कारण बांसवाड़ा में माही नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण इस पर बने माही बजाज सागर बांध के सभी 16 गेट खोलकर यहां से 4.91 लाख क्यूसेक पानी छोड़ना पड़ा। प्रदेश के दक्षिण पूर्व और पश्चिम के कुछ भागों में अब भी साइल्कोनिक सकुर्लेशन सिस्टम के असर से कई जिलों में निम्न वायुदाब क्षेत्र सक्रिय है। ऐसे में अगले 24 घंटे में डूंगरपुर, राजसमंद, सिरोही, बाड़मेर, जालोर, पाली और उदयपुर जिले में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं दस से ज्यादा जिलों में मेघगर्जन के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। 19 सितंबर के बाद सकुर्लेशन सिस्टम कमजोर पर पड़ने पर बारिश का दौर थमने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी से आए मौसमी तंत्र के असर से दक्षिणी राजस्थान और इससे लगते मध्य प्रदेश के जिलों में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है। भारी बारिश के कारण रतलाम रेल सेक्शन पर कई जगह पानी भर गया। यहां से होकर गुजरने वाली ट्रेनों को रद्द करना पड़ा है। राजस्थान से मुंबई जाने वाली सात ट्रेनों के रूट बदले गए हैं या फिर उन्हें आंशिक रूप से रद्द किया है। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि बारिश का ये दौर राजस्थान में आज और जारी रहेगा। 19 सितंबर से इसमें कमी आएगी और मौसम साफ होने लगेगा। मध्य प्रदेश के नीमच, रतलाम क्षेत्र में भारी बारिश के कारण ट्रेनों का संचालन बंद हो गया। राजस्थान के अलग-अलग शहरों से मुंबई के लिए इसी रास्ते से होकर गुजरने वाली करीब सात ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ है। रेलवे को गाड़ी संख्या 22902 उदयपुर-बांद्रा टर्मिनस, गाड़ी संख्या 04711, बीकानेर-बांद्रा टर्मिनस, गाड़ी संख्या 12956 जयपुर-मुंबई सेंट्रल, गाड़ी संख्या 22901 बांद्रा-उदयपुर, गाड़ी संख्या 82654 जयपुर-यशवंतपुर और गाड़ी संख्या 12996 अजमेर-बांद्रा को रूट बदलकर चलाना पड़ा। इसके अलावा गाड़ी संख्या 04712, बांद्रा टर्मिनस-बीकानेर स्पेशल ट्रेन को रद्द कर दिया। मौसम विभाग ने सोमवार को पश्चिमी राजस्थान के सिरोही-जालोर जिले में भारी बारिश का अलर्ट दिया है। तेज बारिश के अलर्ट को देखते हुए जालोर और सांचौर कलेक्टर ने आज यहां स्कूलों में छुट्टी कर दी। मौसम विभाग ने इन दोनों जिलों के लिए आज ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

### एमपी: भारी बारिश से गलने लगी फसलें

**टीम एक्शन इंडिया/उज्जैन**
**उज्जैन** जिले में भारी बारिश के चलते बीते सालों के कई रिकॉर्ड तोड़ दिया तो वहीं इस बारिश से पीला सोना कहने जाने वाली सोयाबीन की फसलों को नुकसान पहुंचा है, हालांकि रविवार शाम से बारिश रुक गई, लेकिन जिले के कई हिस्सों में भारी बारिश के कारण खेतों में पानी भर गया है। इससे सोयाबीन और उड़द की दोनों तरह की फसलों को नुकसान हुआ है। किसानों का कहना है कि अगर बारिश नहीं थमी और खेतों में जल जमाव रहा तो सारी फसलें खराब हो जाएगी। दरअसल, इस बार जुलाई में तर कर देने वाली बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए थे और फसलें लहराने लगी थी। इसके बाद अगस्त बहुत कम बारिश हुई इससे अधिकांश सोयाबीन की फसलें पीली पड़ गई थी और दाने कमजोर हो गए थे। जो बची थी वह भी ट्यूबवेल या अन्य जल स्रोतों के कारण जीवित थी। इस बीच सितम्बर के पहले हफ्ते के आखिरी में बारिश शुरू हुई तो किसानों की चिंता दूर हुई कि जो फसलें बची हैं उनको जीवन मिला। इस बारिश से दाने फूलने लगे थे।

**इस बार दोनों ही स्थितियां चिंताजनक:** अब लगातार हो रही बारिश से खेतों में लबालब पानी भर गया है। इनमें भी वे फसलें जो नदी, जलाशय के पास हैं उनको तो ज्यादा नुकसान हुआ है। अगर बारिश नहीं थमी तो और भी ज्यादा नुकसान होगा। किसानों के अनुसार यह पहला मौका है जब सितम्बर में भारी बारिश से फसलें खराब होने की स्थिति में है। इसके पहले अगस्त में हुई कम बारिश के चलते किसानों को पहली वैरायटी की सोयाबीन का नुकसान भुगताना पड़ा था। अब दूसरी वैरायटी (100 से 120 दिनों वाली) फसलों को लेकर अच्छी उम्मीद थी लेकिन भारी बारिश ने चिंता में डाल दिया है।



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को जनपद गोरखपुर में प्लास्टिक पाइप निर्माण इकाई का उद्घाटन करते तथा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये।

### जयपुर में स्थापित होगी स्टेट फेकल्टी डवलपमेंट एकेडमी

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
राज्य सरकार उच्च शिक्षा में सुधार के लिए अहम फैसले ले रही है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इसी क्रम में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षणिक सुधार एवं उन्मुखीकरण के लिए जयपुर में राजस्थान स्टेट फेकल्टी डवलपमेंट एकेडमी स्थापित किये जाने की मंजूरी दी है। राजस्थान स्टेट फेकल्टी डवलपमेंट एकेडमी के माध्यम से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सुधार एवं शिक्षकों के उन्मुखीकरण तथा गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षणों के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित प्रशिक्षण संस्थाओं से एमओयू किया जाएगा। प्रशिक्षणों का आयोजन एचसीएम-रीपा, आईजीपीआरएस, एचआरडीसी, राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महात्मा गांधी विद्यापीठ-कनक भवन आदि संस्थानों में किया जाएगा। अकादमी का भवन निर्मित होने तक इसका संचालन कनक भवन स्थित महात्मा गांधी विद्यापीठ-गांधी अध्ययन केन्द्र में किया जाएगा।

## उप्र: महिला संबंधी 2.58 लाख शिकायतों का हुआ निस्तारण

**सख्ती**

**8 साइबर उत्पीड़न से सम्बन्धित माह अगस्त तक कुल 38195 शिकायते दर्ज हुई है**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**महिला** एवं बाल सुरक्षा संगठन ने उत्तर प्रदेश में इस वर्ष एक जनवरी से 31 अगस्त तक महिला उत्पीड़न से सम्बन्धित 2,58,079 शिकायतों का निस्तारण कराया है। प्रदेश के प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन (1090) पर एक जनवरी से 31 अगस्त तक कुल 2,71,793 शिकायतें मिली। इनमें से 89,844 शिकायतें फोन बुलिंग एवं साइबर बुलिंग से संबंधित थीं, जिनमें से 2,58,079 शिकायतों का निस्तारण कराया जा चुका है। अवशेष शिकायतों का भी निस्तारण प्राथमिकता से कराने के कड़े निर्देश दिये हैं। 1,81,949 शिकायतें अन्य प्रकरणों से संबंधित होने के कारण इन्हें जनपदीय पुलिस, जीआरपी तथा यूपी 112 को अंतरित कराया गया है। महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन के अपर पुलिस महानिदेशक बीपी जोगदण्ड ने बताया कि साइबर उत्पीड़न से सम्बन्धित माह अगस्त तक कुल 38195 शिकायते दर्ज हुई है, जिसमे से 33056 शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि एक जनवरी 2022 से 31 दिसम्बर 2022 तक कुल 6307 शिकायतों में एफएफआर काउन्सलिंग कर पीड़िताओं को राहत पहुंचायी गई है। इसके अलावा इस वर्ष एक जनवरी से अगस्त माह तक 3292 शिकायतों में एफएफआर काउन्सलिंग की गयी। साथ ही साइबर उत्पीड़न से सम्बन्धित 33056 शिकायतों का निस्तारण भी किया जा चुका है।

## पीएम मोदी संपूर्णानंद संस्कृत विवि में देखेंगे दुर्लभ पांडुलिपियां

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी, प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी 23 सितंबर को एक दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आएंगे । प्रस्तावित दौरे में प्रधानमंत्री गंजारी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास करने के बाद जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसके बाद सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में अटल आवासीय विद्यालय का लोकार्पण करेंगे। साथ ही 16 अटल आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं से संवाद भी करेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री मोदी संपूणार्नंद संस्कृत विश्वविद्यालय में भी जा सकते है।

प्रधानमंत्री विश्वविद्यालय के सरस्वती भवन पुस्तकालय में रखी दुर्लभ पांडुलिपियों के अद्भुत भंडार का अवलोकन करेंगे। विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री के सम्भावित आगमन को देख सोमवार अपरान्ह में जिला प्रशासन के अफसर विश्वविद्यालय परिसर में पहुंचे। पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन के नेतृत्व में अफसरों ने संपूर्ण परिसर के सुरक्षा व्यवस्था को देखा और इसे चुस्त-दुरुस्त बनाये रखने के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा, कुलसचिव राकेश कुमार, चीफ प्रॉक्टर प्रो. दिनेश कुमार गर्ग से विमर्श कर दिशा-निर्देश दिया।

इस दौरान विवि के सम्पत्ति प्रभारी डॉ. पद्माकर मिश्र, प्रो. जितेन्द्र कुमार, अभियंता रामविजय सिंह सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।






## लोक गीत वनस्पतियों से जुड़ाव को करते हैं प्रदर्शित: मालिनी

**सराहा**

**8 पादप गतिविधियों को सराहते हुए कहा कि संस्कृति में पौधों एवं अन्य जीवों से जुड़ाव आरम्भ से रहा है**



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
सी.एस.आई.आर. एन.बी.आर.आई. (राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान) लखनऊ में हिंदी पखवाड़ा समारोह का उद्घाटन किया गया । इस अवसर पर सुप्रसिद्ध लोक गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं । मालिनी अवस्थी ने संस्थान द्वारा पादप अनुसन्धान क्षेत्र में की जा रही गतिविधियों को सराहते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में पौधों एवं अन्य जीवों से जुड़ाव आरम्भ से रहा है। भारत की ग्रामीण एवं लोक संस्कृति में अनेक परम्पराओं, अनुष्ठानों एवं गतिविधियों को पौधों से जोड़ा गया है। अनेक लोक गीत जो विभिन्न अवसरों पर गाये जाते हैं व इस भावना को प्रदर्शित करते हैं जो विभिन्न अवसरों पर गाये जाते हैं एवं भारत के लोगों का वनस्पतियों से जुड़ाव प्रदर्शित करते हैं। उन्होंने वर्तमान पीढी में अपनी लोक संस्कृति और वनस्पतियों के प्रति जानकारी कम होते जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि एक समय था कि घर की महिलाएं घरेलू चीजों से ही अनेक बीमारियों का इलाज कर लेती थीं।

### कारोबारी महिला से एक करोड़ की फिरौती मांगी

**जोधपुर:** शहर में एक बिल्डर को किसी शख्स ने लारेंस का गुर्गा बनकर 50 लाख की फिरौती मांगी है। फिरौती रकम नहीं दिए जाने पर जानमाल के साथ काम बंद कराने के लिए धमकाया है। जिस दिन बिल्डर को धमकाया गया उसी दिन सात मिनट के अंतराल में ही ज्वैलरी कारोबारी महिला को भी 50 लाख की फिरौती रकम के लिए धमकाया गया। दोनों में वाटसअप कॉलिंग के साथ मैसेज भेजे गए। एक प्रकरण शास्त्रीनगर का रविवार को सामने आया तो दूसरा आज सोमवार को सामने आया है। इस बारे में रातानाडा पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

**तैयारी** यात्रा को लेकर कांग्रेस वर्किंग कमेटी की हैदराबाद बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने शीर्ष नेताओं के समक्ष प्रजेंटेशन भी दिया

## ईआरसीपी मुद्दे पर जन आशीर्वाद यात्रा निकालेगी कांग्रेस

**चुनावी रण**

**8 केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी को घेरने के लिए अब मुख्यमंत्री गहलोत खुद चुनावी रण में उतर रहे**



**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**
ईस्टर्न कैनाल परियोजना के मुद्दे पर केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी को घेरने के लिए अब मुख्यमंत्री अशोक गहलोत खुद चुनावी रण में उतर रहे हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में सत्तारूढ़ कांग्रेस 25 से 29 सितंबर तक पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों में यात्रा निकालेगी। इसे जन आशीर्वाद यात्रा नाम दिया गया है। यह यात्रा 86 विधानसभा क्षेत्रों को कवर करेगी। यात्रा को लेकर रविवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी की हैदराबाद बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने शीर्ष नेताओं के समक्ष प्रजेंटेशन भी दिया है। डोटासरा ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में इसका खुलासा किया। डोटासरा सवेरे मानसरोवर में कांग्रेस भवन के शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारी के लिए स्थान का अवलोकन करने आए थे। उन्होंने बताया कि 13 जिलों के लोग अलग-अलग यात्रा निकाल कर रूट पर चलने वाली मुख्य यात्रा में शामिल होंगे। जगह-जगह सभाएं होंगीं। नुक्कड़ सभाएं भी होंगी। अंत में यात्रा के समापन पर केन्द्रीय लीडरशिप बड़ी जनसभा में शामिल होंगी। डोटासरा ने 25 सितंबर को पीएम मोदी की राजस्थान यात्रा पर तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने तो आज तक कुछ दिया नहीं। हमारी सभाओं में भीड़ उमड़ रही है और उनकी फूट उजागर हो रही है। पीएम मोदी ने तो चुनाव के समय अजमेर और जयपुर में ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने का वादा किया था, लेकिन इस वादे से वे मुकर गए। देर आयद-दुरुस्त आयद की तर्ज पर अब भी वे इसे लेकर कोई घोषणा करें तो उनके आने का मतलब है।